kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ़ सच

❑ वर्ष- 14 ❑ अंक- 334 ❑ गुरुवार, 08 जनवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ- 12



भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) 'समुद्र प्रताप' की कमीशनिंग हमारे आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को मजबूती देने, हमारी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्थायित्व के प्रति हमारी वचनबद्धता को प्रतिबिंबित करने आदि सहित अनेक कारणों से उल्लेखनीय है। **नरेंद्र मोदी**

सोमनाथ से सबसे अधिक नफरत पंडित नेहरू को थी 11
वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में उमंग वाटिका की शुरुआत 12

## संक्षेप

### स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता से दिव्यांग पुनर्वासन को मिलेगा नया विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों में समान भागीदारी प्राप्त कर सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। इसी क्रम में ल्दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना लागू की गई है, जिसके तहत पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान प्रदान किया जाएगा। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों के पुनर्वासन से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान करने की योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दे रही है।

### रक्षामंत्री लखनऊ में करेंगे ईवी फैक्ट्री का लोकार्पण

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार (9 जनवरी) को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री शुक्रवार सुबह 11:10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सरोजिनी नगर स्थित अशोक लीलैंड ईवी मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री जाएंगे और उसके लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1:45 बजे एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रखाना हो जाएंगे।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ेगा एआई का उपयोग: ब्रजेश

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को और बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने को सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने ये बातें बुधवार को विधान भवन स्थित कार्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने 'विकसित भारत' विषय पर निर्धारित किए गए 19 पैरामीटर को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड के जरिए प्रदेशवासियों को मिलने वाले इलाज में कोई बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में अपर मुख्य सचिव अमित घोष, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य रितु माहेश्वरी, एनएचएम की मिशन निदेशक पिंकी जोएल, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा सारिका मोहन, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डा. रतन पाल सिंह सुमन, स्टेट मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन के एमडी उज्ज्वल कुमार, साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा, विशेष सचिव कृतिका शर्मा व आर्यका अखौरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार ने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर परीक्षा निरस्त की

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित कराई गई असिस्टेंट प्रोफ़ेसर परीक्षा-2025 को निरस्त कर दिया है। परीक्षा निरस्त करने का यह फैसला एसटीएफ द्वारा जांच में उजागर हुई धांधली का खुलासा करने के बाद किया गया है। इस परीक्षा के जरिये 910 पदों पर असिस्टेंट प्रोफसर की भर्ती की जानी थी। इसके लिए शिक्षा सेवा चयन आयोग ने 16 व 17 अप्रैल 2025 को परीक्षा आयोजित की थी। एसटीएफ की जांच में मिली थी धांधली प्रदेश सरकार ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों, चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप नकल माफियाओं के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करते हुए एसटीएफ को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित काराई गई विज्ञापन संख्या 51 के तहत सहायक आचार्य पद के लिए आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं, धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं थीं। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए गए थे। एसटीएफ ने प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए 20 अप्रैल को एसटीएफ ने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तों महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल को परीक्षा में धांधली एवं अवैध धन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया था।



- ❑ मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए दिया यह आदेश
- ❑ 910 पदों के लिए 16 व 17 अप्रैल 2025 को हुई थी परीक्षा
- ❑ करीब 82000 से अधिक छात्रों ने किया था आवेदन
- ❑ मुख्यमंत्री प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों, चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध
- उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग जल्द निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित कराए परीक्षा

### आयोग की अध्यक्ष से त्यागपत्र लिया जा चुका है

इस संबंध में यूपी एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड, जनपद लखनऊ पर मु.अ.सं. 144/25, धारा 112, 308(5), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.), 2023, अभियोग पंजीकृत कराया गया। जांच की निष्पक्षता एवं गोपनीयता सुनिश्चित रखने के उद्देश्य से तत्कालीन आयोग की अध्यक्ष से त्यागपत्र लिया गया था चूंकि अभियुक्त महबूब अली निवर्तमान आयोग की अध्यक्ष का गोपनीय सहायक था। पूछताछ के दौरान अभियुक्त महबूब अली ने स्वीकार किया कि उसके द्वारा मॉडरेशन प्रक्रिया के दौरान ही विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्र निकाल लिए गए थे, जिन्हें उसने कई अभ्यर्थियों को विभिन्न माध्यमों से धन लेकर उपलब्ध कराया। अभियुक्त महबूब अली की स्वीकारोक्ति की एसटीएफ द्वारा गहन विवेचना एवं डेटा एनालिसिस से पुष्टि हुई है।

आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष से लिया गया था इस्तीफा इस संबंध में एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड लखनऊ में धारा-112, 308 (5), 318 (4) भारतीय न्याय संहिता ● शेष पेज 11 पर

### सरकार ने चालू वित्त वर्ष के जीडीपी अनुमानों में किया इजाफा

# 7.4 प्रतिशत रह सकती है वृद्धि दर

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी के अनुमानों को बढ़ा दिया है। अग्रिम अनुमानों के अनुसार 2025-26 में जीडीपी में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। यह 2024-25 के 6.5 प्रतिशत से अधिक है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी आंकड़े देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी का स्पष्ट संकेत देते हैं।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, इस वृद्धि को मुख्य रूप से विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से बल मिलेगा। आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल



करने का अनुमान जताया गया है। मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में साफ किया है कि सेवा क्षेत्र में जोरदार तेजी वित्त वर्ष 2025-26 में 7.3 प्रतिशत की अनुमानित वास्तविक जीवीए (ग्रॉस वॅल्यू एडेड) वृद्धि दर का एक प्रमुख चालक रही है। जहां एक तरफ उद्योग और सेवा क्षेत्र में तेजी का रुख है, वहीं दूसरी तरफ कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ 'बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं' में 31 मार्च को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के दौरान मध्यम वृद्धि रहने का अनुमान है। इसके अलावा, व्यापक आर्थिक तस्वीर को देखें तो मंत्रालय ने बताया है कि मौजूदा कीमतों पर जीडीपी के 2025-26 के दौरान 8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। ये आंकड़े नीतिगत दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन अग्रिम अनुमानों का उपयोग आगामी केंद्रीय बजट की तैयारी में किया जाता है, जिसे संभवतः 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। कुल मिलाकर, 7.4 प्रतिशत का अनुमानित विकास दर का आंकड़ा भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियादी स्थिति को दिखाता है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र विकास की धुरी बनकर उभरे हैं, जो बजट से पहले सरकार और बाजार के लिए उत्साहजनक खबर है।

### सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ में माओवादी संगठन ताश की पत्तों की तरह बिखरने लगा है बुधवार को फिर सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें सात महिला नक्सली शामिल हैं। इन नक्सलियों पर 64 लाख रुपयों का ईनाम घोषित था। छत्तीसगढ़ के साथ ही आसपास के अन्य राज्यों में भी सक्रिय नक्सलियों ने तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट के जरिए, गोलीबारी करके और घात लगाकर हमलों को अंजाम देकर सुरक्षा बलों के 56 जवानों की जानें ली हैं। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक अर्ध सैनिक बल के बहुत से बटालियन ● शेष पेज 11 पर

# अवैध खनन रोकने को पड़ोसी राज्यों संग मिलकर अभियान चलाएगा यूपी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❑ खनन विभाग ने एमपी, उत्तराखंड और बिहार से मांगा सहयोग

लखनऊ। अंतरराज्यीय अवैध रेत खनन और बिक्री रोकने के लिए प्रदेश सरकार पड़ोसी राज्यों संग मिलकर अभियान चलाएगी। यूपी के खनन विभाग ने मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार से सक्रिय सहयोग की मांग की है। इन सभी राज्यों के खनन विभाग और प्रशासन से मिलकर संयुक्त प्रवर्तन और निगरानी तंत्र तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा बेसिन में रेत के अवैध खनन और बिक्री की रोकथाम के निर्देश दिए थे। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण बताया था। बीते दिनों यूपी के खनन विभाग ने मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक में अंतरराज्यीय अवैध खनन और रोकथाम के लिए अपनाई जा रही प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी थी।

अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश में आने वाले लोडिंग वाहनों के लिए वैध ट्रांजिट पास के साथ अंतरराज्यीय परिवहन प्रपत्र (आईएसटीपी) को अनिवार्य बनाया जा रहा है। सीमावर्ती जिलों में ट्रांजिट पास जारी करते समय ही देय अंतरराज्यीय परिवहन शुल्क जमा कराया जाएगा। इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म से प्रभावी निगरानी रखी जाएगी। सीमावर्ती राज्यों के साथ मिलकर इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म से निगरानी तंत्र भी बनाया जा रहा है। पड़ोसी राज्यों से सीमावर्ती जिलों में सभी लोडिंग पॉइंट्स जैसे खनन पट्टे, खनिज भंडारण स्थल और क्रशरों पर वाहन लोडिंग नियमों का कड़ाई से पालन करने और ओवरलोडिंग संबंधी जानकारी साझा की जाएगी। चेकगेटों और चेक पोस्टों की सूची उपलब्ध कराते हुए यूपी यूपी की तरफ आने वाले वाहनों का विवरण नियमित साझा किया जाएगा। यह काम रियल टाइम पर होगा। सीमावर्ती जिलों के डीएम, पुलिस, परिवहन और खनन विभाग के अधिकारियों की मासिक समन्वय बैठकें भी होंगी।

### पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर अस्पताल में भर्ती

देवरिया (उप्र)। देवरिया जेल में बंद, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर की मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि ठाकुर की तबीयत मंगलवार रात करीब 11 बजे खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें देवरिया के महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। शुरुआती जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जेल अधिकारियों के मुताबिक, ठाकुर ने जेल परिसर के अंदर हृदय संबंधी परेशानी की शिकायत की थी। जिला मेडिकल कॉलेज ले जाने से पहले जेल डॉक्टर ने उनकी जांच की थी। ठाकुर को 10 दिसंबर, 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने 1999 में देवरिया पुलिस अधीक्षक के तौर पर अपने पद का दुरुपयोग करके जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया तथा अपनी पत्नी के नाम पर धोखाधड़ी से एक औद्योगिक भूखंड ● शेष पेज 11 पर

# भारतीय छात्रों पर डिपोर्टेशन की तलवार

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका में पढ़ रहे और पढ़ाई की तैयारी कर रहे भारतीय छात्रों के लिए अमेरिकी दूतावास ने सख़्त चेतावनी जारी की है। दूतावास ने साफ शब्दों में कहा है कि अमेरिका में किसी भी तरह के कानून या वीजा नियमों के उल्लंघन पर छात्रों को डिपोर्ट (निर्वासित) किया जा सकता है और भविष्य में अमेरिकी वीजा मिलने पर भी रोक लग सकती है।

अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि अमेरिकी वीजा कोई अधिकार नहीं, बल्कि एक विशेष सुविधा है। अगर कोई छात्र गिरफ्तार होता है या नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसका वीजा तुरंत रद्द किया जा सकता है। दूतावास ने छात्रों से कानूनों का पालन करने और अपनी पढ़ाई व भविष्य को खतरे में न डालने की अपील की है।

यह चेतावनी ऐसे समय सामने आई है, जब ट्रंप प्रशासन ने छात्र वीजा व्यवस्था को और सख़्त करने की दिशा में कई बड़े बदलाव किए हैं। इनमें वीजा शुल्क में भारी बढ़ोतरी, सोशल मीडिया अकाउंट्स की

- ❑ अमेरिकी दूतावास का संदेश: वीजा अधिकार नहीं, सुविधा है, नियम तोड़े तो भारतीय छात्र होंगे डिपोर्ट




अनिवार्य जांच और अमेरिका में छात्रों के ठहराव की अवधि सीमित करने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। इन फैसलों का सीधा असर भारत से अमेरिका जाने वाले हज़ारों छात्रों पर पड़ने वाला है। ट्रंप सरकार के बहुचर्चित 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' के तहत विदेशी छात्रों पर नया आर्थिक बोझ भी डाला गया है। इस बिल के अंतर्गत 250 डॉलर का 'वीजा अखंडता शुल्क' और फॉर्म ऋ94 के लिए 24 डॉलर का अतिरिक्त शुल्क अनिवार्य कर दिया गया है। ऋ94 दस्तावेज विदेशी नागरिकों की अमेरिका में आवाजाही और प्रवास से जुड़ा अहम रिकॉर्ड होता है।

इसके अलावा ट्रंप ने क्ष्-13 वीजा के लिए सालाना एक लाख डॉलर आवेदन शुल्क लगाने के आदेश पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इस फैसले का सबसे बड़ा असर भारतीय नागरिकों पर पड़ेगा, क्योंकि एच-1बी वीजा धारकों में भारतीयों की संख्या सबसे अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी प्रशासन का यह रुख़ न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की कोशिश है, बल्कि आप्रवासन नीति को और कठोर बनाने की रणनीति का भी हिस्सा है। ऐसे में अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को अब पहले से कहीं ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के रिक्त पदों पर शीघ्र करें भर्ती: अपर्णा यू.

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रमुख सचिव राजस्व अपर्णा यू. ने निर्देश दिए हैं कि राहत आयुक्त कार्यालय एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के रिक्त पदों की समीक्षा करते हुए दोनों कार्यालयों के रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। उन्होंने प्रतिनियुक्ति के रिक्त पदों के संबंध में भी संबंधित विभागों सिंचाई, अग्निशमन विभाग, चिकित्सा विभाग, पीएसी, पुलिस, नगर विकास विभाग के विभागाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर पदों को भरने के निर्देश दिए। उन्होंने बुधवार को राहत आयुक्त संगठन एवं एकीकृत आपदा नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण किया। राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर याशोद ने बताया कि प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। प्रमुख सचिव ने एकीकृत आपदा नियंत्रण केंद्र का विस्तृत निरीक्षण करते हुए केंद्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एकीकृत आपदा नियंत्रण केंद्र में उपयोग किए जा रहे सॉफ्टवेयर, पोर्टल, निगरानी प्रणाली एवं अर्ली वार्निंग सिस्टम की कार्य प्रणाली को परखा तथा कार्य ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फ़ेरबदल, 20 आईपीएस अधिकारियों के हुए तबादले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फ़ेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 20 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं।

शासन द्वारा बुधवार को जारी आदेश के अनुसार प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक को हटाया गया है, जबकि लखनऊ पुलिस आयुक्तालय के भी अधिकारियों के तबादले किये गये हैं। सूत्रों के अनुसार लखनऊ आयुक्तालय के संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा को उनके पद से हटाकर नयी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी किरण एस को लखनऊ रेंज का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। पीटीएस जालौन में लंबे समय से तैनात श्री ज्योति नारायण को प्रयागराज जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही श्री विजय ढुल को प्रयागराज पुलिस आयुक्तालय में अपर पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश के तहत रामकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक्स, राजकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार तथा डॉ. संजीव गुप्ता को अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ बनाया गया है। प्रशांत कुमार को एडीजी प्रशासन और तरुण गाबा को एडीजी सुरक्षा, उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा श्री आशुतोष कुमार को एडीजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, अपर्णा कुमार को संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ तथा राजेश मोदक को आईजी स्थापना, लखनऊ नियुक्त किया गया है। आर.के. भारद्वाज को आईजी रेलवे, लखनऊ और आनंद कुलकर्णी को आईजी एंटी करप्शन, लखनऊ बनाया गया है। एन. कोलांची को आईजी रेलवे, प्रयागराज नियुक्त किया गया है। वहीं, राजीव मल्होत्रा को आईजी यूपी एसएफआईएस, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। तबादला आदेश के तहत श्री रोहन पी. कनय को डीआईजी विशेष जांच, लखनऊ, मोहम्मद इमरान को डीआईजी भवन एवं कल्याण, लखनऊ, संतोष कुमार मिश्र को डीआईजी ● शेष पेज 11 पर

- ❑ एडीजी और आईजी स्तर के दो अफसरों का एक कार्यभार हटाया गया



- ❑ अपर्णा कुमार लखनऊ की नई संयुक्त पुलिस कमिश्नर, किरण एस. लखनऊ रेंज के आईजी
- ❑ ज्योति नारायण प्रयागराज के नए एडीजी जोन, नौ प्रोन्नत आईपीएस अफसरों को मिली नई जिम्मेदारी

### उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर की सुनवाई, कहा अदालत सभी पक्षों को सुनेगी

# स्कूल और कोर्ट कैंपस में कुत्तों की क्या जरूरत

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को आवारा कुत्तों के प्रबंधन एवं जन सुरक्षा से संबंधित मामलों की सुनवाई शुरू करते हुए कहा कि कुत्ते के हमलों के पीड़ितों, पशु प्रेमियों सहित सभी पक्षों की बात सुनी जायेगी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने कहा ''हम आज सबकी बात सुनेंगे। हम पीड़ितों की बात सुनेंगे, फिर नफरत करने वालों और चाहने वालों, दोनों की बात सुनेंगे। यह मामला पहले भी सूचीबद्ध था लेकिन इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। पिछली बार जब वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने जमीनी स्तर पर कुत्तों के साथ अत्यंत अमानवीय व्यवहार का हवाला देते हुए जल्द सुनवाई की मांग की थी तब न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की थी कि अदालत अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाएगी और पूछेगी कि मानवता क्या है? पीठ ने याद दिलाया कि पिछले साल सात



नवंबर को उच्चतम न्यायालय ने स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश दिया था। अदालत ने आदेश दिया था कि ऐसे कुत्तों को उचित नसबंदी एवं टीकाकरण के बाद निर्दिष्ट आश्रयों में भेजा जाए और विशेष रूप से निर्देश दिया था कि ऐसे स्थानों से पकड़े गए कुत्तों को उसी स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस बहस का अक्सर ध्रुवीकरण हो जाता है और उन्होंने कहा कि कुछ लोग कुत्तों के लिए पेश होते हैं और कुछ लोग इंसानों के लिए पेश होते हैं। एमिकस क्यूरी वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव ● शेष पेज 11 पर

### सोशल मीडिया पर टिप्पणी: न्यायालय ने गायिका नेहा सिंह राठौर को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को पहलगाम आतंकी हमले पर सोशल मीडिया पोस्ट के सिलसिले में उनके खिलाफ दायर एक मामले में बुधवार को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की।

ये टिप्पणियां कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को निशाना बनाकर की गई थीं। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार तथा मामले की शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और कहा कि उनके (गायिका के) खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। न्यायालय ने राठौर को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पिछले साल पांच दिसंबर को लोक गायिका द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। उसने पाया कि प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध वाली उनकी याचिका को खारिज करने वाली पिछली पीठ द्वारा जारी निर्देशों के बावजूद राठौर ने जांच में सहयोग नहीं किया था। राठौर के खिलाफ प्राथमिकी 27 अप्रैल को लखनऊ के हजरतगंज पुलिस थाने में दर्ज की गई थी और जांच जारी है। प्राथमिकी में राठौर पर एक विशेष धार्मिक समुदाय को निशाना बनाने और देश की एकता को खतरे में डालने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने अप्रैल के आखिरी सप्ताह में अभय प्रताप सिंह द्वारा हजरतगंज पुलिस थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी को चुनौती दी। सिंह ने राठौर पर धार्मिक आधार पर एक समुदाय को दूसरे समुदाय के खिलाफ भड़काने का बार-बार प्रयास करने का आरोप लगाया। राठौर ने उन पर लगे आरोपों को गलत बताया था।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने त्रिदिवसीय रामायण मेला का किया उद्घाटन

**उपमुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसकी सराहना की**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कटरा रामलीला कमेटी परिसर में अखिल भारतीय रामायण मेला समिति, प्रयागराज के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय रामायण मेला का भगवान श्रीराम एवं माता सीता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने रामायण मेला की वार्षिक पत्रिकाओं का विमोचन भी किया। उपमुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसकी सराहना की। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से उपमुख्यमंत्री सहित उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया गया। रामायण मेला समिति के हरिचैतन्य जी को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कटरा रामलीला मंदिर को और अधिक भव्य व दिव्य बनाने की आवश्यकता है, जिसके सौंदर्यीकरण हेतु हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने प्रयागराज को तीर्थों का राजा बताते हुए कहा कि यहां कुम्भ, अर्धकुम्भ एवं माघ मेला जैसे आयोजन इसकी आध्यात्मिक महिमा को दर्शाते हैं। रामचरितमानस से प्रेरणा लेकर जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संदेश भी दिया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रयागराज सहित प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है और महाकुम्भ-2025 का सफल आयोजन विश्व के लिए एक मिसाल बना।इस अवसर पर विधायक चायल पूजा पाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, अवधेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर यात्रियों के छूटे सामानों को उनके स्वामियों के किया गया सिपुर्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश में एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस रामकृष्णन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा, रेल सम्पति की सुरक्षा,अवैध सामानों की धर-पकड़ यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओं अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में दिनांक 29.11.2025को मंडल कंट्रोल की सूचना पर गाड़ी संख्या 14005 के कोच संख्या 2 के बर्थ संख्या 11पर एक ओपो कम्पनी का मोबाइल व चार्जर छूट जाने की सूचना पर उक्त गाड़ी के स्कोर्ट पार्टी द्वारा उक्त मोबाइल व चार्जर को यात्री की बर्थ के पास से बरामद किया गया और रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बनारस पर जमा कराया गया और सूचना सुरक्षा कंट्रोल को दिया गया । इसके बाद दिनांक 06.01.2026 को यात्री अभिशेष कुमार पुत्र श्री जयराम प्रसाद गौड़ ग्राम सिरसिया पोस्ट, थाना खामपार जिला देवरिया उत्तर प्रदेश रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर उपस्थित हुए ट्रेन का टिकट व आधार कार्ड का वेरिफिकेशन करने के बाद उक्त मोबाइल व चार्जर पोस्ट पर तैनात हेड कांस्टेबल तेजप्रताप सिंह के समक्ष सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा सही हालत में सुपुर्द किया गया।

उक्त यात्री द्वारा उक्त मोबाइल व चार्जर की कीमत 20,000 (बीस) हज़ार रुपया बताई गई तथा रेलवे सुरक्षा बल की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। इसी क्रम में दिनांक 0 3. 01.2026 को सुरक्षा कंट्रोल से सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 02563 के ख्र/3 कोच में एक ब्लू कलर का जैकेट एक यात्री का छूट गया है। उक्त सूचना पर गाड़ी उपरोक्त के रेलवे स्टेशन सिवान के प्लेटफार्म सं -3 पर दिनांक 4/ 1/26 को समय 00/34 बजे आगमन पर प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल अनिल कुमार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सिवान द्वारा उक्त कोच को अटेंड कर ब्लू कलर का जैकेट बर्थ नंबर 17 से प्राप्त कर सुरक्षा कन्ट्रोल वाराणसी एवं उक्त यात्री को उक्त मोबाइल नंबर पर सूचित करते हुए पोस्ट पर लाकर जमा किया गया। दिनांक 6/1/26 को यात्री रिंकू कुमार गुप्ता पुत्र नंदलाल प्रसाद निवासी न्यू कॉलोनी छोटा तेलपा गांधी चौक छपरा थाना नगर जिला छपरा बिहार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सिवान पर समय करीब 16/00 बजे अपना ब्लू कलर का जैकेट लेने आधार कार्ड एवं यात्रा से संबंधित ख्रट्टि छपरा कचहरी से मुजफ्फरपुर तथा वापसी के साथ उपस्थित हुए और बताया कि छपरा में उतरते समय दिनांक 03.01.2026 को गाड़ी संख्या 02563 के कोच संख्या ख्र3 के बर्थ नंबर 17 पर इनका जैकेट छूट गया था जिसकी सूचना उनके द्वारा रेलवे मदद हेल्पलाइन नंबर 139 पर दिया गया था। रेलवे सुरक्षा बल एवं कंट्रोल से इन्हें सूचना मिली कि इनका जैकेट उक्त गाड़ी से उतरकर सिवान रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर रखा गया है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनियुक्त न्यायाधीश जय कृष्ण उपाध्याय ने लिया शपथ

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनियुक्त न्यायाधीश जय कृष्ण उपाध्याय को मंगलवार को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह चीफ जस्टिस कोर्ट में प्रातः 10 बजे आयोजित हुई। शपथ के पश्चात न्यायालय का कार्य भी निर्धारित समय से प्रारंभ हुआ। भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने 4 मार्च को अधिसूचना जारी कर इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता जय कृष्ण उपाध्याय को न्यायाधीश नियुक्त किया था। इस संबंध में अधिसूचना मंत्रालय के संयुक्त सचिव द्वारा जारी की गई थी। श्री उपाध्याय वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट में उत्तर प्रदेश सरकार के सहायक शासकीय अधिवक्ता के रूप में कार्यरत रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनके नाम की संस्तुति इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश पद हेतु केंद्र सरकार को भेजी थी, जिसे स्वीकृति प्रदान करते हुए केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति की।

## माघ मेला 2026: इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से हर कोने पर नजर,सीसीटीवी व पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम सक्रिय

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर आयुक्त अजय पाल ने बताया कि प्रयागराज में 3 जनवरी से शुरू हुए माघ मेला 2026 की सुरक्षा और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पूरी तरह सक्रिय है। इस केंद्र से मेले के प्रत्येक क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि कमांड सेंटर में सार्वजनिक घोषणा प्रणाली (पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम) और सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड को एकीकृत किया गया है, जिससे किसी भी स्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया संभव हो सके। घाटों की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुव्यवस्थित मेला अनुभव मिल सके।

## जसरा बाईपास पर तेज रफ्तार कार खेत में घुसी, चार लोग घायल

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। यमुनानगर जोन के बारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जसरा बाईपास पर मंगलवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रेलिंग न होने के कारण खेत में जा घुसी। हादसे में चार लोगों के घायल होने की सूचना है, जबकि एक व्यक्ति सुरक्षित बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक काफी तेज गति से वाहन चला रहा था। सूचना मिलते ही बारा थाना पुलिस एवं सीसीटीवी टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## विधवा महिला से मारपीट व लूट, चार पर नामजद एफआईआर

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के खीरी थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला से मारपीट कर नकदी लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित महिला का मेडिकल परीक्षण कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।घटना खीरी थाना अंतर्गत नीबी गांव की है। पीड़िता निर्मला देवी पत्नी स्वर्गीय जगदीश चौहान सुबह अपने घर में कार्य कर रही थीं। इसी दौरान आरोप है कि गांव के कुछ लोग जबरन उनके घर में घुस आए और झोले में रखी नकदी लेकर भागने लगे। महिला के विरोध और शोर मचाने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।बताया गया है कि पीड़िता का बेटा विदेश में रहता है, जिसका लाभ उठाकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ग्रामीणों के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजा, उसकी पत्नी, दामाद और बेदी सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पीड़िता के अनुसार अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे वह भयभीत है। उसने यमुनापार के पुलिस उपायुक्त से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक करण मोहन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## हेमा मालिनी ने सांसद खेल स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में सांसद खेल स्पर्धा के समापन समारोह में सांसद हेमामालिनी ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। उत्तर प्रदेश शासन, जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग मथुरा के तत्वावधान से जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा में जिलास्तरीय सांसद खेल स्पर्धा एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीबाल, फुटवाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का बुधवार को समापन हुआ। खेलों में जिले की पांच विधानसभाओं के विजेता महिला एवं पुरुष, बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उक्त खेल प्रतियोगिताओं का समापन आज संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सांसद हेमा मालिनी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जर्नादन शर्मा, उपनिदेशक युवा कल्याण विभाग आगरा विवेक चन्द श्रीवास्तव, सांसद खेल स्पर्धा के संयोजक ज्ञानेन्द्र राणा जी, जिला युवा कल्याण अधिकारी पी.एस. गौतम एवं परियोजना अधिकारी नेडा श्री सन्तोष कुमार वर्मा उपस्थित रहे। सांसद खेल स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया हैं। उक्त प्रतियोगिता के स्वागत समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव एवं समस्त जिला खेल कार्यालय मथुरा का स्टाफ, सभी अंशकालिक प्रशिक्षक, माध्यमिक के समस्त खेल अध्यापक, बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त व्यायाम प्रशिक्षक एवं खेल पी.टी.आई. आदि उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान एक बार फिर शुरू

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में धार्मिक नगरी काशी में यातायात को सुगम बनाने के लिए दालमंडी मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए बुधवार को ध्वस्तीकरण का कार्य एक बार फिर शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जिला और पुलिस प्रशासन के साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई थानों की पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों के जवान भी तैनात है। नयी सड़क से दालमंडी जाने वाले मार्ग को बैरिकेडिंग कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता केके सिंह ने बताया कि जिन भवनों की रजिस्ट्री हो चुकी है, उन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुल 181 भवन चिह्नित हैं, जिनमें छह धार्मिक स्थल भी शामिल हैं। आज उन्हीं भवनों पर कार्रवाई हो रही है, जिन्होंने मुआवजा ले लिया है। सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि पूरे इलाके की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। सौ से ज्यादा पुलिसकर्मियों के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) भी तैनात की गई है।

# प्रयागराज में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट व वॉटर स्पोर्ट्स का उद्घाटन, पर्यटन को मिलेगी नई पहचान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि प्रयागराज में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, बनाना बोट, मोटरबोट सहित विभिन्न वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाओं का उद्घाटन किया गया है, ताकि शहर में आने वाले पर्यटक इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि यह योजना स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है। मंडलायुक्त ने बताया कि इन सुविधाओं को पिछले महाकुंभ के दौरान भी लागू किया गया था और अब इसे निरंतर रूप से जारी रखा जाएगा। इस पहल से प्रयागराज के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और शहर की पहचान आधुनिक व धार्मिक पर्यटन के संगम के रूप में और मजबूत होगी।

# प्रयागराज में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 11.56 लाख नाम कटे, 2.87 लाख को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अंतिम मतदाता सूची में कुल 35 लाख 36 हजार 456 मतदाता शामिल किए गए हैं, जिनमें 19 लाख 60 हजार 593 पुरुष, 15 लाख 75 हजार 536 महिलाएं और 327 ट्रांसजेंडर मतदाता है**

प्रयागराज । जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत मंगलवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। अंतिम सूची से 11 लाख 56 हजार 305 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जबकि 2 लाख 87 हजार 612 मतदाताओं को पहचान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे।

अंतिम मतदाता सूची में कुल 35 लाख 36 हजार 456 मतदाता शामिल किए गए हैं, जिनमें 19 लाख 60 हजार 593 पुरुष, 15 लाख 75 हजार 536 महिलाएं और 327 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हुई थी। इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा क्षेत्र की 12 विधानसभा सीटों में वर्ष 2025 की प्रारंभिक मतदाता सूची में कुल 46 लाख 92 हजार 860 मतदाता दर्ज थे, जिनमें 18ऽ19 आयु वर्ग के 40 हजार 534 युवा मतदाता भी शामिल थे।घर-घर सत्यापन में सामने आईं गड़बड़ियांपुनरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मतदाता घर पर नहीं मिले या पते पर मौजूद नहीं पाए गए। जांच में कई मतदाता मृत पाए गए, कुछ के नाम डुप्लीकेट थे और कई मतदाता स्थानांतरित हो चुके थे।इन सभी को डेड, शिफ्टेड और डुप्लीकेट श्रेणी में रखते हुए कुल 11.56 लाख नाम अंतिम सूची से हटा दिए गए, जिनमें 1.73 लाख मृत,1.60 लाख डुप्लीकेट,4.88 लाख ऐसे मतदाता जिनके मकान नहीं मिले शामिल हैं।गलत कटे नामों को जोड़ने का मिलेगा अवसरयदि किसी मतदाता का नाम गलती से सूची से हट गया है, तो वह 6 जनवरी से 6 फरवरी के बीच दावा या आपत्ति दर्ज करा सकता है।2.87 लाख मतदाताओं से मांगे जाएंगे पहचान दस्तावेजइसके अलावा 2 लाख 87 हजार 612 मतदाताओं को नो-मैपिंग श्रेणी में रखा गया है। इन मतदाताओं या उनके माता-पिता/दादा-दादी का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं मिला। ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजकर पहचान से जुड़े दस्तावेज मांगे जाएंगे।इनका सत्यापन और आपत्तियों का निस्तारण 6 जनवरी से 27 फरवरी तक किया जाएगा।निर्वाचन आयोग द्वारा पहचान के लिए कई वैकल्पिक दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। मतदाताओं को इनमें से कोई एक दस्तावेज जमा करना होगा, ताकि 6 मार्च को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में उनका नाम शामिल किया जा सके।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गौरव बोध कार्यक्रम में हुए शामिल, लाभार्थियों को किया लाभान्वित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को चन्द्रशेखर आजाद पार्क में उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की प्रथम बैठक के 139वें वर्ष पूर्ण होने के पूर्व दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उन्होंने पब्लिक लाइब्रेरी परिसर में आयोजित गौरव बोध कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की चाभी, जिला मिशन प्रबंधन इकाई के लाभार्थियों को चेक, स्कूली बच्चों को बैग किट तथा स्पॉन्सरशिप योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए।उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रयागराज की गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं स्वतंत्रता संग्राम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रयागराज का उल्लेख प्रत्येक युग में मिलता है। माघ मेला, कुम्भ, महर्षि भारद्वाज आश्रम, उच्च न्यायालय, आनंद भवन, लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और श्रृंगवेरपुर धाम जैसे स्थल इसकी पहचान हैं। उन्होंने बताया कि 08 जनवरी 1887 को विधान मण्डल की प्रथम बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें कुल 9 सदस्य थे।उन्होंने कहा कि प्रयागराज के चहुंमुखी विकास के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध है। शहर में छह लेन पुल, गंगा व यमुना नदी पर नए पुल तथा रिंग रोड निर्माण जैसे कई बड़े विकास कार्य प्रगति पर हैं। विधान मण्डल की प्रथम बैठक के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अभी से कार्ययोजना तैयार किए जाने का भी उन्होंने आह्वान किया।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की पहचान तेजी से विकसित होते राज्य के रूप में बनी है। सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है।इस अवसर पर सांसद प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधायक दीपक पटेल, गुरू प्रसाद मौर्य, हर्षवर्धन वाजपेयी, राजमणि कोल, पूजा पाल, विधान परिषद सदस्य के.पी. श्रीवास्तव, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह गौर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला: संजय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर लोकतंत्र पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया गया है।

श्री सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी की मिलीभगत से प्रदेश में दो करोड़ 90 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से काट दिए गये और इस तरह से यह देश के इतिहास का सबसे बड़ा 'वोट घोटाला' बन गया है। उन्होंने कहा कि यह कोई चुनाव सुधार नहीं, बल्कि गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और मजदूर वर्ग को मताधिकार से वंचित करने की सुनियोजित साजिश है। उन्होंने बताया कि दिसंबर माह में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ग्रामीण मतदाता सूची में 12 करोड़ 70 लाख मतदाता दर्ज थे, जबकि छह जनवरी को एसआईआर के बाद जारी नई सूची में पूरे उत्तर प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर केवल 12 करोड़ 55 लाख मतदाता दर्शाए गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दिसंबर में सिर्फ ग्रामीण मतदाता ही 12.70 करोड़ थे, तो अब शहरी मतदाता जोड़ने के बाद संख्या कैसे घट गयी। आप सांसद ने आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से अलग-अलग श्रेणियां बनाकर वोट काटे गए। करीब 25 लाख मतदाताओं को दो जगह नाम होने का बहाना बनाकर हटाया गया, 2 करोड़ से अधिक मतदाताओं को 'शिफ्टेड' या 'अनट्रेसेबल' घोषित कर दिया गया और 45ऽ46 लाख लोगों को मृत बताया गया। इसके अलावा 84 लाख मतदाताओं के नाम यह कहकर हटा दिए गए कि वे घर पर नहीं मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएलओ पर ऊपर से दबाव डालकर यह कार्रवाई कराई गई। उन्होंने कहा कि 'शिफ्टेड' दिखाए गए लाखों लोग रोज़गार के लिए दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, सूरत, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे शहरों में काम करने गए हैं।

# मऊ आगमन पर नगर विकास मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मऊ । उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रथम मऊ आगमन पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा की उपस्थिति एवं सक्रिय नेतृत्व में भव्य और अभूतपूर्व स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मऊ जनपद में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों का अपार जनसमूह उमड़ पड़ा, जिसने प्रदेश अध्यक्ष का ऐतिहासिक अभिनंदन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस प्रकार प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी ने अपने क्षेत्र महराजगंज को बाहुबलियों और माफियाओं से मुक्त कराया, उसी प्रकार हम सब मिलकर मऊ को भी पूरी तरह माफिया मुक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कोई नई शुरुआत नहीं है, बल्कि यह कार्य मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में निरंतर और निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि योगी सरकार में माफियाओं के बड़े-बड़े गढ़ और वटवृक्ष गिराए जा चुके हैं। अब जो कुछ झाड़-झंखाड़ शेष हैं, उन्हें भी पूरी तरह साफ किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में अब कानून का राज स्थापित है और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। सरकार आम जनता की सुरक्षा और विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं।नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी एक कार्यकर्ता आधारित नेता हैं और यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम, जनता के विश्वास और सुशासन के बल पर वर्ष 2027 में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी ने भी जनसमूह को संबोधित करते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया और कहा कि मऊ की जनता और कार्यकर्ताओं का यह प्रेम उन्हें अभिभूत करता है। उन्होंने कहा कि हम केंद्रीय नेतृत्व को विश्वास दिलाते है कि कार्यकर्ताओं और जनता के बल पर भाजपा उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी।कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री हरिनारायण राजभर,पूर्व विधायक विजय राजभर, जिला अध्यक्ष, चेयरमैन, वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन ने मऊ में भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और जनता के अटूट समर्थन को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया।

# माघ मेला- 2026: पुलिस आयुक्त वाराणसी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा माघ मेला- 2026 के दौरान संभावित पलट-प्रवाह के दृष्टिगत मैदागिन चौराहा से गोदौलिया चौराहा होते हुए रामापुरा तक पैदल भ्रमण कर लागू किए गए नो व्हीकल जोन सहित सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम दर्शन हेतु नो व्हीकल जोन का कड़ाई से अनुपालन, त्रिस्तरीय बैरिकेडिंग, आवश्यक सेवाओं को छूट, अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही तथा पुनरावृत्ति रोकने के निर्देश दिए गए। यातायात सुचारु रखने के लिए 21 पार्किंग स्थल एवं 10 होल्डिंग एरिया चिन्हित किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण हेतु वॉच टॉवर, नदी क्षेत्र में बैरिकेडिंग, नावों पर लाइफ जैकेट अनिवार्यता एवं ओवरलोडिंग पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं से संवाद, मार्गदर्शन हेतु लाउड हेलर/पीए सिस्टम के उपयोग, ड्यूटी ब्रीफिंग तथा विनम्र व सहयोगात्मक व्यवहार पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली विजय प्रताप सिंह सहित संबंधित थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# ‘विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026’ के लिए चयनित उप्र के युवाओं से पटेल ने किया संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में 10 से 12 जनवरी, 2026 तक नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव ‘विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026’ में के लिए चयनित उत्तर प्रदेश के 79 युवाओं से संवाद किया।

श्रीमती पटेल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उनकी पारंपरिक वेशभूषा की सराहना की। उन्होंने कहा कि साफा/पगड़ी सम्मान, दायित्व और विश्वास का प्रतीक है। जिस उद्देश्य से आप इस राष्ट्रीय मंच पर जा रहे हैं, उसमें सफल होकर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करना आप सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी युवा बेहतर प्रदर्शन कर विजयी होकर लौटेंगे। राज्यपाल ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का विश्व स्तर पर प्रचार-प्रसार आज समय की आवश्यकता है। योग, संस्कृति और विरासत के माध्यम से भारत ने वैश्विक पहचान बनाई है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने विदेश यात्राओं के अनुभव साझा करते हुए बताया कि अन्य देशों में भी भारतीय योग और संस्कृति को अपनाया जा रहा है। भाषा के महत्व पर जोर देते हुए राज्यपाल ने कहा कि नया भारत और नयी दुनिया केवल एक या दो भाषाओं से नहीं चलेगी। हमें बहुभाषी दृष्टिकोण अपनाना होगा। आज विदेशी युवा हिंदी, संस्कृत और पाली जैसी भारतीय भाषाओं के अध्ययन और शोध के लिए भारत आ रहे हैं, यह हमारी सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है।

श्रीमती पटेल ने युवाओं से आपसी संवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य करें जिनसे समाज को लाभ हो और देश का नाम ऊँचा हो। उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर लौटने वाले युवाओं को पुनः राजभवन आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से ‘विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग’ की शुरुआत की गयी है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश के युवा इस मंच पर अपनी प्रतिभा से प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे। मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश से कुल 79 युवा इस राष्ट्रीय उत्सव में भाग ले रहे हैं। इनमें कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक, विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, डिजाइन फॉर भारत ट्रैक और हैक फॉर सोशल कॉज ट्रैक के अंतर्गत युवाओं का चयन किया गया है। उत्सव के दौरान युवाओं को प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम में सचिव, युवा कल्याण एवं खेल सुहास एल.वाई. ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया और प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बीबीडी विश्वविद्यालय और एचसीएल जीयूवीआई के बीच हुआ एमओयू




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय लखनऊ ने उद्योगोन्मुख शिक्षा, डिजिटल स्किलिंग एवं अनुभवात्मक शिक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एचसीएल जीयूवीआई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता छात्रों की रोजगार क्षमता, व्यावहारिक दक्षता एवं नवाचार आधारित शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य-उन्मुख, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रति बीबीडी विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में सोनाक्षी दास, वाइस प्रेसिडेंट बीबीडी ग्रुप मौजूद रही। एचसीएल जीयूवीआई की ओर से विनोद श्रीनिवासन, जनरल मैनेजर एवं इंस्टीट्यूशन हेड एचसीएल जीयूवीआई तथा निशिकांत कुमार, सीनियर मैनेजर इंस्टीट्यूशनल सेल्स(नॉर्थ) ने डिजिटल स्किलिंग,उद्योग-संरेखित पाठ्यक्रमों एवं सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर अपने विचार साझा किए।

# छूटे हुए पात्र मतदाताओं का नाम लिस्ट मे जुड़वाने के लिए कार्यकर्ता मतदाताओं का सहयोग करें: डॉक्टर नीरज सिंह

**बैठक में एसआईआर की पहली लिस्ट जारी होने के बाद छूटे हुए वैद्य नामों को शामिल कराने को लेकर अभियान चलाने पर चर्चा हुई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत फॉर्म 6 व आवश्यकता अनुसार अन्य फॉर्म भरवाए जाने के संदर्भ में लखनऊ महानगर के सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक भाजपा वरिष्ठ नेता डॉक्टर नीरज सिंह के गोमती नगर आवास पर आयोजित की गई।

बैठक में एस आई आर की पहली लिस्ट जारी होने के बाद छूटे हुए वैद्य नामों को शामिल कराने को लेकर अभियान चलाने पर चर्चा हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि पहली लिस्ट में जो भी वैध वोट छूट गए हैं उनको जुड़वाने में मतदाताओं का सहयोग करना है।बैठक में डॉ नीरज सिंह सहित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को वृहद स्तर पर अभियान चलाकर छूट रहे पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया और संबंधित आवश्यक फार्म वितरित किये।त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि प्रकाशित ड्राफ्ट सूची में बड़ी संख्या में मृतक, विस्थापित, डुप्लीकेट, अनुपस्थित नाम हटाए गए हैं। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना है कि किसी पात्र व्यक्ति का नाम आवश्यक दस्तावेज जमा ना हो पाने के कारण जुड़ने से ना छूटे।नीरज सिंह ने कहा कि प्रकाशित मतदाता सूची का गहन अध्ययन करें और छूट रहे पात्र मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क करें और आपत्तियां 6 फरवरी से पूर्व दर्ज कराए और जरूरी दस्तावेज सहित फॉर्म भरवाकर जमा करवाने में सहयोग करें।आनंद द्विवेदी ने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को प्रकाशित सूची के प्रिंटआउट भी उपलब्ध कराए गए हैं। सभी मोर्चा और प्रकोष्ठों की टीम भी बूथ पदाधिकारीयों के साथ सूची का अवलोकन करें और छूट रहे पात्र मतदाताओं से संपर्क करके नाम जुड़वाने की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बैठक में पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया,सौरभ वाल्मीकि, प्रमोद सिंह, अभिषेक खरे, मानवेंद्र प्रताप सिंह, सीता नेगी, अनूप सिंह, आर के छारी, किशन कुमार लोधी,ईशान शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अर्थ फाउंडेशन कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज ब्लाक के मीसा ,महमूदपुर ,जहांगीरपुर, धौरहारा ग्राम पंचायत के बारह गाँव में किया गया क्र नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य किशोर किशोरियों के परिवारों के बीच आपसी बातचीत बढ़ाना था जिससे माता पिता किशोरियों के सपनो एवं उनके लक्ष्य को पूरा करने में उनका सहयोग करे।

इस कार्यक्रम के द्वारा किशोर किशोरियों को अपने सपनो तक कैसे पहुंचा जाये इसको लेकर भी बताया गया एवं परिवारों में लड़कियों के सपनो को पूरा करने के लिए पेरेंट्स को साथ देने एवं सहयोग के लिए बताया गया। नाटक का उद्देश्य लड़के और लड़कियो की शिक्षा को समान रूप से आगे बढ़ाने एवं जीवन कौशल को सीखकर अपने ख्रधपप्ध्र्भ को प्राप्त करना है। इस कार्यक्रम में सभी गांव मे लोगो नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे अर्थ फाउंडेशन की तरफ से कृति, मनीष, विनय और कोमल शामिल रहे ।

## नगराम में सरसों के खेत से मिला नर कंकाल, गुमशुदा महिला पूनम होने की आशंका , मायके पक्ष ने दी तहरीर



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के कबहरा गांव में सरसों के खेत से नर कंकाल मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर गहन जांच शुरू की। कंकाल के पास मिले कपड़ों के आधार पर ग्रामीण पीतांबर ने इसे अपनी गुमशुदा पत्नी पूनम का होने की आशंका जताई है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 13 दिसंबर को थाने में दर्ज कराई गई थी। कंकाल महिला के घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर मिला है।? मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए, वहीं पुलिस ने पंचायतनामा भरकर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिनाख्त की पुष्टि हेतु डीएनए परीक्षण की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। इधर, निगोहा थाना क्षेत्र के उतरावां गांव स्थित मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मामले की निष्पक्षता से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस हर एंगल से मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

## मोहनलालगंज में 2.20 करोड़ की जमीन ठगी का बड़ा मामला, न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में जमीन खरीदऽफरोख्त से जुड़ा एक बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन विक्रेताओं ने एक रियल एस्टेट कंपनी से दो करोड़ 20 लाख रुपये लेने के बावजूद न तो तय क्षेत्रफल की जमीन दी और न ही बैनामा किया। पीड़ित द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित हंसराज रावत के अनुसार वर्ष 2018 में उनकी कंपनी ने गौरा व पदमिन खेड़ा क्षेत्र में 29,967 वर्गफीट जमीन खरीदने का करार किया था, जबकि विक्रेताओं ने 32,500 वर्गफीट जमीन बताई थी। 29 जनवरी 2018 से 15 जुलाई 2019 के बीच बैंक ट्रांसफर व नकद माध्यम से पूरी धनराशि का भुगतान किया गया, लेकिन इसके बाद भी विक्रय विलेख नहीं किया गया। सीमांकन वाद के न्यायालयी आदेश में एक गाटा का क्षेत्रफल कम पाए जाने की पुष्टि हुई, फिर भी कंपनी के पक्ष में बैनामा नहीं किया गया। आरोप है कि विवादित जमीन को बाद में चोरी-छिपे किसी अन्य के नाम रजिस्ट्री कर दिया गया। न्यायालय के आदेश पर अब मोहनलालगंज पुलिस ने धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष ने पूरे मामले को सुनियोजित ठगी बताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## दहेज-लोभियों ने विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से भगाया

**लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अर्जुनगंज की महिला संगीता यादव की ओर से ससुरालियों पर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देकर शादी के 12 साल बाद शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देकर घर से भगा दिये जाने की बात कही गई है।मामला सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र का है।पुलिस के अनुसार संगीता यादव पत्नी सुधीर यादव उर्फ सोनू का विवाह 2014 में हुआ था। पीड़िता के अनुसार अब उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। वादिनी की ओर से आरोप लगाया गया है कि दहेज के लोभियों ने शादी के कुछ समय बाद ही उसको को मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया था ।उन दहेज लोभियों की दौलत की भूख बढ़ती गई ।नौबत यहां तकपहुंच गई की विवाहिता को 25 दिसंबर 2025 की रात 10 बजे बुरी तरीके से मारा पीटा गया। वादिनी के माता-पिता जब उसको लेने उसकी ससुराल गए तो उनके साथ भी ससुराली जनों में पति सुधीर यादव उर्फ सोनू, ससुर लालू यादव, जेठ दिलीप यादव ने गाली गलौज कर मारपीट की इसी के साथ सुनीता यादव के कपड़े और गहने सब उतरवा कर रख लिया। इतना सब करने के बाद उसे उसके पिता के साथ भेज दिया। इस मामले में विवाहिता की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्रार्थना पत्र देकर पति सुधीर ससुर लल्लू यादव व जेठ दिलीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

## युवती को बहला फुसला कर लाखों का सामान हड़पा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत आने वाले गांव कुल्ली खेड़ा निवासी गंगाराम रावत के अनुसार उनकी 20 वर्षीय पुत्री को पीयूष मिश्रा पुत्र गोपाल शरण मिश्रा निवासी छावनी अमटाऊ सीतापुर द्वारा धोखाधड़ी व गुमराह करके उनके घर में रखी अलमारी से जेवरात ले लिये गए।पुत्री द्वारा मांगने पर उसको जान से मार देने की धमकी दी गई।इस मामले में गंगाराम कार्यवाही करने हेतु गंगाराम की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बाइक सवार महिला को ट्रक ने कुचला, मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, मृतक महिला के भाई व भतीजे को भी गंभीर चोटें आंई जिन्हें इलाज के लिए लोक बंधु भेजा गया। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब दो बजे सूचना मिली कि हाइडिल चौराहा कानपुर लखनऊ रोड पर एक एक्सीडेंट हो गया है। इस सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो देखा कि एक महिला सड़क पर घायल अवस्था में पड़ी है जिसके सिर पर गंभीर चोटें हैं।

पुलिस द्वारा घायल सभी लोगों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सरोजनीनगर भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया तथा उसके भाई विजयपाल व भतीजे अंश को लोकबंधु/ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। मृतका की पहचान कपूरकली पत्नी लल्लन चौरसिया निवासी सेक्टर एम बिरहाना खेड़ा 595 ब/23 थाना आशियाना लखनऊ के रूप में हुई जो कि अपने भाई विजयपाल चौरसिया पुत्र स्वर्गीय शंकर चौरसिया निवासी किला गांव आशियाना, लखनऊ मूल पता ग्राम असवार थाना असोहा जनपद उन्नाव व अपने भतीजे अंश उम्र करीब 13 वर्ष के साथ बाइक से अपने घर जा रही थी। हाइडल चौराहे के पास कानुपर रोड पर पीछे से ट्रक संख्या यूपी 74 इड 0135 ने टक्कर मार दी। पुलिस द्वारा महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया वहीं दुर्घटना में शामिल ट्रक व ट्रक चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# लखनऊ के युवा ने -10 डिग्री तापमान पर चार घंटे में 12500 फीट किया पर्वतारोहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सुशान्त गोल्फ सिटी , निवासी सीमा पटेल व दिनेश पटेल के 24 वर्षीय प्रसेनजीत (शानू) उत्तराखंड के शाकरी से केदारकंठ पर्वत चोटी पर चढ़कर युवाओं के लिए प्रेरक बन गए।

उन्होंने 29 दिसम्बर को 10 डिग्री तापमान पर 12500 ( बारह हजार ) फीट की ऊंचाई 4 घंटे मे तय की।प्रसेनजित पर्वतारोहण कर पर्वतीय क्षेत्र के साथ ही दिल्ली का भ्रमण करते हुए 5 जनवरी को लखनऊ वापस आकर अपने साथियों व घर-परिवार से मिले ।वे जनपद बाराबंकी के त्रिवेदीगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत खैराबीरू ( गाजीखेड़ा ) के पूर्व प्रधान श्रीकृष्ण वर्मा के कनिष्ठ पुत्र दिनेश पटेल के पुत्र हैं।वे कई वर्षों से लखनऊ मे निजी निवास मे निवास पर रहे हैं ।उनका प्रसेनजित का कहना है कि मै अपने अन्य युवा साथियों को भी शिक्षणेतर पर्वतारोहण जैसे कार्यों मे भी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुझाव देता हूँ ।प्रसेनजित के इस कार्य से परिजन , मित्र व रिस्तेदार सभी सभी में प्रसन्नता दिखाई दे रही हैं ।

# गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के माध्यम से ही प्रशिक्षार्थी आत्मनिर्भर बन सकेंगे: प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र आईटीओटी अलीगंज, लखनऊ में प्रधानाचार्य संवर्ग अधिकारियों के लिए प्रशासनिक अनुशासन एवं वित्तीय नियम-विनियम से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता डॉ. हरिओम द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थानों में प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय पारदर्शिता तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करना है।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रशिक्षण प्रणाली में निरंतर सुधार, नवीन कौशल तकनीकों का समावेश तथा प्रशिक्षार्थियों को उद्यमशील बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के माध्यम से ही आने वाले समय में प्रशिक्षार्थी आत्मनिर्भर बन सकेंगे और प्रदेश के कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी।कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक (प्राविधिक) डी. के. सिंह द्वारा प्रशिक्षण के दौरान पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय नियमों के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर प्रकाश डाला गया। वहीं अतिरिक्त निदेशक मानपाल सिंह ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को संस्थान स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित किए जाने पर बल देते हुए कहा कि इससे शासकीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा।इस अवसर पर संस्थान की सहायक निदेशक सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षण उद्देश्यों की पुनः पुष्टि एवं सहभागियों से सक्रिय सहभागिता के आह्वान के साथ किया गया।

# उप्र में स्वैच्छिक संस्थाओं को मिलेगा अनुदान, धरातल पर पहुंचेगी पुनर्वासन योजना: कश्यप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने ‘दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन’ के लिए ‘स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना’ को प्रभावी रूप से लागू किया है। योजना के तहत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में शामिल 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास के रूप में मिलेगा। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बुधवार को बताया कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता से दिव्यांग पुनर्वासन को नया विस्तार मिलेगा और सामाजिक भागीदारी भी मजबूत होगी।

योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे-केयर सेंटर, प्री-प्राइमरी एवं विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास कार्यक्रम, ब्रेल व सहायक उपकरणों की उपलब्धता, पाठ्य सामग्री निर्माण तथा दिव्यांगजनों से संबंधित पुस्तकालयों को अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे दिव्यांग बच्चों की शुरुआती पहचान कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाया जा सकेगा। मंत्री ने बताया कि योजना के लिए पारदर्शी और तकनीक आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई गयी है। वही स्वैच्छिक संस्थाएं पात्र होंगी, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हों, नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण के साथ विशिष्ट पहचान संख्या रखती हों तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव रखती हों। प्रस्तावों का परीक्षण पहले जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, इसके बाद निदेशालय स्तर पर अंतिम चयन होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनुदान केवल वास्तविक और प्रभावी संस्थाओं को ही मिले। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जनपदों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि अधिक से अधिक संस्थाएं इस अभियान से जुड़ सकें।

# सदर कोतवाली क्षेत्र में किराये के मकान में चल रहा था बड़ा खेल, चार युवतियां और युवक गिरफ्तार

**बैंक और फाइनेंस कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। साइबर थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो लोगों को नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगी करता था। पुलिस ने एक मकान में छापा मारकर चार युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा किया गया।

आपको बता दे कि पूरा मामला साइबर थाना पुलिस ने बैंक और फाइनेंस कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक युवक और चार युवतियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। ये गिरोह फर्जी कॉल सेंटर चलाकर लोगों को अपने जाल में फंसाता था। तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना साइबर क्राइम में पंजीकृत एक मामले में विवेचना के दौरान पुलिस ने एक ऐसे मोबाइल नंबर को चिन्हित किया, जिस पर पहले से पांच साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज थीं। जब उस नंबर की लोकेशन ट्रेस की गई तो वह मोहल्ला नई सराय, थाना कोतवाली बदायूं क्षेत्र में मिली। लोकेशन के आधार पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक गली में बने मकान में फर्जी कॉल सेंटर संचालित पाया गया, जहां तीन युवतियां और एक युवक संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त मिले। पुलिस ने मौके से चारों को गिरफ्तार किया।आरोपियों से पूछताछ के बाद एक अन्य महिला को भी हिरासत में लिया गया। वहीं पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी वर्क इंडिया वेबसाइट के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश के भोले-भाले युवाओं को बैंक व निजी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर उनसे रुपये ट्रांसफर कराकर ठगी की जाती थी। अब तक की जांच में करीब 4.50 लाख रुपये की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है, जिनकी 10 एनसीआरपी शिकायतें दर्ज हैं। वहीं साइबर थाना पुलिस नें विवेक निवासी गोविंद नगला थाना मूसाझाग, आकांक्षा पटेल निवासी बरातेगदार थाना सिविल लाइन,अंशू पटेल निवासी लखनपुर, थाना सिविल लाइन,ईशा साहू निवासी नगर पंचायत गुलड़िया वार्ड-9, थाना मूसाझाग, मीनाक्षी निवासी बरामयखेड़ा थाना उझानी, गिरफ्तार किया गया है वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, एक प्रिंटर, माउस, लैपटॉप चार्जर, सात स्मार्ट फोन, चार कीपैड मोबाइल, सात मोबाइल चार्जर, 23 सिम कार्ड, एचडीएफसी बैंक मुंबई की फर्जी स्टांप मोहर, हाजिरी रजिस्टर, चार कॉपियां और किरायानामा की फोटो कॉपी बरामद की है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इनके नेटवर्क, बैंक खातों और अन्य संभावित सहयोगियों की भी जांच कर रही है। वही इस मामले को कोतवाली पुलिस की जमकर आलोचना हो रही है।

## थुलवासा में नहर पटरी पर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से हड़कंप

रायबरेली। क्षेत्र के थुलवांसा गांव स्थित नहर पटरी पर मंगलवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। घटना की जानकारी होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। देर रात ग्राम प्रधान पहाड़पुर किशुन यादव व थुलवासा चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने शव की पहचान डेड़उवा मजरे पहाड़पुर निवासी जितेंद्र कुमार द्विवेदी 27 वर्ष पुत्र अयोध्या प्रसाद द्विवेदी के रूप में की है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार दोपहर को घर से थुलवासा बाजार जाने को कहकर जितेन्द्र मोटरसाइकिल से घर से निकला था। देर शाम तक घर नही पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी थी। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मृतक के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नही पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## सांसद राहुल गांधी की ओर से क्षेत्र के जरूरतमंदों को वितरित किया गया कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। रायबरेली के लोकप्रिय सांसद राहुल गांधी द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए भेजे गए कंबलों का वितरण बुधवार को ब्लॉक कंग्रेस कार्यालय महराजगंज में किया गया।कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वरिष्ठ कंग्रेसी नेताओं की उपस्थिति में कंबल वितरण सम्पन्न हुआ। इस दौरान कंग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, कंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मो. इलियास और पीसीसी सदस्य प्रदीप चौधरी ने क्षेत्र के आए निराश्रितों को कम्बल वितरित किए। कंग्रेसियों ने राहुल गांधी के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि जननायक सदैव गरीबों और वंचितों के हितों के लिए तत्पर रहते हैं। कड़ाके की इस ठंड में कंबलों का वितरण एक सराहनीय मानवीय प्रयास है। इस अवसर पर वरिष्ठ कंग्रेसी नेता कृपाशंकर शर्मा, पीसीसी सदस्यअंकुर जायसवाल, नगर कंग्रेस अध्यक्षरामशरण शुक्ल एवं भगवान दीन फौजीरविचंद्र सिंह, हौसला तिवारी (मंडल अध्यक्ष)गयाप्रसाद चौरसिया (मंडल अध्यक्ष)समेत समस्त न्याय पंचायत अध्यक्ष व ग्राम सभा अध्यक्ष और ब्लॉक कंग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुंशीगंज शहीद स्मारक पर सीडीओ व संभ्रातजनों द्वारा गयी दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने मुंशीगंज स्थल शहीद स्मारक में आयोजित शहीद श्रद्धांजलि समारोह के अवसर शहीदों के प्रति शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम 07 जनवरी 1921 को हुए किसान आन्दोलन के शहीदों की याद में आयोजित किया जाता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सई नदी के पुनीत तट पर अंग्रेजों की नीतियों के खिलाफ किसानों ने एक बड़ा आन्दोलन किया जिसमें कई किसान शहीद हुए। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमारे पूर्वजों के अथक संघर्षों के बाद मिली है। हम सभी को इसका महत्व समझना चाहिए। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की कीमत हम सबको समझनी चाहिए। हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों का बलिदान किया, पीढ़ियों तक हमें उनका बलिदान प्रेरणा देता रहेगा, यह बलिदान साधारण बलिदान नहीं इसको हमे भुलना नही चाहिए। हमे आपनी आने वाली पीढ़ियों को भी बताना होगा जिससे वह भी प्रेरणा ले और शहीदों को नमन कर अपनी अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी अवगत करायें। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिवारिकजनों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारिकजनो से मिलकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा शहीद स्मारक स्थल पर वृक्षारोपण भी किया गया तथा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय आईपीएल का फाइनल महराजगंज व खीरों के बीच खेला गया

**खेल का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. यज्ञ नाथ मिश्रा समेत प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद अवस्थी द्वारा किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। शिक्षकों के बीच बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित चार दिवसीय 'जिला स्तरीय बेसिक शिक्षक आईपीएल टूर्नामेंट में बुधवार को फाइनल मैच महराजगंज व खीरों के बीच खेला गया। खेल का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ यज्ञ नाथ मिश्रा समेत प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद अवस्थी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया गया। फाइनल मैच के पहले खीरों व सतांव की टीम के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें खीरों ने सतांव की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दिन के दूसरे पहर में फाइनल मुकाबले खेलने मैदान में उतरी खीरों व महराजगंज की टीम में पहले बल्लेबाजी करते हुए खीरों की टीम ने 15 ओवरों में चार विकेट खोकर महराजगंज की टीम के सामने 185 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी महराजगंज की टीम निर्धारित 15 ओवरों में आठ विकेट खोकर महज 120 रन पर ही सिमट गई। खीरों की टीम ने महराजगंज को परास्त कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। खेले गए टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच खीरों के पंकज यादव रहे। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज व बेस्ट बैट्समैन के खिताब पर महराजगंज के संदीप कुमार व बेस्ट बालर के खिताब पर सुवेश गौतम का कब्जा रहा। आयोजन के समापन पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, बल्ला प्रधान पंकज गुप्ता व नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ यज्ञ नाथ मिश्रा व उप प्राचार्य वी के पाठक ने विजेता टीम व अन्य खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद अवस्थी , राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष मधुकर सिंह, केसर बक्श सिंह, विनोद कनौजिया, मनीष कश्यप, सुरेंद्र शर्मा, समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## नगर की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने दिया ज्ञापन

संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से नगर की समस्याओं को अवगत कराया। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि नगर का प्रमुख मार्ग मालगोदम रोड जिससे प्रतिदिन लाखो लोगो का आवागमन होता है सबसे बड़ी बात नगर के पहले अधिकारी उपजिलाधिकारी महोदय भी इसी सड़क से जाते है फिर भी ये सड़क जर्जर हो गई है जिसकी बजह से आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है पहले भी व्यापार मंडल द्वारा इसी सड़क को के कर उपजिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया गया था पर समस्या तस की मस रही.शाह आलम मंसूरी ने सीता रोड की सड़क जो की पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और नगर का प्रमुख स्कूल भी सीता रोड पर है उसे दुरुस्त कराने की मांग की.नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि नगर में पानी की लीकेज की समस्या जिसका समाधान एक दिन में हो जाना चाहिए उस समस्या में पांच से दस दिन लग जाते है नगर की पानी की समस्या का समाधान 1 दिन में हो जाना चाहिए जिससे पानी की बर्बादी रुकेगी व पानी दूषित भी नहीं होगा.ज्ञापन में बसीम रितिक वार्ष्णेय सद्दाम सावन शर्मा रमाकांत पंडित नजर मोहम्मद मतीन अशरफी चिराग फैंसी निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बहजोई में निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी

बहजोई, संभल, , कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के पजाया बस स्टैंड स्थित सरकारी योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे पंप हाउस का निर्माण कार्य इस समय प्रगति पर है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस निर्माण कार्य को लेकर गुणवत्ता संबंधी शिकायत सामने आई है। मौके पर मौजूद निर्माण सामग्री को देखकर आशंका जताई जा रही है कि पंप हाउस का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भविष्य में इससे सुरक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याएं और संरचनात्मक कमजोरियां उत्पन्न हो सकती हैं।ग्राउंड रिपोर्टिंग के दौरान निर्माण में प्रयुक्त ईंटें पीली और अपेक्षाकृत कमजोर दिखाई दीं।इसके साथ ही उपयोग किया जा रहा सीमेंट भी प्रथम दृष्टया गुणवत्ता के तय मानकों पर खरा उतरता हुआ प्रतीत नहीं हुआ, जिससे सरकारी धन के सही और पारदर्शी उपयोग को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।हालांकि जब इस संबंध में जलकल विभाग के जूनियर इंजीनियर से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया किल्लसंभव है कि एक-दो ईंटें खराब आ गई हों। मामले की जांच कराई जाएगी।

## बदायूं-फर्रुखाबाद रोड पर भीषण हादसा,घने कोहरे के चलते हुआ एक्सीडेंट

बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अलापुर थाना क्षेत्र में बदायूं-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम बुधुआ नगला के दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। आमने-सामने से आ रही दो डीसीएम गाड़ियों की जोरदार टक्कर में कई लोग घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में थाना हजरतपुर क्षेत्र के कस्बा हजरतपुर निवासी अमन पुत्र विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में अमन का एक पैर दो स्थानों से टूट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल बदायूं में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। अन्य घायलों को भी प्राथमिक उपचार दिया गया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। खाटू श्याम धाम मंदिर परिसर में पुलिस और जनसामान्य के बीच बेहतर तालमेल का सकारात्मक संदेश देखने को मिला। यहां आयोजित सादे एवं गरिमामय कार्यक्रम में समाजसेवी उदयवीर सिंह द्वारा थाना प्रभारी राजेश कौशिक को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी उदयवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास और संवाद अत्यंत आवश्यक है। थाना प्रभारी राजेश कौशिक अपने कार्य, व्यवहार एवं कर्तव्यनिष्ठा के माध्यम से इस विश्वास को निरंतर मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने अपराध नियंत्रण एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सक्रिय भूमिका की सराहना की। सम्मान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने उदयवीर सिंह और उपस्थित जनमानस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में जनसहयोग की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने आम नागरिकों से पुलिस के साथ संवाद बनाए रखने तथा सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## नगरपालिका के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन, खुले नालों को लेकर जताया आक्रोश

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान में हाउस ऑफ यूनाइटेड शोरूम पर आयोजित बैठक में जनपद के विभिन्न ब्रांड्स शोरूम प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाते हुए नई इकाई का गठन किया गया। बैठक में इंद्रा चौक सहित प्रमुख मार्गों पर खुले नालों से हो रही दुर्घटनाओं, पार्किंग और पथ प्रकाश की समस्या को लेकर व्यापारियों ने नगरपालिका के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शीघ्र निर्माण की मांग उठाई। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप गुप्ता ने की, संचालन अफ़ान राजपूत ने किया। जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि पुलिस लाइन से दातागंज तिराहे तक के ब्रांड्स शोरूम प्रतिनिधियों को संगठित कर समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति तय की गई है। जनपदभर में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश मंत्री पवन जैन ने ऑनलाइन शॉपिंग से ब्रांड्स शोरूम पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव पर चिंता जताई। विभिन्न शोरूम प्रतिनिधियों ने पथ प्रकाश, पार्किंग, रात्रि गश्त, ट्रैफिक व्यवस्था और डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने की मांग रखी। अंत में व्यापारियों ने खुले नालों के विरोध में सड़क पर उतरकर नगरपालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। बैठक में रेड चीफ, कोब, एडिडास, केंटबिल, क्लब फॉक्स, एशियन, रिलेक्सो, एलन सोली, कैल्सिडो, कुटुंब, रेड टेप, हाउस ऑफ यूनाइटेड, ओजो फैशन, स्पार्की, लेंसकार्ट सहित कई ब्रांड्स शोरूम के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## 52 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 400 किग्रा लहन मौके पर नष्ट

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र - 2 रोबिन आर्य मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा महाराजगंज तहसील के थाना बछरावाँ अंतर्गत संदिग्ध ग्राम कंजहा एवं टेराबरौला में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 52 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 400 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 3 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।

# उन्नत भारत अभियान के तहत स्वच्छता व महिला स्वास्थ्य पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। राजकीय महिला महाविद्यालय बदायूं द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए ग्राम सालारपुर में स्वच्छता एवं महिला स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, महिला सशक्तीकरण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन उन्नत भारत अभियान समन्वयक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋषभ भारद्वाज तथा रेंजर्स प्रभारी डॉ. सरिता गौतम के नेतृत्व में, होप यूनिटी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

इस दौरान स्वयं सेविकाओं ने गांव में सर्वे कर महिलाओं की समस्याएं जानीं, जबकि विशेषज्ञों ने हेल्पलाइन सेवाओं व योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित किए गए।इस जागरूकता अभियान में लगभग 60 ग्रामीणों ने सहभागिता की। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. वंदना ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्वयंसेवी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## आशा-संगिनी की हड़ताल जारी

बदायूं। जनपद बदायूं में आशा व आशा संगिनी कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार को 23वें दिन भी जारी रही। धरना स्थल पर हुई बैठक में आंदोलन को और तेज करने तथा 9 जनवरी को बरेली स्थित मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रस्तावित प्रदर्शन में बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति तय की गई। जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने घोषणा की कि 8 जनवरी को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और 9 जनवरी को बरेली में एकजुट होकर मंडलायुक्त के माध्यम से सरकार तक मांगें पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नए-नए कामों के आदेश दे रही है, लेकिन 23 दिनों से आंदोलनरत आशा व संगिनी की आवाज अनसुनी की जा रही है। आयुष्मान कार्ड कैंपों में ड्यूटी के आदेश दिए जा रहे हैं, जबकि पूर्व वर्षों के करीब 225 करोड़ रुपये के पारिश्रमिक पर कोई जवाब नहीं दिया जा रहा। जिला सचिव मुनिशा ने कहा कि 9 जनवरी के बाद आंदोलन की रणनीति में बदलाव किया जाएगा और आशा-संगिनी डर व दबाव में आने वाली नहीं हैं। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आशा व संगिनी मौजूद रहीं।

# कोहरे के कारण बिजली के खंभे से टकराई रोडवेज बस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बस अड्डे पर सवारियों को उतारने के बाद वर्कशॉप में जा रही रोडवेज बस कोहरे के कारण बिजली के खंभे को तोड़कर नाले में घुस गई। गनीमत रही कि बिजली के तार टूटने से आपूर्ति बंद हो गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच मंगलवार देर रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रोडवेज वर्कशॉप में सफाई के लिए जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे 11 हजार वोल्टेज के बिजली पोल को तोड़ते हुए नाले में जा घुसी। गनीमत यह रही कि बस में कोई यात्री सवार नहीं था। केवल चालक और परिचालक ही मौजूद थे, जिससे बड़ा जनहानि का खतरा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना देर रात करीब तीन से साढ़े तीन बजे के बीच की है। जैसे ही रोडवेज बस बिजली पोल को तोड़ते हुए नाले में गिरी, तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग नींद से जाग गए। बाहर निकलकर देखा तो बस नाले में फंसी हुई थी और 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल पूरी तरह टूट चुका था। पोल टूटने से बिजली की हाईटेंशन लाइनें नीचे गिर गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि बिजली के तार पोल से अलग न हुए होते तो बस में आग लग सकती थी और नाले के पानी के जरिए आसपास के इलाके में करंट फैलने का गंभीर खतरा पैदा हो सकता था। घटना के तुरंत बाद चालक और परिचालक मौके से चले गए। स्थानीय लोगों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बिजलीघर पहुंचकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई।

# जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बिल्सी सामूदायिक स्वास्थ्य केंद में बुधवार को डिलीवरी के दौरान एक प्रसूता और उसके नवजात बच्चे की मौत का मामले को लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाया है**

बदायूँ। बदायूं जिले के बिल्सी सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में बूधवार को डिलीवरी के दौरान एक प्रसूता और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर 3000 रुपए न देने पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

सूचना मिलने पर बिल्सी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शूरू कर दी है। बिल्सी थाना क्षेत्र के दिधौनी निवासी हरपाल पुत्र रामधुन ने आरोप लगाया कि वह अपनी पत्नी कुसुम (35) को डिलीवरी के लिए सीएचसी लाए थे। उन्होंने बताया कि डिलीवरी के नाम पर उनसे 3000 रुपए की मांग की गर्ड। आरोप है कि पैसे न देने पर स्टाफ ने लापरवाही बरती, जिसके कारण मृत बच्चा पैदा हुआ। बाद में कुसुम की हालत बिगडने के बाद उसकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बिल्सी कोतवाल मनोज कूमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहंचे। पूलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बिल्सी सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि दिधौनी निवासी महिला डिलीवरी के लिए सीएचसी आई थी। डिलीवरी के दौरान मरा हुआ बच्चा पैदा हआ। उन्होंने यह भी बताया कि महिला में खून की कमी थी और उसे रेफर करने के लिए कहा गया था, लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। बाद में परिजन महिला को मृत अवस्था में वापस बिल्सी सरकारी अस्पताल लाए डॉक्टर गप्ता ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसे अज्ञात बदमाशों ने किसान पर चाकूओं से किया हमला

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की शुरू की जांच, पुलिस ने घायल किसान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया भर्ती**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। घर में घुसे अज्ञात बदमाशों ने गृह स्वामी किसान पर चाकूओं से हमला कर दिया। व उसकी पत्नी से भी मारपीट कर घायल कर दिया।शोर सुनकर लोगों के आने की आहट पाकर अज्ञात बदमाश फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। वही घायल किसान गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती है।

क्षेत्र के हिलहा गांव निवासी किसान पवन बाजपेई 52 वर्ष अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ घर के आंगन में बने बरामदे में सो रहे थे। रात करीब एक बजे छत के रास्ते घर में घुसे अज्ञात बदमाशों की चहलकदमी से उनकी पत्नी रिंकी की नींद खुली तो उन्होंने आंगन में दो लोगों को उनके पति पर हमला करते देख सहम गई। उन्होंने छुपकर प्रधान प्रतिनिधि दिलीप तिवारी को फोन कर जानकारी दी। तभी दरवाजे में लगे परदे के पीछे छिपे एक बदमाश ने उनका गला दबा दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी पहुंचते तब तक बदमाश फरार हो गए। सूचना पर पहुंची डायल पुलिस व कोतवाली पुलिस ने रात में ही छानबीन शुरू कर दी है। घटना में किसान के चेहरे व पेट में चाकुओं के कई गहरे घाव हैं। घायल किसान पवन बाजपेई को डायल पुलिस व प्रधान प्रतिनिधि दिलीप तिवारी ने सीएचसी पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाबत कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि जमीनी विवाद की रंजिश के चलते किसान पर हमला हुआ है। अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया पुरानी रंजिश को लेकर हमले की बात सामने आ रही है। फारेंसिक टीम बुलाई गई है। घटना के सभी पहलुओं की छानबीन की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की शिनाख्त कर कार्यवाही की जाएगी। पड़ोसी श्याम तिवारी, दिलीप तिवारी आदि अन्य ग्रामीणों का कहना है कि चोरी की नियत से घर में घुसे बदमाशों ने दम्पति के जाग जाने से उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

# मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा

## एक ही फोटो बार-बार अपलोड कर लगाई जा रही फर्जी हाजिरी

**इटियाथोक के अयाह विजयगड़हवा, अर्जुनपुर कर्मडीहकला में मनरेगा योजना में खेल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। मनरेगा योजना में धांधली रोकने के लिए श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू होने के बावजूद फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है।हालात ऐसे हैं कि कार्य स्थलों प र श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए ए क ही ग्रुप फोटो बार-बार अपलोड की जा रही है। ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी भी इस गड़ बड़ी को नजरअंदाज कर रहे हैं इटियाथोक ब्लॉ क की अयाह ग्राम पंचायत में अलग - अलग मस्टर रोल में बार - बार एक ही ग्रुप फोटो अप लोड की गई हैं।ऐसे ही अर्जुनपुर गाँव के मस्टर रोल में खेल किया जा रहा हैं। फोटो वही पुरानी अपलोड किया जा रहा हैं इसी तरह विजय गड़ हवा और कर्मडीहकला ग्राम पंचायत में भी गड़ बड़ी किया जा रहा हैं।ऐसे में बीडीओ,एपीओ व ग्रामप्रधान और रोजगार सेवक के द्वारा भ्रष्टाचा र का एक नाया तरीका निकाला गया है,जिसमें कार्य किसी और से कराया जाता है,या होता ही नहीं है,और फोटो किसी और की या बनाई हुई एडिटेड,कॉपी की गई अपलोड कर दी जाती है यह संगठित फर्जी वाड़ा सरकारी धन को सीधे दोहन का प्रयास है।जिले के उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा हैं।ग्राम प्रधान पर आरोप है कि वह उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर फर्जी हाजिरी लगवा रहे हैं और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं।ग्राम पंचायत का वास्तविक विकास हो या न हो,प्रधान अप ना विकास करने में जुटे हुए हैं। प्रधान की इस करतूत से सरकार की जनकल्याणकारी योज नाओं की साफ-सुथरी छवि धूमिल हो रही है।

इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिए प्रधान व रोजगार सेवक के द्वारा तस्वीरें बनवाकर फर्जी फोटो मेट की आईडी से मनरेगा पटल पर अप लोड किया गया है।वेद्पुर सड़क से राम निहाल के चक होते हुए सरयू नहर तक भूमि विकास कार्य दिखाया गया है।

# आईजी अमित पाठक ने सड़क सुरक्षा के लिए ब्लैक स्पॉट्स का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे जेएफडी ( जीरो फैकल्टी डिस्ट्रि क्ट ) अभियान के अंतर्गत नगर क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का स्थलीय निरीक्षण कि या गया।निरीक्षण के दौरान चौपाल सागर,कुटी तिराहा,हारीपुर गांव,चौपाल सागर के पास स्थि त पेट्रोल पंप तथा महिंद्रा शोरूम के पास दुर्घट ना संभावित स्थलों का बारीकी से जायजा लि या। इस दौरान पूर्व में घटित सड़क दुर्घटनाओं के कारणों,यातायात दबाव,सड़क की भौगोलि क स्थिति,प्रकाश व्यवस्था,संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, अतिक्रमण एवं अन्य सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की गई।पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कि या गया कि शासन के द्वारा चलाए जा रहे अभि यान के तहत चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर त्वरित एवं प्रभावी सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।इसके अंतर्गत पर्याप्त साइन बोर्ड एवं रि फ्लेक्टिव मार्किंग,स्पीड कंट्रोल उपाय,सड़क प्र काश व्यवस्था में सुधार तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए।साथ ही आम जन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि जेएफडी अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घ टनाओं में मृत्यु दर को शून्य पर लाना है। इसके लिए पुलिस, परिवहन विभाग एवं अन्य संबंधि त विभागों के आपसी समन्वय से ठोस एवं निरं तर कार्यवाही की जाएगी, जिससे जनपद गोण्डा में सुरक्षित,सुव्यवस्थित एवं दुर्घटनामुक्त याता यात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके, इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार राव त,क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय, एआर टीओ आर.सी.भारती एवं प्रभारी निरीक्षक समे त अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# छप्पर उजाड़ने पर दबंगों ने में लाठी-डंडों से दबंगों ने पीटा, दो महिलाएं घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के परसपुर थानाक्षेत्र के सुसुंडा ग्राम पंचायत के रघुवीर पुरवा में आबादी की जमीन पर छप्पर रखने और उसे उजाड़ने को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई है।इस घटना में ला ठी-डंडों और लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया । गया जिसमें दो महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है यह विवाद उषा देवी और तेज प्रकाश के गुटों के बीच हुआ।आरोप है कि तेज प्रकाश ने अपनी पत्नी मंजू, बेटी पिंकी और बे टे रवि उर्फ सत्य प्रकाश के साथ मिलकर उषा देवी के गुट पर हमला किया। मारपीट में उषा देवी के गुट की दो महिलाओं को चोटें आईं। उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में प्राथमिक उपचार दिया गया,जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कि या गया।मारपीट की घटना का एक वीडि यो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जिसमें कुछ लोग लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे,उषा देवी ने परसपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि तेज प्रकाश के गुट ने उनके जेठ अश्वनी पांडे के साथ मारपीट की है। जब वे बेहोश हो गए और उषा देवी व अन्य मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने उषा देवी की तहरीर पर तेज प्रकाश, रवि उर्फ सत्य प्रकाश,मंजू और पिंकी के खिलाफ मारपीट औ र गाली-गलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज कि या है।परसपुर थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बता या कि छप्पर रखने और उसे हटाने के विवाद को लेकर पहले दोनों गुटों में गाली-गलौज हुई, जिसके बाद मारपीट हुई। उन्होंने पुष्टि की कि उषा देवी के गुट के लोगों को चोटें आई हैं और उनकी तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ माम ला दर्ज कर जांच की जा रही है।वायरल वीडि यो का भी संज्ञान लिया गया है और उसकी भी जांच की जा रही है।

# जर्जर पाइप लाइन बढ़ा रहीं हैं लोगों की मुश्किलें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । घरो में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए केन्द्र व सूबे की सरकारों की ओर से कई योज नाएं संचालित हों रही है। यहां तक शहरी क्षेत्रों में अत्याधुनिक तरीके से पेयजल पहुंचाने के ना म पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं पानी की टंकियों के निर्माण से लेकर आटोमेशन के जरिए उसके संचालन पर जोर दिया जा रहा है पाइप लाइनों में सतत सुधार व बदलाव किए जा रहे हैं। शहर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दावे जितने ऊंचे हैं,हकीकत उतनी ही बद हाल हैं कांशीराम कॉलोनी से लेकर डेढ़ सौ सा ल पुराने मालवीय नगर, पटेल नगर तक जर्जर और पुरानी पाइपलाइनों से रोज़ाना हजारों ली टर साफ पानी सड़कों और नालियों में बह रहा हैं कहीं पाइप लाइन फूटी हैं,कहीं जोड़ खुले प ड़े हैं तो कहीं पेयजल की लाइनें नालों और सी वर के बिल्कुल सटे होकर गुजर रही हैं।नतीजा यह कि लोगों तक पहुंचने से पहले ही शुद्ध पा नी दूषित हो रहा है और नागरिक बीमारियों के खतरे में जीने को मजबूर हैं।नई कॉलोनी, पुरा नी समस्या कांशीराम कॉलोनी वर्ष 2007 में ब सी थी।सरकार का उसे समय उद्देश्य था कि श हरी गरीब और मध्यम वर्ग को योजनाबद्ध बसा वट पक्की सड़कें,साफ पानी,सीवर और बिज ली जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलें। लेकिन 18

साल बाद भी कॉलोनी के कई ब्लॉकों में वही पुरानी कहानी है-फूटी पाइपलाइनें, कम दबाव में पानी, गंदे नालों से सटी पेयजल लाइनें और जगह-जगह रिसाव। सुबह-शाम पानी आने के समय सड़कों पर बहता पानी लोगों की आंखों में चुभता है,क्योंकि यह वही पानी है, जिसके लिए वे हर महीने बिल चुकाते हैं,वह नहीं मिल ता है।डेढ़ सौ साल पुराना मालवीय नगर व प टेल नगर की आबादी करीब 40 हजार बताई जाती है।यह दोनों इलाके शहर की पुरानी बसा वट का अहम हिस्सा है। समय के साथ यहां की आबादी बढ़ती गई, लेकिन बुनियादी ढांचा उस रफ्तार से नहीं बढ़ा।कई हिस्सों में आज भी द शकों पुरानी लोहे की पाइपलाइनें लगी हैं, जिन में जंग लग चुकी है।जगह-जगह से पानी टपक ता रहता है।बारिश के दिनों में हालात और बि गड़ जाते हैं। नालों का पानी पेयजल लाइन में घुसने की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि कई बार पानी से बदबू आती है, रं ग बदल जाता है,लेकिन शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं होता।शुद्ध पानी की जग ह बीमारियों का खतरा पेयजल और सीवर ला इन का पास-पास होना सिर्फ तकनीकी खामी नहीं,बल्कि सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा मा मला है।बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक पेट के संक्र मण, दस्त, टायफाइड, पीलिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। महिलाएं, जो घर के कामकाज में पानी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करती हैं,सबसे अधिक प्रभावित होती हैं। छोटे बच्चों के लिए यह खतरा और गंभीर है। बुजुर्गों की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के चलते मामू ली संक्रमण भी जानलेवा बन सकता है।बच्चों के दूषित पानी से बार-बार बीमार पड़ने पर प ढ़ाई प्रभावित होती है।स्कूल छूटते हैं, दवाइयों पर खर्च बढ़ता है लेकिन जिम्मेदारों ने कोई सुधार नहीं किया हैं।

# महिला पीजी कालेज में आयोजित हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक मनाये जा रहे यातायात सुरक्षा माह अन्तर्गत महिला महाविद्यालय बहराइच में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी तथा सडत्रक सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह द्वारा समस्त छात्राओं/अध्यापिकाओं एवं अन्य उपस्थित कर्मचारी को यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया गया तथा दुर्घटनाओं से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर छात्राओं व आमजन को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पैम्फलेट का वितरण भी किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक यातायात राम प्रकाश यादव मय पुलिस दस्ता तथा परिवहन एवं महिला महाविद्यालय के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राजकीय कृषि प्रक्षेत्र घाघराघाट का कृषि मंत्री ने किया भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा जनपद बहराइच में राजकीय कृषि प्रक्षेत्र एवं फसल अनुसंधान केंद्र घाघरा घाट का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों के साथ प्रक्षेत्र के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि राजकीय कृषि प्रक्षेत्र घाघराघाट, जरवल में कुल 43.08 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की जा रही है, जिसमें 5 हेक्टेयर अरहर, 2 हेक्टेयर मटर, 5 हेक्टेयर सरसों तथा 31.02 हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की गई है।

मा. मंत्री श्री शाही द्वारा समय से गेहूं की बुवाई एवं सिंचाई के साथ उत्पादकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए एवं प्रक्षेत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु जेसीबी, ट्रैक्टर, सुपर सीड ड्रिल, सोलर लाइट एवं स्ट्रीट लाइट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये। श्री शाही ने निर्देश दिया तालाब खुदवाकर उसमें मखाना एवं सिंघाड़ा की खेती प्रारंभ की जाय तथा फरवरी माह में शेष खाली भूमि पर मक्का, उड़द एवं मूंग की खेती करने हेतु निर्देशित किया। श्री शाही ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कृषि नवाचार, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से निरंतर प्रयास करते रहें।

इस अवसर पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के निदेशक टी.एम. त्रिपाठी, संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा लोकेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, फसल अनुसंधान केन्द्र घाघराघाट के प्रभारी अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह सहित कृषि विभाग और प्रक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जनपद में आज से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जनवरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 08 से 28 जनवरी 2026 तक होगा। वितरण अवधि में अन्त्योदय काडी पर 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न प्रति कार्ड (21 कि.ग्रा. चावल व 14 कि.ग्रा. गेहूं) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 28 जनवरी 2026 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता हैं कि उक्त वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई-वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें। यदि किसी विक्रेता के वितरण विरूद्ध वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद का आगमन 08 जनवरी को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले रणवीर प्रसाद का 08 जनवरी 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद पूर्वान्ह 11:00 बजे जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ सी.एम. डैश बोर्ड, अन्नपूर्णा भवनों के संचालन व निर्माण कार्य तथा धान खरीद कार्य की समीक्षा करेंगे तदोपरान्त निर्माण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद 09 जनवरी को पूर्वान्ह 10:30 बजे भरथापुर से विस्थापित किये जाने वाले परिवारों हेतु ग्राम पंचायत सेमरहना में चयनित स्थल तथा गौशाला व अन्य परियोजनाओं का भ्रमण करेंगे। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद अपरान्ह 04:30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## पेशकार पद हेतु सेवानिवृत्त कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव ने बताया कि जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त ऐसे कार्मिक जिनकी आयु 65 वर्ष से कम है, स्थाई लोक अदालत में पेशकार के एक पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन-पत्र का प्रारूप निकट तारा गर्ल्स इण्टर कालेज स्थित एडीआर भवन में संचालित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय अथवा जनपद न्यायालय बहराइच की अधिकारिक वेबसाइट बहराइच डाट डीकोर्ट्स डाट जीओवी डाट इन से डाउनलोड कर सकते हैं। सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी 27 जनवरी 2026 तक भरे हुए आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय को स्वयं अथवा डाक के माध्यम से प्राप्त करा सकते हैं। योग्य अभ्यर्थी का चयन अधिकतम 02 वर्ष के लिए एक निर्धारित मानदेय रू. 9000=00 प्रतिमाह पर किया जायेगा।

## जर्जर दीवार गिरने से मासूम की मौत, गांव में मातम

मीरजापुर। संतनगर थाना क्षेत्र के खंडवर मझारी गांव में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। सामुदायिक भवन की जर्जर बाउंड्री वॉल अचानक गिरने से सात वर्षीय बालिका की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया।
मृतका की पहचान रविंद्र कुमार की बेटी शिखा (7) के रूप में हुई है। बताया गया कि शिखा सामुदायिक भवन के पास खेल रही थी, तभी अचानक दीवार भरभराकर गिर पड़ी और वह मलबे में दब गई। तेज आवाज सुनकर पंचायत सहायिका सविता समेत आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बच्ची को मलबे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। परिजन आनन-फानन में शिखा को निजी वाहन से पीएचसी पटेहरा लेकर पहुंचे, जहां तैनात चिकित्सक डॉ. राजकुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिखा पथरौर कंपोजिट विद्यालय में कक्षा एक की छात्रा थी और अपने भाई-बहन में सबसे बड़ी थी। हादसे के बाद मां सरिता और पिता रविंद्र कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में संतनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि सामुदायिक भवन की पुरानी और जर्जर दीवार गिरने से हादसा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

# स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी : डीएम

एजेंसी



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को आदेशित करते हुए कहा है कि जनमानस को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए आवश्यक है कि नगरीय क्षेत्र में सीवर लाइन, पेयजल पाइप लाइन की नियमित जांच की जाए। यदि कहीं पर सीवर अथवा पेयजल पाइप लाइन में ब्रेकेज व लीकेज पाई जाती है तो उसे तत्काल सही कराया जाए।

जलापूर्ति से सम्बन्धित पानी की टंकियों की नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करे,ताकि आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी कौर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने से संबंधित आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। उन्होंने कहा कि पेयजल व्यवस्था से जुडे नलकूप, हैण्डपम्प, पाइप लाइन,टंकी एवं अन्य उपकरणों का संचालन इस तरह सुनिश्चित कराया जाए कि पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सके।

# जनसुनवाई में महिला आयोग की सदस्य ने कहा- महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता से हो कार्रवाई

एजेंसी

कानपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने आज कानपुर में आयोजित महिला जनसुनवाई में कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण आयोग की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है। उनसे संबंधित पेंशन, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की जाए। आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी की अध्यक्षता में आज कैंट स्थित सर्किट हाउस सभागार, कानपुर नगर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई कर उनका नियमानुसार, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना रहा। इस जनसुनवाई में कुल पांच प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सम्मिलित रहीं। प्राप्त प्रकरणों में से एक प्रकरण वृद्धा पेंशन से संबंधित था, जिसका आयोग की सदस्य के द्वारा संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कराते हुए मौके पर ही त्वरित निस्तारण कराया गया।

आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने स्पष्ट किया गया कि महिलाओं से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) बिल्हौर सत्यपाल प्रजापति, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिन्हा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्तागण सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# करणी सेना के जिलाध्यक्ष को अलग अलग नंबरों से मिल रहीं धमकियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद में एक शिकायत दर्ज की गई है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि एक गिरोह द्वारा झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है और धार्मिक आधार पर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता रविन्द्र सिंह का आरोप है कि मुश्ताक नाम का व्यक्ति अपने गिरोह के साथ मिलकर रंगदारी और धमकी दे रहा है। आपकों बताते चलें ठाकुर रविन्द्र सिंह श्री राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं और पीलीभीत मंडी समिति में ठाकुर साहब एंड कंपनी और महाराणा प्रताप एंड कंपनी के नाम से दुकान हैं श्री राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष ठाकुर रविन्द्र सिंह ने पीलीभीत पुलिस अधीक्षक को आईजीआरएस के माध्यम से जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है शिकायतकर्ता ने आईजीआरएस में आरोप लगाते हुए कहा प्रारंभिक स्तर पर जानबूझकर माहौल बिगाड़ने का प्रायस किया जा रहा है और वास्तव में साजिद कदीरी, परवेज कादीरी (बड़ा भाई), राजा हाजी, और शहजाद जो कि मुश्ताक का भांजा है तथा अन्य 2.3 व्यक्ति ये सभी नवीन मंडी समिति पीलीभीत दुकान नंबर 57 के आसपास ग्रुप बनाकर सक्रिय रहते हैं इन सबका सरगना मुश्ताक हैं जो कि अपने आप को विकलांग बताकर घर से ही संगठित गिरोह का संचालन करता है द्य ठाकुर साहब एंड कंपनी एवं महाराणा प्रताप एंड कंपनी की सब्जी से भरी गाडियां पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) भेजी जा रही थीं उन्हें भी दबंग मुश्ताक के साथियों द्वारा रास्ते में रोका गया द्य इसके बाद मुश्ताक के उत्तराखंड के साथियों द्वारा विभिन्न नए नंबरों से बार बार धमकाया गया इस बारे में मुश्ताक से बात करने के बाद बदले की भावना से फर्जी तरीके से एफ.आई.आर. दर्ज करा दी जिससे रविन्द्र सिंह की श्री राजपूत करणी सेना और मंडी समिति में छवि धूमिल हो सकें द्य करणी सेना के जिलाध्यक्ष ने मुश्ताक और उसके साथियों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकलवा कर संगठित अपराध के नेटवर्क और सीसीटीवी फुटेज को तत्काल कराकर उसका विश्लेषण कराया जाए। धार्मिक आधार पर भ्रामक शिकायते कराकर माहौल बिगाड़ने का प्रायस करने वालों एवं यह मामला फर्जी और साजिशपूर्ण पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है द्यशिकायतकर्ता रविन्द्र सिंह पुत्र पंचम सिंह ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच कराने की भी मांग की है ।

# लम्भुआ में घोषणा नहीं, धरातल पर काम दिखता है : सीताराम वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लम्भुआ/सुलतानपुर। विधानसभा आज सिर्फ एक क्षेत्र नहीं, बल्कि विकास का मॉडल बनकर उभर रही है। बीते तीन वर्षों में यहाँ जिस तेजी से सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, खेल और जनकल्याण के काम हुए हैं, उसने यह साफ कर दिया है कि जब नेतृत्व मजबूत हो, नीयत साफ हो और जनता के प्रति जवाबदेही हो, तो विकास अपने आप जमीन पर उतरता है।ग्रामीण स्टेडियम, ओपन जिम, हाईमास्ट लाइट, सोलर लाइट, नए थाने की स्थापना, तहसील में बार सभागार, मंदिरों का सौंदर्यीकरणकृये सब सिर्फ योजनाएँ नहीं, बल्कि उस सोच का परिणाम हैं जो लम्भुआ को पीछे नहीं, आगे ले जाना चाहती है।जल जीवन मिशन के तहत 63 हजार से अधिक घरों में नल से जल पहुँचना, 17 हजार से अधिक नए बिजली कनेक्शन, सैकड़ों किलोमीटर लाइन का नवीनीकरण और उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धिकृयह सब दर्शाता है कि यहाँ विकास सिर्फ कागजों में नहीं, घर-घर तक पहुँचा है। किसानों को सम्मान निधि, गरीबों को आवास, महिलाओं को पेंशन, वृद्धों को सहारा, दिव्यांगों को सम्मानकृहर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। यही वजह है कि लम्भुआ आज भरोसे का दूसरा नाम बनता जा रहा है। जनप्रतिनिधि की सक्रियता और उपलब्धता की चर्चा सिर्फ क्षेत्र में ही नहीं, आसपास की विधानसभाओं में भी है। लोग अपनी समस्याएँ लेकर लम्भुआ पहुँचते हैं, क्योंकि उन्हें भरोसा है कि यहाँ सुना भी जाएगा और समाधान भी होगा। लम्भुआ आज उस राजनीति की मिसाल है जहाँ भाषण कम और काम ज्यादा है। जहाँ फोटो से ज्यादा फोकस फाइल और फील्ड पर है। और यही कारण है कि जनता के बीच संदेश साफ हैकृलम्भुआ में नेतृत्व काम करता है, सिर्फ वादा नहीं।

# अमेठी में ट्रक और स्कूटी की टक्कर में दो युवकों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना अमित क्षेत्र के अमेठी बाईपास पर स्थित मां की रसोई रेस्टोरेंट के सामने तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी जिसमें दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गम्भीर रुप से घायल हो गया है जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुट गई है। बताते चलें कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे प्रतापगढ़ रोड बाईपास पर स्थित मां की रसोई रेस्टोरेंट के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने स्कूटी सवार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते स्कूटी सवार तीन मौके पर गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी पहुंचाया जहां पर मौजूद इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर देवेश तिवारी ने जांच के उपरांत दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि गम्भीर रूप से घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मृतक युवकों की पहचान मोनू यादव पुत्र राम अंजोर यादव उम्र अठाइस वर्ष निवासी बघवरिया मजरे कटरा फूल कुंवर थाना अमेठी और दिग्विजय सिंह पुत्र टी पी सिंह उम्र चालीस वर्ष निवासी एसडीएम कालोनी थाना अमेठी के रूप में हुई है जबकि घायल युवक की पहचान शिवनाथ गुप्ता पुत्र रामलाल उम्र तीस वर्ष निवासी ग्राम तिवारीपुर मजरे कटरा फूल कुंवर थाना अमेठी के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार बंद, यात्रियों को असुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य के चलते यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कार्यदायी संस्था द्वारा स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अचानक बंद कर दिया गया है और टिनशेड व बल्लियों लगाकर रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया गया है। इसके कारण यात्रियों को अब एनआरएमयू संघ भवन के पास से रेलवे कॉलोनी के पीछे होकर बनाए गए एक वैकल्पिक मार्ग से स्टेशन तक जाना पड़ रहा है। यह नया मार्ग लगभग 300 मीटर लंबा है और बेहद क्षतिग्रस्त हालत में है। जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़क के कारण पैदल चलना भी कठिन हो गया है। बाइक और अन्य छोटे वाहनों से गुजरना तो और भी जोखिम भरा साबित हो रहा है। वहीं जीआरपी और आरपीएफ थाने के सामने भी जेसीबी से खुदाई कर दी गई है, जिससे आवागमन और अधिक बाधित हो गया है। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा अध्यक्ष आसिम सज्जाद ने इस फैसले पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्य द्वार बंद कर देना यात्रियों के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए भी परेशानी का कारण बन गया है। आसिम सज्जाद ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग रेलवे कॉलोनी के पीछे कच्चे और खड़ंजे रास्ते से होकर गुजरता है, जिसकी हालत बेहद खराब है। इसी मार्ग पर एनआरएमयू, नॉर्दर्न रेलवे यूनियन और ओबीसी एसोसिएशन के कार्यालय भी स्थित हैं, जहां कर्मचारी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आते-जाते रहते हैं। रास्ता खराब होने से अब उन्हें भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आरक्षण केंद्र के पास नए कार्यालय बनाने का आदेश पहले ही हो चुका है और निर्माण कार्य जारी है, लेकिन जब तक वह पूरा नहीं होता, तब तक पुराने मार्ग को बंद करना बिल्कुल उचित नहीं है। सज्जाद ने प्रशासन से अपील की कि 15 फरवरी तक चल रहे माघ मेले के दौरान यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होगी, ऐसे में टिकट लेने और स्टेशन तक पहुंचने में लोगों को और ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने मांग की कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था सुधारी जाए या मुख्य प्रवेश द्वार को अस्थायी रूप से खोला जाए।

## उपाधि महाविद्यालय में 3 फरवरी को आयोजित होगा पुरातन छात्र सम्मेलन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के बीचो-बीच स्थित उपाधि महाविद्यालय अपने पूर्व छात्रों के लिए एक सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। जिसकी तिथि आगामी 3 फरवरी निर्धारित की गई है। जो संस्थान के शैक्षिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा साल 1964 से अब तक महाविद्यालय से स्नातक परास्नातक कर चुके तक चुके लाखों छात्र छात्राएं जो आज देश और दुनिया में विभिन्न उच्च पदों पर रहकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। बो सभी छात्र इस सम्मेलन के माध्यम से एक सूत्र में बंधेंगे। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय में पहुंचकर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दोषीयो को 10-10 साल की सजा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पूरनपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में थाना पूरनपुर पुलिस और अभियोजन इकाई की प्रभावशाली और सुनियोजित पैरवी के चलते आज एक आरोपी को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना पूरनपुर पर दर्ज मामले में आरोपी राजू , सुमेर, तारावती निवासी ग्राम धर्मापुर को माननीय न्यायालय द्वारा दोषी ठहराते हुए दस साल के कारावास और 28000 के जुर्माने की सजा सुनाई गई है पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोप पत्र समय पर दाखिल किया गया और अभियोजन पक्ष द्वारा मजबूत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। परिणामस्वरूप, कम समय में ही आरोपी को सजा दिलाई जा सकी गौरतलब है कि ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान का उद्देश्य गंभीर अपराधों में लिप्त अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाकर अपराध नियंत्रण में प्रभावी भूमिका निभाना है पीलीभीत पुलिस इस दिशा में लगातार प्रयासरत है और अब तक कई मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित किया गया है।

## अलाव की आग की चपेट मे आने से महिला झुलसी:हालत गम्भीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव ढक्का चांट में बुधवार दोपहर एक बुजुर्ग महिला अलाव तापते समय गंभीर रूप से झुलस गई उनकी साड़ी में आग लगने से यह हादसा हुआ महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है गांव निवासी मंजीत कौर (लगभग 60 वर्ष), पत्नी बलविंदर सिंह, दोपहर करीब 12 बजे ठंड से राहत पाने के लिए अलाव के पास बैठी थीं इसी दौरान अचानक उनकी साड़ी में आग लग गई आग लगते ही मंजीत कौर घबरा गईं और चीखने-चिल्लाने लगीं मंजीत कौर घर में अकेली रहती हैं उनकी चीख-पुकार सुनकर और आग की लपटें देखकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक महिला का शरीर काफी हद तक झुलस चुका था।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम, देहात में अधिनियम की जानकारी दी गई

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मरौरी ब्लॉक के सिकलापुर मे बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन और जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में सिकलापुर मे संपन्न हुआ बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह पूरी तरह प्रतिबंधित है बाल विवाह को बढ़ावा देने वालों के लिए दंड का प्रावधान भी किया गया है ताकि बच्चों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर नींद की झपकी से पलटी पिकअप

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते होते टल गया।कानपुर से अशोक लीलैंड पिकअप सिलाई मशीनें लादकर बिहार जा रही थी चालक को अचानक नींद आ जाने के कारण असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई।पिकअप चालक की पहचान शुभम यादव पुत्र रामबाबू यादव निवासी उदित खेड़ा जिला उन्नाव के रूप में हुई है।वाहन में उसके साथ सहचालक इमरान पुत्र इम्तियाज हुसैन निवासी ग्वालटोली 14/1, रेलवे क्रॉसिंग, थाना कर्नलगंज जिला कानपुर भी सवार था।हादसे में दोनों सवार पूरी तरह सुरक्षित रहे और किसी को भी चोट नहीं आई। इस कारण एम्बुलेंस की आवश्यकता नहीं पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही पैकेज दो की वाहन संख्या दो के सुरक्षाकर्मी करीब साढ़े पांच बजे घटनास्थल पर पहुंच गये। इसके बाद सेफ्टी कोन की गाड़ी तथा पीआरबी वाहन मौके पर पहुंच गया। सुरक्षा की दृष्टि से सड़क पर सेफ्टी कोन लगा दिये गये हैं।पलटी हुई पिकअप को हाइड्रा की मदद से टोल प्लाजा हलियापुर पर खड़ा कराया जायेगा।

## स्वास्थ्य विभाग ने जायस में सीएससी निर्माण का भेजा प्रस्ताव।

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयास से कस्बा जायस में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की कवायद तेज हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने इसका प्रताव शासन को भेजा है जिस पर जल्द मोहर लगने की उम्मीद है। इस पहल से हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।वर्तमान में जायस कस्बे में केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है जिसमें आधुनिक सुविधाओं का अभाव है। इस कारण गम्भीर मरीजों को इलाज के लिए फुरसतगंज (लगभग तेरह किलोमीटर दूर) या जिला अस्पताल (दस किलोमीटर से अधिक दूर) जाना पड़ता है। इससे आपातकालीन स्थिति में मरीज को त्वरित राहत मिलने में देरी होती है। आम जनमानस की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये जिले के स्वास्थ्य विभाग ने शासन को सीएचसी निर्माण के लिए पत्र भेजा है। नया सीएचसी पुराने पीएचसी के पास ही बनाया जाएगा इसके लिये करीब डेढ़ बीघा जमीन का चिन्हांकन भी किया जा चुका है।इस पूरे मामले पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया की शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रस्ताव जल्द ही पास हो जायेगा। प्रस्ताव पारित होने के बाद चिन्हित जमीन पर सीएचसी का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा।शासन को भेजे गये पत्र में बताया गया है कि जायस की आबादी लगभग एक लाख है। इतनी बड़ी आबादी के लिये नजदीकी सीएचसी और जिला अस्पताल की दूरी अधिक होने के कारण गम्भीर रूप से घायल या अन्य मरीजों को समय पर उपचार नही मिल पाता है।सीएचसी निर्माण से यह समस्या दूर होगी।

# शुकुल बाजार में अधेड़ की हत्या के बाद शव गोमती नदी में फेंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीओ के साथ पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया

शुकुल बाजार अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेममऊ के गांव पूरे मल्हान में हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है।एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर शव को गोमती नदी में फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी से शव बरामद कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे मल्हान मजरे खेममऊ निवासी रमेश कुमार मल्लाह उम्र करीब पैंतालिस वर्ष टैम्पो चलाकर अपना जीवन यापन करता था।बीती रात गांव के बगल स्थित एक गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसी दौरान वह अपने कुछ साथियों के साथ शराब पीने के लिये निकल गया।आरोप है कि शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर हुये विवाद में नशे की हालत में अज्ञात लोगों ने रमेश की हत्या कर दी और शव को गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर गोमती नदी में फेंक दिया। बुधवार की सुबह ग्रामीणों को घटनास्थल के पास खून के निशान और एक चप्पल दिखाई दी जिससे अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने गोताखोरों को बुलाकर जाल डलवाया और नदी से रमेश का शव बरामद किया।घटनास्थल पर मिले खून के निशान, चप्पल तथा मृतक के शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान पाये गये हैं।मामले की गम्भीरता को देखते हुये फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, थाना शुकुल बाजार के थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।वहीं मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और हत्या के कारणों व आरोपियों की तलाश में जांच शुरू कर दी गई है।

# बाबा नरपति शिक्षण संस्थान में एनीमिया मुक्त अभियान का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । किशोरियां व गर्भवती महिलाये एनीमिया से पीड़ित है इसी चुनौतियों को देखते हुये सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी सम्बद्ध मेरा युवा भारत अमेठी, एनीमिया फ़्री इंडिया फ़ोरम एवं सहायक ट्रस्ट मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में बाबा नरपति शिक्षण संस्थान इण्टर कालेज मुंशीगंज में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य रजनीश झा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजनीश झा ने कहा कि अध्ययन में सामने आया है कि करीब इकतीस फीसदी गर्भवती महिलाएं जिले में अनीमिया की शिकार पाई गईं। इन गर्भवतियों में हिमोग्लोबिन का स्तर सात डेसी लीटर से भी कम मिला है।मीनाक्षी झा ने कहा कि सरकार हर माह नौ, सोलह, चौबीस तारीख को सरकारी अस्पतालों में जांच शिविर लगाती है। सामान्य महिला के शरीर में बारह ग्राम प्रति डेसी लीटर रक्त होना चाहिये। इंजी0 लालमणि कश्यप सदस्य जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति एवं संस्थापक साहस ने कहा कि नवासी फीसदी किशोरियां एनीमिया से देश भर में पीड़ित हैं। लक्ष्मी ने कहा कि पीड़ित किशोरियों और गर्भवतियों में थकान, चक्कर, सांस लेने में दिक्कत, चेहरा पीला पड़ना, सिर दर्द, दिल की धड़कन तेज होने के साथ भूख न लगना, कम वजन का और समय से पहले बच्चे का जन्म, चिड़चिड़ापन, बार-बार बीमार पड़ना और मानसिक एकाग्रता की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मास्टर ट्रेनर चन्दर पाल यादव ने कहा कि शून्य से उनसठ महीने के दो बच्चों में से एक बच्चा एनीमिया से पीड़ित है। पन्द्रह से उनसठ साल की दो महिलाओ में से एक महिला एनीमिया से पीड़ित है। जैविक पोषण वाटिका बनाने की विधि, बीजामृत और जीवामृत तैयार करने की विधि और फायदे पर विस्तार से चर्चा की। इस बीमारी से बचना है तो संतुलित आहार करे और जंक फूड से बचे।

# सनातन की रक्षा के लिए सबको आगे आना होगा : स्वामी प्रखर महाराज

## उत्तर प्रदेश में जब से योगी का राज आया तबसे हिंदू सर उठाकर बात कर रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। शत गायत्री पुरस्चरण महायज्ञ आतंकवाद की समाप्ति संसार में धार्मिक उन्माद सब के सुख की समाप्ति को पुष्कर में 8मार्च से 19 अप्रैल तक आयोजन किया जा रहा है महायज्ञ को सफल बनाने को पूरे देश में स्वामी प्रखर भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में आर एस मॉल मे एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बुधवार को शाम को संपन्न हुई सभा के अध्यक्षता डॉक्टर डी एस मिश्रा ने किया स्वामी प्रखर महाराज का स्वागत वरिष्ठ नेता पंडित राम शब्द मिश्रा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आरके मिश्रा डॉक्टर जी सी पाठक सुभाष त्रिपाठी के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। हरिद्वार से पधारे श्री प्रखर महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदुओं को मारा जा रहा है यह जनता का विषय है आज उसका नंबर है कल हमारा नंबर आएगा बांग्लादेश में क्या हो रहा है देखिए सनातन धर्म को आगे आना होगा बांग्लादेश में अभी ब्राह्मण की हत्या हुई दुनिया के लोग शांत है यह घटनाक्रम नहीं है यह चिंता का विषय है और इसका उपाय सोचना पड़ेगा सुरक्षा का क्या उपाय हो सकता है नहीं अगर हम सोचते हैं तो इसका दुष्परिणाम भोगना पड़ेगा। आज हम लोग उसका समाधान कैसे निकले आज हिंदू सनातनी कैसे बचे ब्राह्मणों की रक्षा कैसे हो ब्राह्मण जो शक्तिशाली जाति रहा है उसके सामने सभी नस मस्तक होते थे। आज ब्राह्मणों की आवाज कोई सुनने वाला नहीं है हिंदुओं को मारा जा रहा है सनातनियों पर हमला हो रहा है इस पर आज हम लोग चिंता ही नहीं एक्शन लेने के लिए इकट्ठा हुए हैं हम लोग दुनिया को बदलना चाहते हैं ब्राह्मण जग गया है ब्राह्मणों के द्वारा ही दुनिया बदली है। ब्राह्मण की महिमा का वर्णन कोई कर नहीं सकता यह दुनिया बहुत ही सुंदर है सुंदर दुनिया को लोग गंदा कर रहे हैं।

मार्केट आतंकवाद के माध्यम से गंदा कर रहे हैं ब्राह्मणों के प्रयास से ही बदलाव आया है स्वयं को कष्ट में डालकर ब्राह्मण सबका कल्याण चाहता है जब परशुराम के माता की हत्या हुई तब वह विचलित हो गए यह तो अन्याय है उसके दमन की आवश्यकता है प्रतिज्ञा कर लिया उसे उदंड को दंड देने का समय आ गया है और अनेक वर्ष तक तप करते रहे उसे ताप का परिणाम उस ब्राह्मण बालक के अंदर में भगवान शंकर के पास जो भी ज्ञान विज्ञान तकनीक थी वह ब्राह्मण बालक के शरीर में प्रतिस्थापित हो गया। वही ब्राह्मण बालक आगे चलकर भगवान परशुराम कहलाया उन्होंने अपने बाहुबल से पूरे संसार में जहां-जहां उदंड राजा थे उन्हें दंडित करके उनसे संपत्ति जीत करता है सजन राजाओं को बांट दिया परशुराम ने अपना पिनाक धनुष रावण को नहीं दिया पूरे विश्व में जब ध्यान दिया तो देखा कि जनकपुर में पिनाक धनुष को राजा जनकपुर जनक को धरुवर के रूप में दे दिया भगवान परशुराम अगर क्षत्रियों के दुश्मन होते तो जनक को पिनाक धनुष न देते उत्तर प्रदेश में जब से योगी का शासन है तब से हिंदू सर उठाकर बात कर रहा है परशुराम जी क्षत्रियों के दुश्मन नहीं थे ब्राह्मणों को षड्यंत्र नहीं करना है ब्राह्मण परिकल्पना करता है ब्राह्मण की महानता इसी में है कि बिना किसी स्वार्थ के सभी की सेवा करें संसार की खुशी से ब्राह्मण अपना खुशी मनाते हैं यही ब्राह्मण का डीएनए है यही ब्राह्मण की मानता है ब्राह्मण की शक्ति का कोई अंत नहीं है समाज के सभी लोगों के स्वस्थ रहने की सभी लोग निरोग रहे इस संसार में दुखी कोई ना आए यही ब्राह्मण की परिकल्पना है ब्राह्मण ऐसी शक्तिशाली जाति रहा है जिसके सामने भगवान भी नशमत तक होते रहे हैं। सम्मेलन में प्रमुख रूप से डॉ सप्तऋषि मिश्रा डॉ विनीत राजदेव शुक्ला रवि दुबे धीरेंद्र कुमार श्रवण पाठक हरीश शुक्ला किशन पाठक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# राजनीति, हिंसा और नैरेटिव

दिल्ली में साल 2020 के दंगे योजनाबद्ध अराजकता, राजनीतिक संरक्षण और वैचारिक उद्दीपन का भयावह उदाहरण थे। यह हिंसा अचानक भड़की कोई घटना नहीं थी बल्कि इसके पीछे महीनों से तैयार किया गया ऐसा तंत्र था, जिसमें शब्दों को हथियार और भीड़ को औजार बनाया गया। इन दंगों में 53 निर्दोष लोगों की जान गई। इनमें एक होनहार खुफिया अधिकारी अंकित शर्मा, पौड़ी गढ़वाल से दिल्ली रोजगार की तलाश में आया दिलबर नेगी और दो पुलिसकर्मी भी शामिल थे। इन हत्याओं की क्रूरता ने पूरे देश की आत्मा को झकझोर दिया, किंतु उससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह रही कि पीड़ितों का दर्द धीरे-धीरे हाशिये पर चला गया और आरोपितों के लिए सहानुभूति का एक संगठित नैरेटिव खड़ा किया गया। अंकित शर्मा, जो देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी संस्था के लिए कार्यरत थे, उनके शरीर पर 74 चाकू के घाव मिले। यह सिर्फ हत्या नहीं थी, एक संदेश था। वहीं दिलबर नेगी, एक गरीब मां का बेटा, जिसकी कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी, उसके हाथ-पैर काट कर उसे जिंदा जला दिया गया। सवाल यह है कि क्या यह केवल दंगा था या फिर भीड़ की हिंसा को वैचारिक समर्थन देने वाली मानसिकता का परिणाम? इस पूरे प्रकरण में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि जिन लोगों पर इस हिंसा की साजिश रचने और उसे भड़काने के गंभीर आरोप हैं, उनके बचाव में खड़े होने वाले वकील कोई साधारण नाम नहीं हैं। ये सभी देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली व्यक्ति हैं। उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे आरोपितों की पैरवी करने वालों में कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, अश्विनी कुमार जैसे नाम शामिल हैं, जो देश में कांग्रेस सरकारों के समय बड़े मंत्रालय संभाल चुके हैं। इनके साथ सिद्धार्थ दवे, सिद्धार्थ लूथरा और त्रिदीप पैइस जैसे वरिष्ठ वकील भी जुड़े रहे। ऐसे में ये सिर्फ कानूनी सहायता का मामला नहीं लगता, साफ तौर पर एक विशेष वैचारिक झुकाव का संकेत देता है। यहां प्रश्न उठता है कि क्या कांग्रेस और उससे जुड़े वैचारिक तंत्र को पीड़ितों की चीखें सुनाई नहीं देतीं। क्या अंकित शर्मा की मां का विलाप उन्हें विचलित नहीं करता। लेकिन वही तंत्र उमर खालिद और शरजील इमाम में लोकतंत्र का रक्षक और अभिव्यक्ति की आजादी का प्रतीक खोज लेता है। यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि सोची-समझी विचारधारा का परिचय है, जहां राष्ट्र की सुरक्षा एजेंसियों को संदेह के घेरे में रखा जाता है और दंगों के आरोपित नैरेटिव के नायक बना दिए जाते हैं। दूसरे शब?दों में कहें तो कांग्रेस को पीड़ितों की चीखें नहीं दिखतीं, पर आरोपितों में वह ''पीड़ित'' ढूँढ लेती है। वह अंकित शर्मा जैसे शहीद अधिकारी की निर्मम हत्या को राजनीतिक चर्चा का विषय नहीं बनाती, पर ॒टुकड़े-टुकड़े गैंग॒ के पोस्टरबॉय को लोकतांत्रिक अधिकारों की कथा बनाकर प्रस्तुत करती है। यह कोई संयोग नहीं बल्कि एक विचारधारा का परिचय है, जहाँ राष्ट्र की सुरक्षा एजेंसियाँ गलत और दंगों के आरोपी ॒नैरेटिव हीरो॒ बन जाते हैं। यही वह नैरेटिव-निर्माण है जिसने देश को भ्रमित किया, जहाँ अपराधी को एक्टिविस्ट और पीड़ित को अदृश्य कर दिया जाता है। जमानत दंगे के हत्यारों का अधिकार कैसे..? सवाल यह उठता है कि क्या यह केवल ''कानूनी सहायता'' है या किसी विशेष मानसिकता का स्पष्ट संकेत? सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्णय इस पूरे विमर्श में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका प्रथम दृष्टया अत्यंत गंभीर है और दिल्ली पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य विश्वसनीय हैं। अदालत ने यह भी कहा कि इस प्रकार की संगठित और हिंसक साजिश में शामिल लोगों को इस आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती कि वे लंबे समय से जेल में हैं। इसे समझें तो यह टिप्पणी नैतिक संदेश भी है कि कानून भावनाओं या राजनीतिक दबाव से संचालित नहीं होगा। हालांकि अदालत ने कुछ अन्य आरोपितों को सख्त शर्तों के साथ जमानत दी, पर साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि शर्तों के उल्लंघन पर उन्हें दोबारा जेल भेजा जा सकता है।

# मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का राजनैतिक प्रभाव

उत्तर प्रदेश के आंकड़ों पर नजर डालें तो साफ है कि सबसे ज्यादा मतदाता शहरी क्षेत्रों से कटे हैं। चूंकि शहरी क्षेत्र में भाजपा को अधिक प्रभावशाली माना जाता है इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि इसका नुकसान भाजपा को हो सकता है लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है, शहरी क्षेत्र से जिन मतदाताओं के वोट कटे हैं उनमें से अधिकांश के गांव में वोट थे जो पंचायत चुनाव में तो गांव जाकर वोट देते थे लेकिन लोकसभा और विधानसभा चुनावों में शहरों में ही मतदान करते थे। ऐसे में अगर ये मतदाता अब लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी गांव जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं तो वे ग्रामीण सीटों पर इसका लाभ भाजपा को मिल सकता है। जिन अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरे मतदाताओं के नामों को हटाया गया है उनका लाभ सिर्फ उन राजनैतिक दलों को मिलता था जो फर्जी मतदान करा पाते थे। इन नामों के कटने का नुकसान चुनावी हिंसा के लिए कुख्यात राज्यों में तो सत्ताधारी दल को हो सकता है लेकिन उप्र में इसका कोई खास प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है। हालांकि इससे मतदान प्रतिशत के आंकड़े बेहतर दिखेंगे जिसका लाभ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को होगा। गैर भाजपा विपक्षी को सबसे ज्यादा चिंता पिछले विशेष पुनरीक्षण अभियान 2003 से मेल न होने के कारण हटाए गए मतदाताओं को लेकर है।

मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए देश के 12 राज्यों में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है। मसौदा सूची जारी होने के बाद 20 प्रतिशत तक मतदाताओं के वोट कटने की संभावना से राजनैतिक दलों के नेताओं और उनके समर्थकों की नींद उड़ी हुई है। सभी राज्यों में पार्टी के बड़े नेता लगातार अपने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को इसके लिए चेता रहे हैं और पार्टी समर्थकों के वोट न कटने देने के लिए प्रयास करने को कह रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो बीते दिनों जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर चेतावनी दी थी कि जिन मतदाताओं के नाम कट रहे हैं उनमें 90 प्रतिशत भाजपा के समर्थक हैं। इतना ही नहीं एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजराज आदि राज्यों में भी भारी हलचल है। मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का राजनैतिक दलों पर क्या प्रभाव पड़ने वाला है इसका आकलन करने से पहले इस अभियान के तहत हटाए जाने वाले मतदाताओं का विश्लेषण आवश्यक है।

गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरे (डुप्लीकेट) मतदाताओं के वोट काटे जा रहे हैं। अनुपस्थित की श्रेणी में उन मतदाताओं को रखा गया है जो गहन पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेबल अधिकारी (बीएलओ) को मिले ही नहीं। इनमें स्थानांतरित और दोहरे मतदाता भी शामिल हो सकते हैं। स्थानांतरित मतदाताओं में उनको शामिल किया गया है जो अपना निवास स्थान छोड़ कर कहीं और चले गए हैं। जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है उनका नाम भी मसौदा सूची से हटा दिया गया है इसके अलावा जिन मतदाताओं के एक से अधिक स्थान पर वोट थे उनके नाम भी इस सूची से हटाए जा चुके हैं। इसके बाद एक बड़ी संख्या उन मतदाताओं की है जिनके नाम साल 2025 की मतदाता सूची में तो दर्ज है लेकिन गहन मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है और न ही उनके माता, पिता, दादी या दादा का नाम उसमें मिला है। ऐसे मतदाताओं के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्हें अन्तिम मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। लेकिन सबसे बड़ी चिंता की बात पश्चिम बंगाल में मिले लगभग एक करोड़ 36 लाख तार्किक विसंगतियों वाले संदिग्ध मतदाताओं को लेकर है। इन मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना प्रपत्रों में जिस प्रकार की विसंगतियां मिली हैं उन पर सहज रूप से विश्वास करना मुश्किल है। अनेक मतदाताओं की आयु और उनके माता-पिता की आयु में दस वर्ष या दादा-दादी की आयु से 40 वर्ष से कम का अन्तर है। चुनाव आयोग की तरफ से इस प्रकार के मतदाताओं की विशेष जांच की तैयारी की जा रही है।

मतदाता सूचियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के प्रथम चरण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश में दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम अन्तिम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। इस आंकड़े के सामने आने के बाद विपक्षी दल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ही नहीं बल्कि सत्ताधारी भाजपा के नेताओं के चेहरे पर भी चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव दावा कर रहे हैं कि आगामी चुनाव में भाजपा की सीटें इकाई के अंकों में सिमट कर रह जाएंगी तो भाजपा के नेता सपा नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं कि अवैध मतदाताओं के वोट कटने से वे बौखलाए हुए हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी 58.20 लाख मतदाताओं के नाम कटने के अलावा एक करोड़ 67 लाख मतदाताओं का नाम अन्तिम सूची में शामिल करने से पहले गहन परीक्षण किया जा रहा है जिसने ममता दीदी के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी तो इस प्रक्रिया को रुकवाने के लिए उच्चतम न्यायालय तक पहुंच गई हैं लेकिन उन्हें किसी भी प्रकार की राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटने के बाद सबसे ज्यादा हलचल पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में ही दिखाई दे रही है। राजनैतिक दलों के नेताओं के अलावा बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग भी इस पर दिमागी कसरत करता दिख रहा है कि हर विधानसभा क्षेत्र से औसतन 50 हजार वोट कटने का चुनावी नतीजों पर क्या असर होगा? जबकि अधिकांश सीटों पर जीत हार का अंतर 20 हजार से कम रहता है। पिछले विधानसभा चुनावों में तो 49सीटों पर जीत हार का अंतर पांच हजार से भी कम था।



उत्तर प्रदेश के आंकड़ों पर नजर डालें तो साफ है कि सबसे ज्यादा मतदाता शहरी क्षेत्रों से कटे हैं। चूंकि शहरी क्षेत्र में भाजपा को अधिक प्रभावशाली माना जाता है इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि इसका नुकसान भाजपा को हो सकता है लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है, शहरी क्षेत्र से जिन मतदाताओं के वोट कटे हैं उनमें से अधिकांश के गांव में वोट थे जो पंचायत चुनाव में तो गांव जाकर वोट देते थे लेकिन लोकसभा और विधानसभा चुनावों में शहरों में ही मतदान करते थे। ऐसे में अगर ये मतदाता अब लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी गांव जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं तो वे ग्रामीण सीटों पर इसका लाभ भाजपा को मिल सकता है। जिन अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरे मतदाताओं के नामों को हटाया गया है उनका लाभ सिर्फ उन राजनैतिक दलों को मिलता था जो फर्जी मतदान करा पाते थे। इन नामों के कटने का नुकसान चुनावी हिंसा के लिए कुख्यात राज्यों में तो सत्ताधारी दल को हो सकता है लेकिन उप्र में इसका कोई खास प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है। हालांकि इससे मतदान प्रतिशत के आंकड़े बेहतर दिखेंगे जिसका लाभ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को होगा। गैर भाजपा विपक्षी को सबसे ज्यादा चिंता पिछले विशेष पुनरीक्षण अभियान 2003 से मेल न होने के कारण हटाए गए मतदाताओं को लेकर है।

उत्तर प्रदेश में ऐसे मतदाताओं की संख्या एक करोड़ चार लाख है और पश्चिम बंगाल में ये आंकड़ा 31 लाख है। मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण अभियान प्रारम्भ होने के बाद देश के अलग-अलग राज्यों में रह रहे अवैध घुसपैठियों हड़कम्प मच गया। संभावित कार्रवाई के डर से इन अवैध घुसपैठियों की रातों रात पूरी-पूरी बस्तियां उजड़ गईं। अपने देश वापस लौटने के लिए बांग्लादेश सीमा पर अवैध घुसपैठियों की भीड़ को खबरिया टीवी चैनलों पर खूब दिखाया गया। अवैध तरीके से दशकों से भारत में रह रहे ये लोग बताते दिखाई दिए कि किस तरह उनको यहां का मतदाता भी बना दिया गया और उन्होंने चुनावों के दौरान वोट भी डाले। पश्चिम बंगाल के एक करोड़ 36 लाख तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। इन मतदाताओं के बारे में माना जाता है कि ये गैर भाजपा दलों के प्रतिबद्ध मतदाता थे। इनके वोट कटने से विपक्षी दल सबसे ज्यादा बौखलाए हुए हैं, इसीलिए मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के इस अभियान को इनके नेता एसआईआर की आड़ में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) बता रहे हैं। मतदाता सूचियों की विसंगतियों को आधार बनाकर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं को मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण की कवायद रास नहीं आ रही क्यों इससे उनका राजनैतिक गणित बिगड़ सकता है।

**विकास सक्सेना**

# जेएनयू : असहमति का अधिकार या अराजकता का लाइसेंस?



विकास तिवारी

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जिसे कभी बौद्धिक विमर्श, शोध और राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला माना जाता था आज एक ऐसे वैचारिक गिरोह की गिरफ्त में दिखता है, जो हर संवैधानिक संस्था को अपनी राजनीतिक कसौटी पर कसने की कोशिश करता है। जेएनयू का एक संगठित तबका, जिसे अब देश डफली गैंग के नाम से पहचानने लगा है, असहमति के अधिकार की आड़ में अराजकता को वैचारिक क्रांति बताने में जुटा है।

तथ्य यह है कि भारत का संविधान न्यायपालिका को स्वतंत्र अधिकार देता है। फैसले सबूतों, कानूनी प्रक्रिया और संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर होते हैं न कि जेएनयू कैंपस में लगने वाले नारों से। लेकिन समस्या यह है कि जेएनयू का यह खास समूह अदालत के हर फैसले को अपने वैचारिक एजेंडे से जोड़कर देखता है।




कुलदीप सिंह सेंगर मामले में जब दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सजा निलंबन से जुड़ा आदेश आया, तो जेएनयू में इसे न्याय की हत्या बताकर हंगामा खड़ा कर दिया गया। विरोध के दौरान अपराध, पीड़िता या न्यायिक प्रक्रिया पर चर्चा नहीं हुई बल्कि भाजपा मुर्दाबाद, भगवा से आजादी, ब्राह्मणवाद से आजादी जैसे नारे लगाए गए। यह कोई भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक राजनीतिक नैरेटिव था। बाद में सुप्रीम कोर्ट द्वारा उस आदेश पर रोक लगाए जाने की खबरें सामने आईं, लेकिन इससे भी इन तथाकथित आंदोलनकारियों के रवैये में कोई आत्ममंथन नहीं हुआ।

अब इसी डफली गैंग का दूसरा चेहरा देखिए। फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामलों में उमर खालिद और शरजील इमाम पर गंभीर आरोप लगे। विभिन्न अदालती आदेशों में यह उल्लेख किया गया कि इन मामलों में प्रथम दृष्टया साक्ष्य, संगठित साजिश और भड़काऊ भाषणों के संदर्भ मौजूद हैं, जिस आधार पर जमानत से इनकार किया गया। वहीं कुछ अन्य आरोपियों को परिस्थितियों के अनुसार राहत भी मिली जो कि न्यायिक विवेक का हिस्सा है।

लेकिन जेएनयू के इन स्वयंभू ठेकेदारों के लिए यह फैसला संविधान विरोधी हो गया। कैंपस को विरोध का अड्डा बनाया गया, अदालतों के फैसलों पर सवाल खड़े किए गए और इस बार नारे सीधे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ लगाए गए। सवाल यह है अगर मामला अदालत का है, तो नारे सरकार के खिलाफ क्यों? यही दोहरा मापदंड जेएनयू की इस गैंग की असली पहचान है। फैसला इनके पक्ष में हो तो लोकतंत्र मजबूत, और खिलाफ हो तो लोकतंत्र खतरे में। सच्चाई यह है कि यह समूह न न्याय के लिए लड़ रहा है, न पीड़ितों के लिए। यह एक स्थायी विरोध उद्योग बन चुका है, जिसका ईंधन भ्रम, उत्तेजना और वैचारिक ज़िद है। जेएनयू जैसे संस्थान में शिक्षा की जगह अगर रोज़ ढोल, पोस्टर और नारे गूंजेंगे, तो इसका नुकसान सिर्फ कैंपस को नहीं, देश के युवाओं की दिशा को होगा। असहमति लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन अराजकता उसका ज़हर। अब समय आ गया है कि इस अंतर को स्पष्ट रूप से समझा जाए और जेएनयू को फिर से शिक्षा का केंद्र बनाया जाए, न कि राजनीतिक तमाशे का अखाड़ा।

## सेहत मंत्र

# खर्राटों की समस्या को हल्के में ना लें, यह हो सकती है गंभीर बीमारी

दुनियाभर में खर्राटों की समस्या काफी आम है। आपने देखा होगा कि कुछ लोग रात को सोते समय ज़ोर-ज़ोर से खर्राटे भरते हैं। लेकिन, इसका ज़रा सा भी एहसास उन्हें नहीं होता है। ऐसे में वो लोग या उनके पार्टनर इस समस्या से बेहद परेशान रहते हैं, जिस कारण उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती है। खर्राटे आने की कई वजह हो सकती है, जैसे की नाक में सूजन, एलर्जी, स्लीपिंग डिसऑर्डर, अधिक धूम्रपान, शराब व नशीले पदार्थों का सेवन, जीभ मोटी होना, आदि। इसके अतिरिक्त गलत ढंग से सोने की वजह से भी खर्राटे आते हैं। अक्सर लोगों को सर्दी-खांसी की समस्या होने पर भी खर्राटे आते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कफ नाक के रास्ते में फंस जाता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ होती है और खर्राटे आते हैं। अक्सर खर्राटों की समस्या गलत सोने के तरीके से भी हो जाता है, इसलिए ज़रूरी है कि आप अपनी स्लीपिंग पोज़ीशन बदल लें। वैसे पीठ के बल सोने से खर्राटे आने की संभावना ज़्यादा होती है, इसलिए लेफ्ट या राइट करवट लेकर सोएं। इसके अलावा सिर के नीचे ऊंचा तकिया रख के सोएं। साथ ही, नाक साफ न होने की वजह से भी खर्राटे आते हैं, इसलिए नाक साफ कर के सोएं। पानी सेहत के लिए अमृत के समान है। शरीर में इसकी कमी कई समस्याओं को जन्म दे सकती है, इसमें से एक खर्राटे की समस्या है। पानी की कमी से नाक के रास्ते की नमी चली जाती है, और सांस लेने में दिक्कत के साथ खर्राटें भी आने लगते हैं। तो इसलिए बेहतर है, दिनभर में 8 से 10 गिलास पानी ज़रूर पिएं। हल्दी वाला दूध काफी गुणकारी होता है। इसका सेवन सोने से पहले ज़रूर करें। साथ ही इलायची खाने से गले के अंदर हवा आने-जाने में दिक्कत नहीं होती और खर्राटों में कमी आती है। इसके लिए आप एक गिलास पानी में आधा या एक चम्मच इलायची पाउडर मिलाएं और सोने से आधा घंटा पहले उसका सेवन करें। नियमित रूप से इसका सेवन खर्राटे की समस्या को खत्म कर सकता है।

## धर्म मंत्र

# देवताओं के पुरोहित बृहस्पति करते हैं रक्षा भी

देवगुरु बृहस्पति पीत वर्ण के हैं। उनके सिर पर स्वर्ण मुकुट तथा गले में सुंदर माला है। वे पीत वस्त्र धारण करते हैं तथा कमल के आसन पर विराजमान हैं। उनके चार हाथों में क्रमशः दण्ड, रुद्राक्ष की माला, पात्र और वरदमुद्रा सुशोभित है। महाभारत आदिपर्व के अनुसार, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र तथा देवताओं के पुरोहित हैं। ये अपने प्रकृष्ट ज्ञान से देवताओं को उनका यज्ञ भाग प्राप्त करा देते हैं। असुर यज्ञ में विघ्न डालकर देवताओं को भूखों मार देना चाहते हैं। ऐसी परिस्थितियों में देवगुरु बृहस्पति रक्षोघ्न मंत्रों का प्रयोग कर देवताओं की रक्षा करते हैं तथा दैत्यों को दूर भगा देते हैं। इन्हें देवताओं का आचार्यत्व और ग्रहत्व कैसे प्राप्त हुआ, इसका वर्णन स्कन्दपुराण में प्राप्त होता है। बृहस्पति ने प्रभास तीर्थ में जाकर भगवान शंकर की कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने उन्हें देवगुरु का पद तथा ग्रहत्व प्राप्त करने का वर दिया। बृहस्पति प्रत्येक राशि पर एक-एक वर्ष रहते हैं। वक्र गति होने पर इसमें अंतर आ जाता है। ऋग्वेद के अनुसार, बृहस्पति अत्यन्त सुंदर हैं। इनका आवास स्वर्ण निर्मित है। ये विश्व के लिए वरणीय हैं। ये अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उन्हें संपत्ति तथा बुद्धि से संपन्न कर देते हैं, उन्हें सन्मार्ग पर चलाते हैं और विपत्ति में उनकी रक्षा भी करते हैं। शरणागत वत्सलता का गुण इनमें कूट?कूट कर भरा हुआ है। देवगुरु बृहस्पति क वर्ण पीत है। इनका वाहन रथ है, जो सोने का बना है तथा अत्यन्त सुखकर और सूर्य के समान भास्कर है।

## पर्यटन



# खूबसूरत ही नहीं खुशबूदार शहर भी है मैसूर

भारत के दक्षिणी छोर में स्थित कर्नाटक की राजधानी बंगलौर से 140 किलोमीटर दूर मैसूर वाकई खूबसूरत शहर है। कभी वाडियार राजाओं की राजधानी रहा मैसूर समुद्रतल से 610 मीटर की ऊंचाई पर स्थित खुशबूदार शहर भी है। यहां चमेली, गुलाब आदि फूलों की सुगंध के अलावा चंदन और कस्तूरी की खुशबू से वातावरण सुगंधित रहता है। मैसूर चंदन के विशाल जंगलों, हाथियों, बगीचों और महलों के अलावा कला, संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता तथा ऐतिहासिक धरोहर से समृद्ध भारत का प्रमुख शहर है। यहां अनेक दर्शनीय स्थल हैं। आइए, आपको सबसे पहले लिए चलते हैं चामुंडेश्वरी मंदिर। चामुंडी पहाड़ी पर बने इस मंदिर तक एक हजार सीढ़ियां चढ़ कर या पैदल सड़क के रास्ते भी जाया जा सकता है। यह सतमंजिला मंदिर है। रास्ते में 5 मीटर ऊंचे ठोस चट्टानों को काट कर बनाए गए भगवान शिव के वाहन नंदी के दर्शन भी होते हैं। मंदिर तक जाने के मार्ग में हरे?भरे वृक्षों और सुरभित पवन के स्पर्श से मन आनंदित हो उठता है। मुख्य शहर से 16 किलोमीटर दूर 'श्रीरंगपटनम' अंग्रेजों से आजीवन युद्ध करते रहने वाले महान शासक टीपू सुल्तान की राजधानी थी। यहां वह इमारत दर्शनीय है जिसमें टीपू सुल्तान ने अंग्रेज सैनिकों को कैद कर रखा था। श्रीरंगपटनम की चारदीवारी के अंदर एक मस्जिद और श्री रंगनाथ स्वामी का मंदिर भी है। मैसूर से 45 किलोमीटर पूरब में सोमनाथपुर के चाणक्वेश्वर मंदिर की दीवारें उत्कृष्ट वास्तुशिल्प के उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। प्रस्तर निर्मित इन दीवारों पर रामायण, महाभारत तथा होयसल राजाओं के जीवन की जीवनशैली को बड़ी कुशलता से अंकित किया गया है। बांदीपुर वन्य प्राणी उद्यान बारहसिंगे, चितकबरे हिरण, हाथी, बाघ और तेंदुओं के लिए प्रसिद्ध है। यह मैसूर से 80 किलोमीटर दूर मैसूरउटकमांड मार्ग पर स्थित है। इस उद्यान की सैर हाथी, जीप या ट्रक के अलावा नाव द्वारा भी की जा सकती है। जून से सितंबर तक यह पक्षी विहार अनेक प्रकार के पक्षियों के कलरव से गूंजता रहता है। महाराजा पैलेस के नाम से मशहूर मैसूर महल हिन्दू और मुस्लिम वास्तुशिल्प का अनूठा संगम है। इस तीन मंजिले महल का निर्माण धूसर रंग के ग्रेनाइट पत्थरों से किया गया है।

# वर्षगांठ पर अमित का समरसता भोज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। भाजपा महादेवा मंडल कार्यालय के एक वर्ष पूर्ण होने पर महादेवा में मंडल अध्यक्ष अमित सिंह द्वारा समरसता भोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।अनिल अवस्थी राहुल सिंह पिंटू सिंह अंजनी अवस्थी अमित अवस्थी श्रवण शुक्ल आदि समाजसेवियों द्वारा कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं समाजसेवियों व गणमान्य जनों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने इस तहरी भोज में शामिल होकर सामाजिक समरसता का उत्तम संदेश दिया है।




# श्रेष्ठता परीक्षा 2026, जिले के 37 विद्यार्थी चयनित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से आयोजित श्रेष्ठा परीक्षा देश की स्कूल स्तर की सबसे प्रतिष्ठित एवं उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल है। इस परीक्षा के माध्यम से देशभर के चयनित सीबीएसई बोर्ड के शीर्ष निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जाती है। श्रेष्ठा परीक्षा के अंतर्गत सम्पूर्ण भारतवर्ष के 154 टॉप सीबीएसई आवासीय विद्यालयों में कुल 1500 सीटों पर रैंक के आधार पर ऑनलाइन काउंसिलिंग के जरिए विद्यालय आवंटन किया जाता है। श्रेष्ठता परीक्षा 2026 के परिणाम में जनपद से कुल 37 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनमें निंदूरा विकासखंड से दो छात्रों ने सफलता हासिल की है। उच्च प्राथमिक विद्यालय निंदूरा के कक्षा आठ के छात्र शिवा ने इस परीक्षा में आल इंडिया रैंक 1112 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि विद्यालय में पहली बार शिक्षिका पूजा पाण्डेय द्वारा श्रेष्ठा परीक्षा की विशेष तैयारी कराई गई, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। शिवा इससे पूर्व राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भी विकासखंड स्तर पर टॉप फाइव में चयनित हो चुका है।

शिवा की इस उपलब्धि पर कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर ने उसे प्रमाण पत्र, मोमेंटो व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। छात्र की सफलता से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



## रुदौली वापसी पर अडे अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बार एसोसिएशन ने अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन सौंपा।ज्ञापन में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने रुदौली तहसील को पुनः बाराबंकी में शामिल करने बाराबंकी को लखनऊ मंडल से जोड़ने टोल टैक्स माफ करने जूनियर अधिवक्ताओं को ?5000 प्रतिमाह सहायता तथा दिवंगत अधिवक्ताओं की पत्नियों को ?20,000 पेंशन देने की मांग की गई।अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री तक भेजने का आश्वासन दिया।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बीडीओ ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कड़ाके की ठंड में गौशालाओं की स्थिति का जायजा लेने खंड विकास अधिकारी आश्रय स्थल पहुंचे और गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशु–चिकित्साधिकारी भी मौजूद रहे। बुधवार को ग्राम पंचायत श्यामनगर स्थित गौशाला का खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी विकास सिंह, प्रधान प्रतिनिधि कुशमेश कुमार और सचिव तेजभान भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के समय गौवंश आश्रय स्थल पर कुल 215 गोवंश पाए गए। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता और पशु चिकित्सा अधिकारी विकास सिंह ने सभी गोवंशों को गुड़ खिलाया।

खंड विकास अधिकारी ने गौशाला के केयरटेकरों से बातचीत की और ठंड से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड को देखते हुए जानवरों को समय पर चारा दिया जाए और उन्हें टिन शेड के नीचे रखा जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि टिन शेड के चारों ओर तिरपाल बांधा जाए और यदि जानवर खुले में हों तो उनके लिए अलाव जलाया जाए, ताकि उन्हें ठंड न लगे। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला में साफ़ सफाई का उचित प्रबंध करने एवं बीमार पशुओं का समय पर इलाज करने का भी निर्देश दिया।

## गंगासागर में भंडारा आयोजन महादेवा शुश्रूषा न्यास दल रवाना

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम से पावन गंगासागर के मेले के लिए 30वां विशाल भंडारा दल बुधवार को रवाना हुआ।श्रीलोधेश्वर महादेवा शुश्रूषा न्यास द्वारा यह सेवाकार्य भंडारा 7 तारीख से आगामी 17 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा।यह भंडारा गंगासागर मार्ग नंबर 2 पर स्नानघाट बजरंग परिसर के पास संचालित होगा।इस सेवादल का नेतृत्व वरिष्ठ पत्रकार महंत बाबा बी.पी दास जी एवं मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी कर रहे हैं।सेवादल की रवानगी के समय भक्तों ने जयकारों के साथ सभी देशवासियों को कोटि कोटि शुभकामनाएं दीं।महादेवा की ट्रस्ट का उद्देश्य मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सेवा उपलब्ध कराना है।

## पुण्यतिथि पर स्मृति शेष सपा विधायक को भावभीनी श्रद्धांजलि

**भाजपा के कद्दावरों की भी पुष्पांजलि**

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को 20 वीं पुण्यतिथि पर समाजवादी नेता पूर्व विधायक हरदेव सिंह रावत श्रद्धा और सम्मान पूर्वक भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा के कद्दावर भी आयोजन में सम्मिलित हुए। पूर्व विधायक श्री रावत के सरसवां गांव स्थित समाधि स्थल पर अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय नागरिक भी श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेताओं के पहुंचने से कयास का सिलसिला शुरू हुआ। श्रद्धा सुमन अर्पित कर अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि स्वर्गीय हरदेव सिंह रावत ने जीवन भर गरीब, शोषित और वंचित समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उनके द्वारा विधानसभा में किए गए कार्य सदैव स्मरणीय और सराहनीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि हरदेव सिंह रावत को एक जननेता के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा भी स्वर्गीय हरदेव सिंह रावत के गांव पहुंचे और उनकी समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में उनकी पत्नी कुसुम लता रावत, पुत्र जानर्दन सिंह, अंजली सिंह, कोमल सिंह, सुरेंद्र सिंह यादव, रमेश चंद्र, राकेश कुमार, अभिषेक, रामू वर्मा, अभय सैनी, वीरेंद्र, राजेंद्र वर्मा, विजय रावत, छत्रपाल यादव, कुन्ना यादव, अमन रावत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने वाहनों की चेकिंग कर दो लाख सत्रह हजार रुपये का लगाया जुर्माना

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सातवें दिवस पर कस्बा मुसाफिरखाना में यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया गया और कोहरे को देखते हुये वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाये गये। पुलिस द्वारा एक सौ सत्तानबे वाहनों का चालान कर दो लाख सत्रह हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सातवें दिवस पर यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर कस्बा मुसाफिरखाना में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरूकता संबंधी पंफ्लेट वितरित किये गये । कोहरे व धुंध को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये ।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज होगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता ने बताया कि मेरा युवा भारत अमेठी के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद समागम प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम आठ जनवरी को प्रातः नौ बजे से सायं पांच बजे तक जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह एवं समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा किया जायेगा तथा उक्त आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं क्रमशः सामूहिक खेल प्रतियोगिता के तहत कबड्डी बालिका वर्ग, वॉलीबाल बालक वर्ग, एथलेटिक्स के तहत एक सौ मीटर दौड़ बालिका, दो सौ मीटर दौड़ बालक,ऊंची कूद बालिका व बालक वर्ग में आयोजित किया जायेगा।

## शिक्षिकाओं, रसोइयों और बच्चों से अभद्रता के आरोप में सहायक अध्यापक निलंबित

सुलतानपुर। जिले के भदैयां विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भरसारे में तैनात सहायक अध्यापक राघवेंद्र द्विवेदी को महिला शिक्षिकाओं, रसोइयों और बच्चों के साथ अभद्रता के गंभीर आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) उपेंद्र गुप्ता द्वारा अभिभावकों, विद्यालय प्रशासन और भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायतों के आधार पर की गई है।

# तबादला, समायोजन सूची सार्वजनिक करने की मांग, बीएसए से मिला टीचर एसोसिएशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार के नेतृत्व शिक्षकों ने बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर समायोजन स्थानांतरण आदेश निर्गत करने की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि जनपद बाराबंकी में विभागीय निर्देशों के क्रम में सैकड़ो शिक्षकों को स्थानांतरित/ समायोजित करते हुए एकल एवं बंद विद्यालयों में भेजे जाने हेतु शिक्षकों को यू- डाइस/ मानव संपदा पोर्टल पर 31 दिसंबर 2025 को कार्यमुक्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में सबसे कनिष्ठ शिक्षक को स्थानांतरित किया गया है किंतु कतिपय शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में कनिष्ठ न होने के बावजूद उनके स्थानांतरित किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। ऐसी स्थिति में एक सप्ताह बाद भी समायोजन आदेश निर्गत न होने से शिक्षकों में असमंजस/गड़बड़ी होने की आशंका बनी हुई है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश के कई जनपदों में उक्त आदेश निर्गत किया जा चुके हैं। इसलिए जनपद के स्थानांतरित/ समायोजित शिक्षकों की सामूहिक सूची निर्गत करने की माँग संगठन ने की है द्य

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलने गए शिक्षकों में सत्येंद्र भास्कर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.हरेराम,कोषाध्यक्ष पूर्णेश प्रताप सिंह, विकास वर्मा ,दिलीप वर्मा ,आशुतोष बैसवार सहित कई शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# जौनपुर में युवक की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी**

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र में बुधवार को शराब और पैसे के विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि जफराबाद थाना क्षेत्र के माधोपट्टी गांव निवासी गुरु प्रसाद (42) अपने साथी ओमकार सिंह के साथ बैठकर गांव में शराब पी रहा था। अचानक किसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया। ओमकार सिंह ने किसी ठोस वस्तु से गुरु प्रसाद के सीने और पैर पर वार किया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजन एम्बुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने गुरु प्रसाद को मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही जफराबाद थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपित ओमकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पिता मेवा लाल का आरोप है कि बेटे गुरु प्रसाद से ओंकार का पहले भी पैसे को लेकर झगड़ा हो चुका है। पैसे वापस देने के बावजूद आरोपित लगातार धमकी दे रहा था। आरोप है कि बुधवार सुबह आरोपित बेटे को घर से बुलाकर ले गया, जहां बगीचे में ले जाकर शराब पिलाई। तीन लोगों ने मिलकर उनके बेटे को मारा है। हम लोग मौके पर पहुंचे तो दो लोग भाग रहे थे। एसपी सिटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। मौके से एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# प्रशासनिक अतिक्रमण हटाओ अभियान को पूर्ण समर्थन लेकिन भेदभाव न हो : रमेश माहेश्वरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। काउंसिल आफ उद्योग व्यापार मंच ने विगत दिवस अपनी कोर कमेटी की बैठक में सुल्तानपुर नगर क्षेत्र के सभी सम्मानित व्यापारियों से अपील की थी कि यदि उन्हें अपना व्यापार बचाना है तो स्वतः ही स्वयं के द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाना होगा व नगर पालिका से अनुरोध कर ठेले, रेहड़ी गुमटी वालों को वेंडिंग जोन में सख़्ती के साथ पुनर्स्थापित करवाना होगा। प्रदेश प्रवक्ता रमेश महेश्वरी ने प्रशासन को धन्यवाद देते हुए यह निवेदन किया है कि अतिक्रमण हटाने में किसी भी प्रकार का भेदभाव ना किया जाये न ही राजनीतिक दबाव का ध्यान रखा जाए,,साथ ही अपने व्यापारी भाइयों से भी अपील की वे अतिक्रमण हटाने में प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की विपरीत स्थिति में काउंसिल



आफ उद्योग व्यापार मंच व्यापारी बंधु का समर्थन नहीं कर पायेगा।

## विकास भवन में महिला जनसुनवाई में आईं 14 शिकायतें, जल्द निस्तारण के निर्देश

बरेली। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को बरेली विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके यथाशीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

महिला जनसुनवाई की शुरुआत बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के तहत शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान से हुई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने समाज से बाल विवाह की कुरीति को समाप्त करने और किसी भी नाबालिग का विवाह न होने देने का संकल्प लिया। पुष्पा पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर उसकी आख्या जिला प्रोबेशन कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने शासन की कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार कर पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। इसके अलावा पुष्पा पाण्डेय ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई में आवासित बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। उन्होंने नवजात शिशुओं के साथ केक काटा और बच्चों को जलपान वितरित कर उनके साथ समय बिताया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर पुलिस अधीक्षक सोनाली मिश्रा, अपर नगर मजिस्ट्रेट गुलाब चंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, डीसी एनआरएलएम वाई.एल. भारती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षाएं 09 जनवरी से

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षाएं 9 जनवरी से प्रारंभ होंगी। इन परीक्षाओं में लगभग 35 हजार विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षाएं 20 जनवरी तक संचालित की जाएंगी। इस दौरान शास्त्री प्रथम सेमेस्टर (2025S2029), शास्त्री तृतीय सेमेस्टर (2024S2028), शास्त्री पंचम सेमेस्टर (2023S2026), आचार्य प्रथम सेमेस्टर (2025S2027) तथा आचार्य तृतीय सेमेस्टर (2024S2026) के संस्थागत, व्यक्तिगत, भूतपूर्व, बैक, श्रेणी सुधार एवं एक–विषयक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। बुधवार को यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सेमेस्टर परीक्षाओं के गोपनीय प्रपत्रों का थैला एवं अन्य सामग्री परीक्षा विस्तार भवन से 152 परीक्षा केंद्रों के प्रतिनिधियों ने लिया। उन्होंने बताया कि कुल 362 प्रतिनिधियों ने परीक्षा सामग्री प्राप्त की। इसमें राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, पंजाब,सिक्किम, दिल्ली, पश्चिम बंगाल,बिहार,बागपत, सहारनपुर, मेरठ, सीतापुर, फतेहपुर, बरेली,पीलीभीत, फिरोजाबाद, अलीगढ़,बिजनौर, एटा, इटावा, औरैया, रायबरेली, कानपुर, प्रतापगढ़,बहराईच, बस्ती, हरदोई, झांसी. बांदा, जालौन, कुशीनगर, मुरादाबाद, मैनपुरी,हमीरपुर, हाथरस, चित्रकूट, महोबा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, अयोध्या,बाराबंकी, बलिया, महाराजगंज,शाहजहांपुर, अम्बेडकरनगर,सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, बुलन्दशहर, बदायूँ, गाजियाबाद,उन्नाव, मथुरा, देवरिया गोरखपुर, लखनऊ, गाजीपुर, भदोही /संत रविदासनगर,सोनभद्र, कौशाम्बी, मिर्ज़ापुर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, गोण्डा, बलरामपुर, प्रयागराज,चन्दौली, जौनपुर, वाराणसी के प्राचार्य और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई 70 मीटर लम्बी सड़क

फर्रुखाबाद। अमृतपुर थाना क्षेत्र में गंगा नदी में आई बाढ़ के पानी से टूटी सड़क को वहां के वाशिंदों ने श्रमदान कर बना दिया। बाढ़ के पानी से टूटा संपर्क मार्ग 5 गांवों के लोगों के लिए सिरदर्द साबित हो रहा था। कुतलूपुर-कुबेरपुर संपर्क मार्ग लगभग 70 मीटर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। सड़क कटने से करीब आधा दर्जन गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया था।

दोपहिया वाहन चालक तो किसी तरह खेतों के रास्ते निकल जाते थे। लेकिन बड़े वाहन ट्रैक्टर-ट्राली और चार पहिया वाहनों के पहिए पूरी तरह थम गए थे। ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए 7 किलोमीटर का अतिरिक्त और लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था,जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही थी।

बाढ़ का पानी उतरने के कई महीने बीत जाने के बाद भी जब स्थानीय प्रशासन ने इस सड़क की मरम्मत नहीं की और न इस बावत कोई ध्यान दिया, तो ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। सरकारी मदद की उम्मीद छोड़कर ग्रामीणों ने स्थानीय समाजसेवी समर दीप सिंह के नेतृत्व में खुद ही फावड़ा-कुदाल उठा लिया। समाजसेवी समर दीप सिंह ने बताया कि सड़क मरम्मत का यह अभियान करीब एक सप्ताह तक चला। इस दौरान प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान किया। कड़ी मेहनत के बाद क्षतिग्रस्त 70 मीटर सड़क को मिट्टी डालकर समतल और आवागमन योग्य बना दिया गया है। अब ग्रामीणों को 7 किलोमीटर का लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस पहल की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। समाजसेवी समर दीप सिंह ने बताया कि उनकी टीम और ग्रामीणों के सहयोग से अब तक क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों और पगडंडियों को दुरुस्त किया जा चुका है। उनका मानना है कि अन्य लोगों को भी इसी तरह श्रम दान कर आवागमन को सुगम बनाना चाहिए।



## केआईबीजी 2026: दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव ने बीच सॉकर में हिमाचल प्रदेश को हराया

एजेंसी



दीव। मेज़बान दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव की टीम ने खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) 2026 के बॉयज़ बीच सॉकर ग्रुप स्टेज मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को 15ऽ1 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला मंगलवार सुबह दीव के खूबसूरत बीच एरीना में खेला गया।

करीब 30 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अनुकूल मौसम में खेले गए इस मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। घरेलू टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और दर्शकों को गोलों की बरसात देखने को मिली।

दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव ने पहले पीरियड में ही 2ऽ0 की बढ़त बना ली। दूसरे पीरियड में टीम का दबदबा और बढ़ गया, जहां उन्होंने आठ गोल दागे और सिर्फ एक गोल गंवाया। तीसरे पीरियड में भी टीम ने लय बरकरार रखते हुए पांच और गोल किए और मुकाबला पूरी तरह अपने नाम कर लिया। मैच में अतिरिक्त समय या पेनल्टी शूटआउट की जरूरत नहीं पड़ी।

टीम के कप्तान जय नितेश हलपट्टी ने शानदार गोल स्कोरिंग प्रदर्शन करते हुए टीम का नेतृत्व किया। उन्हें केयूर मंगेला और डॉन रेमेडियोस का अच्छा सहयोग मिला, जिन्होंने आक्रमण में अहम योगदान दिया। गोलकीपर प्रयाश राजू हलपट्टी ने भी मजबूत डिफेंस के साथ भरोसेमंद प्रदर्शन किया।

हिमाचल प्रदेश की ओर से एकमात्र गोल भारी दबाव के बीच आया, जबकि मेहुल कुमार के दुर्भाग्यपूर्ण आत्मघाती गोल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दीं।

इस बड़ी जीत के साथ दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव ने ग्रुप स्टेज में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और दूसरे खेलो इंडिया बीच गेम्स में अपने इरादे साफ कर दिए हैं।

अन्य मुकाबलों में महिला बीच सॉकर में अरुणाचल प्रदेश ने ग्रुप ए में महाराष्ट्र को 9ऽ1 से हराया, जबकि ग्रुप बी में गुजरात ने हिमाचल प्रदेश पर 9ऽ0 से एकतरफा जीत दर्ज की। वहीं, पेंचक सिलाट में प्रिंसेस एलेक्जेंडर थॉमस ने महिला तुंगगल वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## टी 20 अभ्यास मैच में हिमाचल की महिला टीम ने थाईलैंड को 6 विकेट से हराया

एजेंसी



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एच.पी.सी.ए.) स्टेडियम धर्मशाला में बुधवार को थाईलैंड व हिमाचल की महिला टीम के बीच खेले गए टी 20 अभ्यास मैच में हिमाचल ने लगातार तीसरी जीत दर्ज कर थाइलैंड से हिसाब बराबर कर लिया है। बुधवार को खेले गए मैच में हिमाचल की महिला सीनियर टीम ने थाइलैंड को 6 विकेट से हरा दिया है। हिमाचल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी थाइलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 88 रनों पर ही सिमट गई। थाइलैंड की ओर से बल्लेबाज ननापत ने सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। इसके अलावा टीम की कप्तान नरूईमोल ने 20 व चानिदा ने भी 20 रनों की पारी खेली। इनके अलावा टीम का कोई भी खिलाड़ी बल्लेबाजी में नहीं टिक पाया।

वहीं इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल की टीम ने मात्र 16.4 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। हिमाचल की ओर से कप्तान सुषमा वर्मा ने सर्वाधिक 38 रनों की पारी खेली। इसके अलावा अहाना ने 18 व सोनल ने टीम के लिए 17 रन जोड़े। थाइलैंड की ओर से गेंदबाज ओनिचा ने 2, जबकि चानिदा व सुलिपोरन ने क्रमशः 1-1 विकेट अपने नाम किया।

### यूपी वॉरियर्ज़ ने डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले बनारसी विरासत से प्रेरित नई जर्सी का किया अनावरण

मुंबई। यूपी वॉरियर्ज़ ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 सीज़न से पहले अपनी नई प्लेइंग जर्सी का अनावरण किया है। टीम की आधिकारिक डिज़ाइन पार्टनर एकाया बनारस के सहयोग से तैयार की गई यह जर्सी बनारसी टेक्सटाइल विरासत को हाई-परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स के साथ जोड़ती है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह जर्सी साहस, पहचान और निडर क्रिकेट की वॉरियर्ज़ भावना को दर्शाती है। 'ए ब्लूमिंग रिबेलियन' नाम की इस जर्सी में समकालीन खेल और कालातीत शिल्प का अनूठा संगम देखने को मिलता है। बनारस की पुष्पीय (फ्लोरल) विरासत और एकाया की प्रतिष्ठित बुनाई परंपरा से प्रेरित यह डिज़ाइन, सांस्कृतिक प्रतीकों को आधुनिक और प्रदर्शन-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ नए रूप में प्रस्तुत करती है।

बनारसी संस्कृति में फूलों के प्रतीकात्मक अर्थ—शक्ति, निरंतरता और नवजीवन—से प्रेरणा लेकर, यह जर्सी रेशम और कथात्मक परंपरा की भाषा को एक साहसी, भविष्य उन्मुख स्पोर्टिंग एस्थेटिक में ढालती है। संस्कृति, पहचान और आधुनिक नारीत्व का सम्मान करती यह किट, महिलाओं द्वारा परंपरा को अपने तरीके से आगे बढ़ाने की दृश्य अभिव्यक्ति है।

जर्सी में बनारसी-प्रेरित मोटिफ्स को एक स्लीक एथलेटिक सिलुएट में समाहित किया गया है, जो एलीट टी20 क्रिकेट के लिए आराम, गतिशीलता और सशक्त दृश्य पहचान प्रदान करती है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को मैदान पर उतरते समय अपनापन और उद्देश्य की भावना देना है—जो न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत में महिला क्रिकेट के बढ़ते कद का प्रतिनिधित्व करती है।

यूपी वॉरियर्ज़ इस जर्सी को पूरे डब्ल्यूपीएल 2026 सीज़न में पहनेंगी। यह जर्सी आधिकारिक मर्चेंडाइज़ चैनलों के माध्यम से प्रशंसकों के लिए भी उपलब्ध होगी। यूपी वॉरियर्ज़ अपने अभियान की शुरुआत 10 जनवरी को डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ करेगी। पिछले सीज़न में टीम आठ मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ अंकतालिका में सबसे नीचे रही थी।

यूपी वॉरियर्ज़ टीम (डब्ल्यूपीएल 2026): श्वेता सेहरावत, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन, मेग लैनिंग, फोएबे लिचफील्ड, किरण नवगिरे, हरलीन देओल, क्रांति गौड़, आशा शोभना, डिएंड्रा डॉटिन, शिखा पांडे, शिप्रा गिरी, सिमरन शेख, तारा नॉरिस, क्लोई ट्रायन, सुमन मीना, जी. त्रिशा, प्रतिका रावल।

### सिडनी टेस्ट में चौथे दिन के अंत तक इंग्लैंड को 119 रन की बढ़त

सिडनी । जैकब बेथल के करियर के पहले टेस्ट और प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद इंग्लैंड चौथे दिन के खेल के बाद पूरी तरह मजबूत स्थिति में नहीं पहुंच सका। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे टेस्ट मैच में स्टंप्स तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 302 रन बना लिए और ऑस्ट्रेलिया पर कुल 119 रन की बढ़त हासिल की। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की पकड़ अब भी मजबूत नजर आ रही है।

पहली पारी में 183 रन की बढ़त गंवाने के बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी में नियंत्रण और अचानक बिखराव के दौर देखने को मिले। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत 518/7 से की। ब्यू वेबस्टर ने अर्धशतक पूरा किया और स्टीव स्मिथ के साथ 100 रन की साझेदारी निभाई। इसी दौरान इंग्लैंड को बड़ा झटका तब लगा जब कप्तान बेन स्टोक्स गेंदबाजी करते हुए दाहिने पैर की एडडक्टर इंजरी के कारण मैदान छोड़कर बाहर चले गए। ऑस्ट्रेलिया की पारी जल्द ही लड़खड़ा गई जब जोश टंग ने 129वें ओवर में स्टीव स्मिथ को विकेट के पीछे कैच करा दिया। इसके बाद टंग ने मिचेल स्टार्क को पवेलियन भेजा, जबकि विल जैक्स ने स्कॉट बोलैंड को बिना खाता खोले आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया की पारी 567 रन पर सिमट गई, जिसमें ट्रैविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (138) ने अहम पारियां खेलीं।183 रन पीछे से दूसरी पारी शुरू करने उतरी इंग्लैंड को फिर से शुरुआती झटका लगा। मिचेल स्टार्क ने पहले ही ओवर में जैक क्रॉली को एलबीडब्ल्यू कर दिया। इसके बाद बेन डकेट और जैकब बेथल ने आक्रामक अंदाज में 81 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। इंग्लैंड ने लंच तक 1 विकेट पर 80 रन बना लिए।लंच के बाद डकेट आउट हो गए और इसके तुरंत बाद जो रूट भी संघर्षपूर्ण 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हालांकि बेथल ने एक छोर संभाले रखा और हैरी ब्रूक के साथ मिलकर टीम को फिर से आगे बढ़ाया।

## पीडब्ल्यूएल ने 2026 सीजन के लिए आधिकारिक ब्रॉडकास्टर के रूप में सोनी स्पोर्ट्स से किया करार

एजेंसी




नई दिल्ली। भारत की प्रमुख पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सत्र के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ आधिकारिक ब्रॉडकास्टर के रूप में करार किया है। सात वर्षों के अंतराल के बाद जनवरी 2026 में पीडब्ल्यूएल की वापसी हो रही है, जिसे नए विज़न, मजबूत एथलीट-फर्स्ट दर्शन और वैश्विक दर्शकों के समक्ष उत्कृष्ट कुश्ती प्रतिभा को प्रस्तुत करने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ पुनः परिकल्पित किया गया है। इस प्रसारण समझौते के तहत, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क अपने सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और सोनी स्पोर्ट्स टेन 5 टीवी चैनलों के माध्यम से पीडब्ल्यूएल के सभी मुकाबलों का देशभर में लाइव प्रसारण करेगा। इसके साथ ही सोनी का डिजिटल प्लेटफॉर्म सोनी लिव भी प्रतियोगिता की लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रशंसकों को टेलीविजन और डिजिटल—दोनों माध्यमों पर निर्बाध देखने का अनुभव मिलेगा।

पीडब्ल्यूएल 2026 सीज़न में छह शहर-आधारित फ्रेंचाइज़ी टीमें—दिल्ली दंगल वॉरियर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, हरियाणा थंडर्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी और यूपी डॉमिनेटर्स—एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी और गतिशील प्रारूप में आमने-सामने होंगी। इस सीज़न का उद्देश्य लीग की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाना और प्रशंसकों को रोमांचक खेल अनुभव प्रदान करना है। मुकाबलों में शीर्ष भारतीय पहलवानों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाएं भी शामिल होंगी, जहां ओलंपिक-शैली की कुश्ती को एक नवोन्मेषी लीग प्रस्तुति के साथ जोड़ा जाएगा। शनिवार को आयोजित खिलाड़ी नीलामी में टीमों ने 16 देशों से आए 250 से अधिक पहलवानों की सूची में से कुल 63 घरेलू और विदेशी पहलवानों को अनुबंधित किया, जिस पर 11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई। पीडब्ल्यूएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अखिल गुप्ता ने कहा, ्लदेश के सबसे प्रतिष्ठित खेल प्रसारकों में से एक, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद प्रसन्नता हो रही है। यह सहयोग पीडब्ल्यूएल को एक बार फिर देशभर के दर्शकों तक पहुंचाने के साथ-साथ भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती की लोकप्रियता को बढ़ावा देने, एथलीटों का उत्सव मनाने और इस खेल के लिए एक टिकाऊ भविष्य निर्मित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करता है।

### टी20 विश्व कप के दौरान पैटरनिटी लीव ले सकते हैं फर्ग्यूसन और हेनरी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी आगामी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के दौरान कुछ मैचों में पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। दोनों खिलाड़ियों के पार्टनर टूर्नामेंट अवधि में बच्चे को जन्म देने वाले हैं, ऐसे में उन्हें अल्पकालिक अवकाश दिए जाने की संभावना है। फर्ग्यूसन और हेनरी, जो फिलहाल पिंडली की चोट से उबर रहे हैं, न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किए गए हैं। इनके अलावा फिन एलन (उंगली/हैमस्ट्रिंग), मार्क चैपमैन (टखना) और कप्तान मिचेल सैंटनर (एडक्टर) भी चोट के बाद वापसी की प्रक्रिया में हैं। फर्ग्यूसन ने नवंबर 2024 के बाद से न्यूजीलैंड के लिए कोई मुकाबला नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा,्लजो खिलाड़ी चोट से जूझ रहे हैं, वे सभी अपनी-अपनी रिटर्न-टू-प्ले योजनाओं पर काम कर रहे हैं ।

## आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 क्वालिफायर का कार्यक्रम घोषित

एजेंसी



नई दिल्ली । आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालिफायर 2026 के पूरे कार्यक्रम की पुष्टि कर दी गई है। सुपर सिक्स चरण सहित सभी मुकाबलों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से 1 फरवरी तक नेपाल में आयोजित होगा, जिसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। ये टीमें इंग्लैंड और वेल्स में जूनऽजुलाई में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए चार क्वालिफिकेशन स्थानों के लिए मुकाबला करेंगी। टूर्नामेंट से पहले वार्म-अप मुकाबले 14 और 16 जनवरी को त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड, अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड और लोअर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे। ग्रुप चरण की शुरुआत 18 जनवरी से होगी, जिसके बाद सभी प्रतिस्पर्धी मैच केवल त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड और अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे। पहले दिन सुबह के सत्र (स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे) में नेपाल का सामना थाईलैंड से होगा, जबकि बांग्लादेश और अमेरिका आमने-सामने होंगे। दोपहर सत्र (दोपहर 1 बजे) में जिम्बाब्वे बनाम नीदरलैंड्स और आयरलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी के मुकाबले खेले जाएंगे। स्कॉटलैंड और नामीबिया अपने अभियान की शुरुआत 20 जनवरी से करेंगे। ग्रुप चरण में हर दूसरे दिन चार मुकाबले खेले जाएंगे और यह चरण 26 जनवरी को समाप्त होगा। ग्रुप ए और ग्रुप बी की शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में प्रवेश करेंगी।

### भारत के मिडिल डिस्टेंस धावक जिनसन जॉनसन का डेढ़ दशक लंबा शानदार करियर समाप्त, संन्यास की घोषणा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के मिडिल-डिस्टेंस धावक जिनसन जॉनसन ने बुधवार को प्रतिस्पर्धी एथलेटिक्स से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही उनका करीब डेढ़ दशक लंबा शानदार करियर समाप्त हो गया। जिनसन जॉनसन ने रियो ओलंपिक 2016 में 800 मीटर स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने अपने करियर का अंत 1500 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ किया, जिसे उन्होंने 2019 में बर्लिन में आयोजित आईएसटीएएफ मीट में 3:35.24 मिनट के समय के साथ बनाया था।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बबुआपुर विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

पत्रांक/मनरेगा/समग्री आपूर्ति2025-26 दिनांक : 07/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बबुआपुर विकास खंड त्रिवेदीगंज में मनरेगा योजनान्तर्गत इंटरलॉकिंग एवं आंगनवाणी केंद्र आरसीसी नाली निर्माण कार्य, इंटरलाकिंग ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 9 जनवरी 2026 से 14 जनवरी 2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 15 जनवरी 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रुपए में | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | बबुआपुर के भागी खेड़ा में इन्द्रजीत के दरवाजे से जनार्दन के दरवाजे तक इंटर लॉकिंग कार्य | 4 लाख | इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग-जिग जैग-150 ग्रेड एम-150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी-40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड, इत्यादि |
| 2 | बबुआपुर पंचायत भवन से बाबा कूटी तक खड़ंजा निर्माण | 4 लाख | एम-275 श्रेणी ईंट, एम-150 श्रेणी ईंट, सीमेंट, मौरंग, बालू, लोकल बालू - साइन बोर्ड, इत्यादि |
| 3 | विनोद के दरवाजे से दिनेश के दरवाजे तक खड़ंजा निर्माण | 4 लाख | एम-275 श्रेणी ईंट, एम-150 श्रेणी ईंट, सीमेंट, मौरंग, बालू, लोकल बालू - साइन बोर्ड, इत्यादि |

आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ग्राम प्रधान
**रश्मि सिंह**
ग्राम पंचायत बबुआपुर
विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

सचिव
**निर्देश कुमार शर्मा**
ग्राम पंचायत बबुआपुर
विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी


## लगातार तीसरे दिन कमजोरी के साथ शेयर बाजार बंद

एजेंसी



नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान पूरे दिन बाजार में उतार-चढ़ाव होता रहा। दिन में ज्यादातर समय बिकवालों ने दबाव बनाए रखा। दोपहर दो बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर बाजार को रिकवर करने में काफी मदद की। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान से उबर नहीं सके। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह हेल्थ केयर, मेटल और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, बैंकिंग और एफएमसीजी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी होने के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 25 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 479.85 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 479.60 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 25 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,350 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,108 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,066 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 176 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,862 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,438 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,424 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 442.94 अंक टूट कर 84,620.40 अंक के स्तर पर खुला।

कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होने लगी। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 12.65 अंक की मामूली बढ़त के साथ 85,075.99 अंक के स्तर तक पहुंचा। बिकवाली का दबाव बनने पर इस सूचकांक ने 445.85 अंक की कमजोरी के साथ 84,617.49 अंक तक गोता भी लगाया। दोपहर दो बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से 340 अंक से अधिक की रिकवरी करके 102.20 अंक की कमजोरी के साथ 84,961.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 35.60 अंक लुढ़क कर 26,143.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# राष्ट्र की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर ले. जनरल सिन्हा देश के लिए प्रेरणास्त्रोत : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि राष्ट्र की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट और दृढ़ नीति के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल श्रीनिवास कुमार सिन्हा जैसी विभूतियां प्रेरणास्त्रोत हैं। श्री सिंह ने लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में यहां आयोजित स्मृति व्याख्यान के दौरान वीडियो संदेश में यह बात कही। लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा भारतीय सेना के विशिष्ट अधिकारी थे, जिन्होंने बाद में नेपाल में भारत के राजदूत तथा असम और जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में भी सेवा दी। रक्षा मंत्री ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा ऐसे महान सैनिक, राजनयिक और राज्य के कार्यकारी प्रमुख थे जिन्होंने हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखा।

रक्षा मंत्री ने अपने संदेश में उस समय का भी उल्लेख किया जब 1926 में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बर्मा मोर्चे पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1947 में पाकिस्तान समर्थित बलों के कश्मीर की ओर बढ़ने के दौरान भारतीय सेना की पहली 'एयरलिफ्ट' को श्रीनगर तक समन्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय और ब्रिटिश स्टाफ कॉलेजों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और पेशेवर दक्षता की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री ने उन्हें असाधारण बौद्धिक क्षमता वाला साहसी अधिकारी बताया।

श्री सिंह ने सैन्य खुफिया निदेशक, एडजुटेंट जनरल तथा विभिन्न कमान पदों पर रहते हुए भारतीय सेना को आधुनिक सोच और संस्थागत मजबूती प्रदान करने के लिए लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका योगदान जारी रहा। नेपाल में भारत के राजदूत के रूप में उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ किया और असम तथा जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में सुरक्षा और विकास के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि यदि भारत को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनना है तो जनता को लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा को सैनिक-राजनेता, विद्वान योद्धा और चरित्रवान व्यक्ति बताया। सशस्त्र बलों के कर्मियों से उनके सैन्य और नागरिक कार्यकाल से सीख लेने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व को ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए जहां पेशेवर सैन्य शिक्षा, विचार-विमर्श और ईमानदारी को वीरता के समान महत्व दिया जाए। उन्होंने कहा,'' मध्य स्तर के अधिकारियों को अपने शरीर के प्रशिक्षण के साथ-साथ अपने मस्तिष्क में भी उतनी ही मेहनत से निवेश करना चाहिए। युवा अधिकारियों और अन्य रैंकों को कड़ा प्रशिक्षण लेना चाहिए, अनुशासन को महत्व देना चाहिए, साथ ही आत्ममंथन की आदत विकसित करनी चाहिए, दृढ़ता के साथ नेतृत्व करना चाहिए लेकिन संवेदनशीलता भी बनाए रखनी चाहिए और यह याद रखना चाहिए कि साहस केवल युद्धभूमि में ही नहीं, बल्कि नैतिक स्पष्टता में भी निहित होता है।''

उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों और मीडिया को भी सशस्त्र बलों की विश्वसनीयता बनाए रखने में भूमिका निभानी चाहिए, न केवल युद्ध में मिली जीतों को, बल्कि शांति के समय राष्ट्र निर्माण में किए गए संयमित, नैतिक और शांत प्रयासों को भी उजागर करना चाहिए।

साइबर, अंतरिक्ष, सूचना और संज्ञानात्मक क्षेत्रों तक फैले आधुनिक युद्ध की बढ़ती जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए जनरल चौहान ने ऐसे सैनिक-विद्वानों की आवश्यकता पर बल दिया जो सोचने और विश्लेषण करने में सक्षम हों। उन्होंने सैनिकों से आह्वान किया कि वे लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा के वर्दी में साहस, जिज्ञासु बुद्धि और संविधान के प्रति उनकी निरंतर निष्ठा को अपने जीवन में सफलतापूर्वक समाहित करें। उन्होंने कहा, भारतीय सैनिक न केवल सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करेगा, बल्कि भारत की नियति को आकार देने में भी योगदान देगा।

## सबरीमाला स्वर्ण चोरी मामले की जांच के लिए ईडी को केंद्र की मंजूरी

एजेंसी

कोच्चि। सबरीमाला स्वर्ण चोरी मामले में केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मामला दर्ज करने की मंजूरी दे दी है, जिससे ईडी इस घटना से जुड़े संदिग्ध मनी लॉनड्रिंग की विस्तृत जांच शुरू कर सकेगी।

मंजूरी मिलने के बाद ईडी की कोचि इकाई एक जांच अधिकारी नियुक्त करेगी और मनी लॉनड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करेगी। जांच के जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है और एजेंसी सबसे पहले मुख्य आरोपी से पूछताछ करेगी, जिनमें वर्तमान में हिरासत में मौजूद उन्नीकृष्णन पोत्ती भी शामिल हैं। जांच के हिस्से के रूप में ईडी उन सभी व्यक्तियों के बयान दर्ज करेगी, जिनसे पहले विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूछताछ की थी। एजेंसी का फोकस सबरीमाला मंदिर में कार्यों के लिए इस्तेमाल किये गये सोने की कथित गबन से जुड़े वित्तीय लेन-देन का पता लगाने पर होगा। ईडी ने पिछले साल अक्टूबर में संभावित मनी लॉन्ड्रिंग के संकेत मिलने के बाद प्रारंभिक जांच शुरू की थी। इसके बाद उसने कोल्लम सतर्कता अदालत से मामले के रिकॉर्ड मांगे थे। एसआईटी की आपत्तियों के बावजूद, अदालत ने 19 दिसंबर 2025 को सभी संबंधित दस्तावेज ईडी को सौंपने का निर्देश दिया था।इन रिकॉर्ड की जांच के बाद ईडी ने केंद्र से औपचारिक मंजूरी मांगी थी, जो अब मिल गयी है। जांच में मुख्य आरोपियों के वित्तीय लेन-देन की छानबीन की जाएगी, जिनमें चेन्नई की स्मार्ट क्रिएशंस के पंकज भंडारी और बेल्लारी के ज्वेलर गोवर्धन आदि शामिल हैं।

पूर्व देवस्वोम बोर्ड अधिकारियों और एसआईटी जांच में जिन अन्य लोगों के नाम सामने आये हैं, उनसे भी पूछताछ होने की उम्मीद है, क्योंकि ईडी कथित अपराध से लाभान्वित होने वालों की पहचान करने और धन के लेन-देन का पता लगाने का काम कर रही है।

## सोमनाथ से सबसे अधिक नफरत पंडित नेहरू को थी

### इतिहास के दस्तावेज साझा कर भाजपा ने किया दावा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे ऐतिहासिक आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा था, लेकिन नेहरू के मन में भगवान सोमनाथ के प्रति सबसे ज्यादा घृणा थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए त्रिवेदी ने नेहरू द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को लिखे गए एक पत्र को साझा किया। त्रिवेदी ने दावा किया कि, इस पत्र में नेहरू ने खान को 'प्रिय नवाबजादा' कहकर संबोधित किया और सोमनाथ के दरवाजों की कथा को पूरी तरह झूठा बताया। भाजपा नेता का तर्क है कि यह पत्र एक प्रकार का आत्मसमर्पण था, जिससे यह संकेत मिलता है कि नेहरू ने भारत की सभ्यतागत विरासत की रक्षा करने के बजाय मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार का सामना करने के स्थान पर नेहरू ने पड़ोसी देश को खुश करने के लिए हिंदू ऐतिहासिक प्रतीकों को कम आंका। त्रिवेदी ने दावा किया कि नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूर्णतः विरोध किया था। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पत्र लिखकर मंदिर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर प्रश्न उठाए थे और उन्हें उद्घाटन समारोह में शामिल न होने की सलाह दी थी। भाजपा नेता ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर सभी मुख्यमंत्रियों को दो बार पत्र लिखकर शिकायत की थी कि मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री आर.आर. दिवाकर को पत्र लिखकर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के प्रचार-प्रसार को कम करने का आग्रह किया था और इसे आडंबरपूर्ण बताया था। यह राजनीतिक घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' समारोह में भाग लेने के लिए सोमनाथ मंदिर जाने वाले हैं। यह पर्व 8 जनवरी से 11 जनवरी तक मनाया जाएगा।

## अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष से मिले सुरजीत कुमार सिंह

### दुष्यंत कुमार गौतम पर लगाए जा रहे झूठे आरोपों की जांच की मांग

एजेंसी

नई दिल्ली। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सोशल मीडिया पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम पर लगाए जा रहे कथित आरोपों के विरोध में शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के अध्यक्ष किशोर कुमार मकवाना से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग अध्यक्ष को बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्यंत कुमार गौतम के खिलाफ निरंतर झूठा, तथ्यहीन और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार किया जा रहा है, जिससे उनकी सामाजिक और राजनीतिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि दुष्यंत कुमार गौतम पर लगाए जा रहे सभी आरोप निराधार हैं और स्वयं दुष्यंत गौतम कई बार



इन पर सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण भी दे चुके हैं। सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि दुष्यंत कुमार गौतम अनुसूचित जाति वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं और समाज के एक प्रतिष्ठित व लोकप्रिय नेता हैं। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ बिना प्रमाण आरोप लगाना न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द को भी नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य है। शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ ने आयोग से मांग की कि दुष्यंत कुमार गौतम के विरुद्ध चलाए जा रहे इस कथित दुष्प्रचार की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा उनकी छवि धूमिल करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## मोदी और नेतन्याहू ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा गाजा शांति योजना पर बात की

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की। बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा , '' मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इज़राइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारतऽइज़राइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि श्री नेतन्याहू ने श्री मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारत-इज़राइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की। उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।

## जन स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा के लिए मल कीचड़ प्रबंधन आवश्यक : पाटिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि मल कीचड़ प्रबंधन (एफएसएम) सतत ग्रामीण स्वच्छता का एक महत्वपूर्ण घटक है और संपूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ-साथ जन स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। जल शक्ति मंत्रालय की ओर से बुधवार को बताया गया कि मंत्रालय ने छह जनवरी को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न जिलों के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत देश में लागू किए जा रहे एफएसएम के विभिन्न मॉडलों पर चर्चा करने के लिए एक वर्चुअल संवाद का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता श्री पाटिल ने की। श्री पाटिल ने स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देने वाले और साथ ही आय एवं आजीविका के अवसर सृजित करने वाले अभिनव मॉडल प्रदर्शित करने के लिए प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इनमें से कई पहलें दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में लागू की गई हैं, जो यह साबित करती हैं कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां स्थायी समाधानों को जन्म देती हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि एफएसएम सतत ग्रामीण स्वच्छता का एक महत्वपूर्ण घटक है और संपूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ-साथ जन स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एफएसएम समाधानों को व्यवहार्य, समावेशी और दीर्घकालिक बनाने के लिए सामुदायिक भागीदारी, स्वयं सहायता समूहों, पंचायतों और विभिन्न हितधारकों की सहभागिता और संदर्भ-विशिष्ट, आवश्यकता-आधारित और उपयुक्त प्रौद्योगिकियों को अपनाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, स्वच्छता के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन ने अभूतपूर्व गति प्राप्त की है जिससे गांधीजी का स्वच्छता और जनभागीदारी का सच्चा संदेश देश के कोने-कोने तक पहुंचा है। मंत्रालय ने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य संपूर्ण स्वच्छता मूल्य श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के विभिन्न हिस्सों से सफल और विस्तार योग्य एफएसएम मॉडल साझा करना, एफएसएम के विभिन्न पहलुओं पर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों के बीच आपसी ज्ञानवर्धन को मजबूत करना और शौचालय निर्माण से परे सुरक्षित स्वच्छता प्रणालियों के महत्व को सुदृढ़ करना था।

## जेएनयू में भड़काऊ नारेबाजी की घटना से सतर्क रहें: विहिप

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में भड़काऊ नारेबाजी की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। विहिप ने कहा कि इस मामले की जांच करा कर दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार को एक बयान में कहा, ''लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आज़ादी मनमानी करने का लाइसेंस नहीं देती। कब्र खोदने के नारे ऐसे अधिकारों का उल्लंघन हैं। ये नारे देशवासियों को अंदरूनी खतरों की याद दिलाते हैं और यह याद दिलाते हैं कि हमेशा सतर्क रहना ही आज़ादी की कीमत है।'' बयान में कहा गया कि जेएनयू की पवित्रता को प्रधानमंत्री और दूसरों को निशाना बनाने वाले भद्दे नारों से फिर से नष्ट किया गया है। इस बार उकसावे की वजह दिल्ली दंगों के आरोपितों उमर खालिद और शरजील इमाम को ज़मानत न मिलना बताया गया। ध्यान देने वाली बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष के पास दोनों के खिलाफ दंगों में शामिल होने से जुड़े सीधे और पुष्टि करने वाले सबूत हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में वर्ष 2020 में हिंदुओं पर हुए सुनियोजित हमलों के पीछे बड़े षड्यंत्र से जुड़े अपराधों में उनकी केंद्रीय और मुख्य भूमिका पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि उमर और शरजील पर देश की एकता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ साज़िश रचने का आरोप है। यह जघन्य अपराध है। यह सभी के लिए उचित होगा कि वे ट्रायल का इंतज़ार करें।

# पेज एक का शेष

### प्रदेश सरकार ने ...

(बीएनएस)-2023, के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जांच की निष्पक्षता एवं गोपनीयता सुनिश्चित रखने के उद्देश्य से तत्कालीन आयोग की अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पाण्डेय से त्यागपत्र लिया गया था चूंकि अभियुक्त महबूब अली निवर्तमान आयोग की अध्यक्ष का गोपनीय सहायक था। प्रो. कीर्ति पाण्डेय अपनी नियुक्ति का एक वर्ष भी पूरा नहीं कर सकी थीं। गोपनीय सहायक ने निकाल लिए थे प्रश्नपत्र पूछताछ के दौरान अभियुक्त महबूब अली ने स्वीकार किया था कि उसके द्वारा मॉडरेशन प्रक्रिया के दौरान ही विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्र निकाल लिए गए थे, जिन्हें उसने कई अभ्यर्थियों को विभिन्न माध्यमों से धन लेकर उपलब्ध कराया। अभियुक्त महबूब अली की स्वीकारोक्ति की एसटीएफ द्वारा गहन विवेचना एवं डाटा एनालिसिस से पुष्टि हुई है। आयोग को जल्द पुनः भर्ती करने के निर्देश गिरफ्तार अभियुक्तों तथा उनसे संबंधित अभ्यर्थियों के मोबाइल नंबरों का डाटा विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नंबर प्रकाश में आए। इस संबंध में आयोग को पत्र लिखकर संदिग्ध अभ्यर्थियों का डाटा मांगा गया। प्राप्त डाटा के मिलान में यह तथ्य सामने आया कि उक्त परीक्षा की शुचिता भंग हुई है। इन तथ्यों के आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उक्त परीक्षा को निरस्त किए जाने के आदेश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को निर्देश दिए गए हैं कि इस परीक्षा का आयोजन शीघ्रातिशीघ्र, पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

### सुकमा में 26...

(केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 02, 159, 212, 217, 226 और कोबरा 201) की आसूचना शाखा के जरिए नक्सलियों को आत्म समर्पण के मनाया जा रहा था, सीआरपीएफ , डीआरजी और अन्य बलों की मेहनत के कारण आज आखिरकार राज्य पुलिस को इस काम में सफलता हाथ लगी है। लाली उर्फ मुचाकी आयते, मुरिया आदिवासी डिप्टी कमांडर रैंक की नक्सली है, इस पर दस लाख रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। वर्ष 2005 से अब तक यानी कि बीस वर्षों में यह नक्सली आठ छोटे बड़े नक्सल घटनाओं में शामिल थी। यह नक्सली एके 47 लेकर चला करती थी, ग्राम सोनाबेड़ा से कोरापुट मार्ग में साल 2017 में सुरक्षा बल के एक वाहन को आईईडी लगाकर उड़ा दिया गया था, इस ब्लास्ट में 14 जवानों की शहादत हुई थी। लाली की तरह दूसरे इनामी नक्सली हेमला (जगर गुंडा जिला सुकमा के बारे में पुलिस ने बताया कि इस नक्सली पर आठ लाख रुपयों का ईनाम घोषित था। वर्ष 2011 से अब तक यह नक्सली पांच छोटी-बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है। वर्ष 2020 - मिनपा में हुए मुठभेड़ में पुलिस के 17 जवानों की शहादत हुई थी, यह नक्सली इस मुठभेड़ के दौरान वहां मौजूद था। महिला नक्सली आसमीता उर्फ कमलू पर आठ लाख का ईनाम घोषित था। वह पीएलजीए कम्पनी नंबर 7 की सदस्य थी। मुचाकी संदीप उर्फ हिड़मा के ऊपर पांच लाख का ईनाम घोषित था, मुचाकी के बारे में पुलिस ने बताया कि यह नक्सली केंद्रीय समिति के सदस्य जंपन्ना (कंधमाल कालाहांडी बोध नयागढ़ डिविजन) की सुरक्षा टीम में रहा है। टेकलगुड़ा और जगरगुंडा इन दो घटनाओं में साथी नक्सलियों के साथ शामिल रहकर इस नक्सली ने कुल 25 जवानों की जान ली थी। वर्ष 2021 में टेकलगुड़ में घात लगाकर नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग की थी इस गोलीबारी में 22 जवानों की शहादत हुई थी, इसी तरह साल 2023 में थाना जगरगुंडा इलाके में नक्सलियों ने घात लगाकर गोलीबारी की थी इस गोलीबारी में तीन जवानों की शहादत हुई थी।

### पूर्व आईपीएस...

हासिल किया था। ठाकुर ने दावा किया है कि उनकी गिरफ्तारी कफ सिरप मामले पर राज्य सरकार की आलोचना से जुड़ी है। मंगलवार को एक स्थानीय अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनकी रिमांड याचिका पर बुधवार को सुनवाई होनी है।

### राज्य आपदा प्रबंधन...

कर रहे टेली-कॉलर्स एवं संबंधित अधिकारियों से संवाद स्थापित कर उनके दायित्वों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव राजस्व ने राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा संचालित पोर्टल के माध्यम से कंबल वितरण, अलाव, रैन बसेरा आदि की हो रही प्रतिदिन मॉनिटरिंग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निराश्रित एवं आश्रय विहिन व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर रैन बसेरों में रखा जाए। उन्होंने राहत आयुक्त कार्यालय के कार्यों की समीक्षा करते आपदा न्यूनीकरण के लिए विभिन्न परियोजनाओं में पूर्व से आवंटित बजट का शत प्रतिशत उपयोग करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष हेतु बजट का प्राविधान अभी से तैयार करने का निर्देश दिया।

### उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक...

पीटीएस, जालौन तथा विजय ढुल को अपर पुलिस आयुक्त, प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट बनाया गया है।यह फ़ेरबदल प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्कूल और कोर्ट...

अग्रवाल ने अदालत को सूचित किया कि नवंबर के निर्देशों के अनुसार, भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) ने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को तैयार एवं प्रसारित किया था। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से आवारा पशुओं को हटाना आवश्यक है और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने उन संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की है जहां प्रायः पशुओं का प्रवेश होता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने सुझाव दिया कि बाड़ लगाना एक प्रभावी समाधान हो सकता है। न्यायमूर्ति मेहता ने आगे कहा कि सुपर एक्सप्रेसवे पर बाड़ लगाई जा रही है और उन्होंने राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों से जुड़ी हाल की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि आवारा पशुओं से हुई दुर्घटना के बाद एक न्यायाधीश अभी भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। एमिकस क्यूरी ने कहा कि आश्रय स्थलों का निर्माण और पशु जन्म नियंत्रण केंद्रों का संचालन दो अलग-अलग मुद्दे हैं। उन्होंने नगर निगमों में पर्याप्त अवसंरचना आवश्यकता, विशेष रूप से नर कुत्तों की सर्वोत्तम नसबंदी (एडब्ल्यूबीआई द्वारा अनुशंसित) और राज्यों द्वारा हलफनामों के माध्यम से अनुपालन पर बल दिया। उन्होंने अदालत को बताया कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और कर्नाटक ने हलफनामा दाखिल नहीं किया है जो चार बड़े राज्य हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्राप्त कुछ हलफनामे बहुत निराशाजनक हैं और उनमें अवसंरचना क्षमता, राजमार्गों पर पशुओं के प्रवेश को रोकने के उपाय या आश्रय स्थलों की उपलब्धता का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। महाराष्ट्र के हलफनामे का उदाहरण देते हुए, एमिकस क्यूरी ने कहा कि हालांकि सरकारी मेडिकल कॉलेजों से कुत्तों को हटाने जैसे कुछ आंकड़े प्रदान किए गए लेकिन हलफनामे में एबीसी केंद्रों की समग्र क्षमता या दीर्घकालिक उपायों के बारे में पर्याप्त रूप से स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। संशोधन याचिका दायर करने वाली अधिवक्ता वंदना जैन ने कहा कि लगभग 55,000 लोग कुत्तों के काटने का शिकार होते हैं इसलिए जन सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। खुद को कुत्ते और इंसान दोनों से प्यार करने वाली बताते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने अदालत के पहले दिए गए निर्देशानुसार एबीसी नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया है। उन्होंने दो मुख्य समस्याओं की पहचान की, कुत्तों की बढ़ती आबादी एवं जन जागरूकता की कमी। उन्होंने नागरिकों की भागीदारी, नसबंदी कार्यक्रमों पर शिक्षा और पशु देखभाल की जिम्मेदारी पर बल दिया। उन्होंने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित एक मामले को स्थानांतरित करने का भी अनुरोध किया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि बंद आवासीय समुदायों में जानवरों से संबंधित निर्णय निवासियों पर छोड़ देना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर निवासियों का एक बड़ा बहुमत यह महसूस करता है कि कुत्तों का खुला घूमना बच्चों के लिए खतरनाक है तो इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए मतदान जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनानी चाहिए। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए एक अन्य वकील ने कहा कि हालांकि कुत्तों का कोई विरोध नहीं है लेकिन आवारा कुत्तों का खतरा खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है और दावा किया कि कुत्तों की आबादी लगभग 6.2 करोड़ है। यह तर्क दिया गया कि मौजूदा एबीसी नियमों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है और वे मूल कानून के विपरीत हो सकते हैं। यह मामला अभी भी विचाराधीन है क्योंकि उच्चतम न्यायालय पशु कल्याण और मानव सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों पर सुनवाई कर रहा है।

# चम्पावत: चौमेल में आयोजित जनसेवा शिविर में प्रशासन की संवेदनशील पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंपावत । राज्य सरकार की पहल ''जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार'' के तहत न्याय पंचायत वल्सों स्थित पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज मैदान, चौमेल में एक बहुद्देशीय जनसेवा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 840 से अधिक ग्रामीण नागरिक विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाकर लाभान्वित हुए। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना था। शिविर की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की। ग्रामीणों द्वारा 97 से अधिक शिकायत पत्र प्रस्तुत किए गए, जिन पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक तत्परता के कारण कुल 160 शिकायतों में से 140 का निस्तारण शिविर स्थल पर ही कर दिया गया। शिविर में ग्राम पंचायत खेती-काकड़ी के निवासी गणेश सिंह अपनी 25 वर्षीय पुत्री बसंती के दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए पहुंचे। जिलाधिकारी के निर्देश पर पिता और पुत्री दोनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर में ही बनाए गए। इसके साथ ही खंड विकास अधिकारी, बाराकोट को उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त, त्रिलोक सिंह को आर्थिक सहायता, भावना देवी को आवास सुविधा और पार्वती देवी को जल लाइन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अमर सिंह की समस्या के समाधान के लिए विद्युत पोल हटाने, पूरन सिंह को दिव्यांग पेंशन और सुंदरी देवी को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी जारी किए गए। शिविर में चिकित्सा, राजस्व, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, ऊर्जा, सहकारिता, आयुष, होम्योपैथी, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण और उद्यान सहित विभिन्न विभागों द्वारा एक ही स्थान पर सेवाएँ प्रदान की गईं। श्रम विभाग ने पाँच श्रमिकों को श्रम कार्ड वितरित किए। आधार पंजीकरण व संशोधन, यूसीसी पंजीकरण, राशन कार्ड सेवाओं और विभिन्न प्रमाण-पत्रों के लिए 99 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान 50 जरूरतमंदों को रेड क्रॉस की ओर से कंबल वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सामूहिक बालिका जन्मोत्सव आयोजित कर ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, मुकेश कलखुड़िया, सुभाष बगोली, सतीश पांडे, योगेश जोशी, राकेश बोहरा, अजय सिंह बिष्ट, शिवदत्त जोशी, मनोज सिंह, सतीश कुमार, गंगा देवी, उपजिलाधिकारी नीतू डांगर, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में उमंग वाटिका की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) एवं सफदरजंग अस्पताल में बुधवार को ल्लउमंग वाटिका-सेंसरी गार्डनक्क की शुरुआत की गई। यह उत्तर भारत में किसी सरकारी संस्थान में अपनी तरह का पहला सेंसरी गार्डन है। इस पहल का उद्देश्य न्यूरो-डेवलपमेंटल आवश्यकताओं वाले बच्चों में संवेदी उत्तेजना, भावनात्मक कल्याण एवं समग्र विकास को बढ़ावा देना है। वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल के निदेशक डॉ. (प्रो.) संदीप बंसल ने कहा कि उमंग वाटिका- सेंसरी गार्डन का उद्घाटन वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल के लिए गर्व और अत्यंत सार्थक क्षण है। उत्तर भारत में किसी सरकारी संस्थान में अपनी तरह का पहला सेंसरी गार्डन होना समावेशी एवं बाल-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अस्पतालों का दायित्व केवल शारीरिक उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि विशेष रूप से न्यूरो-डेवलपमेंटल चुनौतियों वाले बच्चों के भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक कल्याण को भी देखना है। उन्होंने कहा कि उमंग वाटिका को एक उपचारात्मक एवं प्रेरक वातावरण के रूप में सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है, जो संवेदी एकीकरण, भावनात्मक संतुलन तथा समग्र विकास में सहायक है। ऐसे स्थान चिकित्सा उपचार और पुनर्वास को प्रभावी रूप से पूरक बनाते हैं। उन्होंने मीडिया को बताया कि उमंग वाटिका परियोजना सार्वजनिकऽनिजी भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह सेंसरी गार्डन अस्पताल में आने वाले बच्चों के लिए थेरेपी, पुनर्वास और भावनात्मक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, साथ ही समावेशी और मानवीय स्वास्थ्य सेवा के प्रति वीएमएमसी एवं एसजेएच की सतत प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगा।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारु बाम्बा, वीएमएमसी की प्राचार्य डॉ. गीतिका खन्ना, बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप देबता, एएमएस डॉ. रेखा तिर्की, डॉ. तिलक राज, डॉ. आर. पी. सैनी, अशोक पाल (डीडीए) कैलाश पाल (ओएनएस); सीएसआर टीम तथा डॉ. रचना सहगल, प्रभारी, पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी डिवीजन सहित संकाय सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उमंग वाटिका प्रभावी सार्वजनिकऽनिजी भागीदारी (पीपीपी) का सशक्त उदाहरण है जिसकी परिकल्पना एवं क्रियान्वयन आस्था संस्था ने की। वित्तीय साझेदारी आर स्क्वेयर्ड फाउंडेशन की रही, कार्यान्वयन सीपीडब्ल्यू एवं एसजेएच द्वारा किया गया तथा डिज़ाइन संबंधी सुझाव किलीकिली द्वारा प्रदान किए गए।

# संक्षिप्त समाचार

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के वांछित अपराधी अमन का सीबीआई ने कराया प्रत्यर्पण

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से वांछित अपराधी अमन कुमार उर्फ अमन भैंसवाल को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण कराया। प्रत्यर्पण के बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर हरियाणा पुलिस की टीम ने हिरासत में ले लिया। सीबीआई के अनुसार, अमन हत्या, दंगा और आपराधिक साजिश जैसे गंभीर मामलों में वांछित था। वह कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई की गैंग का सक्रिय सदस्य है। अमन को पहले भारत में गिरफ्तार किया गया था और बाद में जमानत पर रिहा किया गया, लेकिन उसने मुकदमे का सामना नहीं किया और फरार हो गया। हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने इंटरपोल के जरिए उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी कराया। इसके बाद उसे अमेरिका में ट्रेस कर सफलतापूर्वक भारत प्रत्यर्पित किया गया। सीबीआई ने बताया कि पिछले कुछ साल में इंटरपोल चैनलों के जरिए 150 से अधिक वांछित अपराधियों को भारत वापस लाया गया है।

## पर्व और सांस्कृतिक आयोजन समाज में मेलजोल और संस्कार बढ़ाने का माध्यम: सुरेंद्र भटेजा

हरिद्वार,। हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने नव वर्ष, लोहड़ी और मकर संक्रांति के अवसर पर धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा ने कहा कि पर्व और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में मेलजोल, संस्कार और सौहार्द बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बुधवार को बीएचईएल सामुदायिक केंद्र में आयोजित समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा, महामंत्री संदीप वैष्णव, कोषाध्यक्ष सुनील अरोड़ा और अतिथि नितिन शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष कोहली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सुरेंद्र भटेजा ने लोहड़ी और मकर संक्रांति को संस्कृति के सशक्त प्रतीक बताते हुए कहा कि ये पर्व समाज में सहयोग, एकता और सकारात्मक संदेश फैलाने का माध्यम हैं। कार्यक्रम में नन्हे कलाकारों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी,जबकि राजू जादूगर ने अपनी जादू कला से सबका मनोरंजन किया। बंटी डांस ग्रुप ने भारतीय संस्कृति से जुड़े नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति दी। बच्चों और महिलाओं ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया और तंबोला राउंड में सभी ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। समारोह में राजकुमार अरोड़ा, मनोज अग्रवाल,सुरेश साहनी,बंसल अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में डिस्ट्रीब्यूटरों और रिटेलरों के परिवार मौजूद रहे।

## राष्ट्रपिता का अपमान कर राजग सरकार: रौशन सिंह

पटना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पटना जिला के पर्यवेक्षक रोशन कुमार सिंह ने कहा की देश की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान कर रही है और उनके सपने को चकनाचूर कर रही है। सिंह पटना महानगर कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारीयों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता पटना महानगर कांग्रेस अध्यक्ष शशि रंजन ने किया।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से महात्मा गांधी जी के नाम पर नेशनल रोजगार गारंटी योजना कांग्रेस सरकार के द्वारा शुरू की गई थी उसका नाम बदलकर न जी राम जी करना यह साबित करता है कि भाजपा और राजग सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरोधी है और देश से उनके नाम को मिटाना चाहती है। भाजपा के नेताओं के द्वारा धर्म के नाम पर प्रदेश के नाम पर संप्रदाय के नाम पर एवं पौराणिक धरोहरों का नाम बदलकर देश में अलगाववाद को बढ़ावा दे रही है। कांग्रेस पार्टी उनके मन सुबह को कभी सफल होने नहीं देगी और पूरे देश में इनके खिलाफ आंदोलन को मजबूत करेगी। इस मौके पर कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी इन्द्रदीप चंद्रवंशी, शमीम अख्तर, चंदन कुमार, शिवम् राज, कमलेश पांडेय, विकास कुमार सिंह, हेमंत चतुर्वेदी, राजेश कुमार पावन कुमार केसरी सहित सभी जिला पदाधिकारीयों के साथ प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे।

## पश्चिम चंपारण में नहीं बन पा रहा किसानों का फार्मर आईडी

बेतिया। किसानों के नाम पर बन रहे फार्मर आईडी में किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।पिता व बाप दादा के नाम पर अभी भी अस्सी प्रतिशत किसानों की जमाबंदी संचालित हो रहे हैं। जिससे किसानों को आईडी बनवाने में काफी परेशानी हो रही है। किसान मनोज तिवारी,राजन दुबे, रामाकांत यादव, नंदकिशोर प्रसाद, जैनुद्दीन मियां,शोभी महतो आदि ने बताया कि जमीन उनके पिता व दादा के नाम पर दर्ज है।अंचल में भी कई बार अपने नाम कराने के लिए पहले आवेदन दिया गया था लेकिन कोई ना कोई कागजात की मांग कर उनका जमाबंदी सही नहीं किया गया।जिसके कारण आज भी उनकी जमीन उनके बाप,दादा के नाम पर ही है और किसानो के नाम पर जब तक जमाबंदी नहीं चढ़ रहा है तब तक उनका फार्मर आईडी नहीं बन रहा है और सैकड़ों किसानो को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी बंद होने का डर सता रही है। ऐसा मामला बरदाहां पंचायत भवन में बुधवार को लगे फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में भी इस तरह का की मामला देखने को मिला। जहां कुछ किसानों से बक झक भी हो गई।जहां मुखिया राजहरन कुमार के द्वारा किसानों को समझा बुझाकर कर मामला शांत कराया गया।

## डीएम विनोद दूहन ने भरगामा प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

अररिया। डीएम विनोद दूहन द्वारा बुधवार को भरगामा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया तथा इस दौरान प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण कर कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। समीक्षा बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, एलएसबीए, मनरेगा, प्लांटेशन, डब्ल्यूपीयू तथा फार्मर रजिस्ट्रेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी योजनाओं को पारदर्शी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू करने का निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लाभुकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचना चाहिए। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसान पंजीकरण की प्रक्रिया, कार्य में संलग्न राजस्व कर्मचारियों, किसान सलाहकारों एवं अन्य संबंधित कर्मियों से जानकारी प्राप्त की।

# शिविर में नदारद अधिकारियों का डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण, कटेगा वेतन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। जनजन की सरकार, जनजन के द्वार अभियान के तहत बुधवार को न्याय पंचायत भेटियारा में जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड डुंडा की न्याय पंचायत भेटियारा के राईका धौंतरी में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता व गंगोत्री विधायक की उपस्थिति में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता करते हुए आमऽजनमानस की समस्याओं को सुना गया तथा उनका मौके पर निस्तारण किया गया। न्याय पंचायत भेटियारा में आयोजित शिविर में कुल 27 लिखित शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से विधायक सुरेश चौहान व जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की उपस्थिति में 15 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष जटिल समस्याओं के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सीरी गांव के ग्रामीणों द्वारा सिंचाई की समस्या विधायक के सम्मुख रखी जिस पर विधायक सुरेश चौहान द्वारा लघु सिंचाई को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। धौंतरी में पेयजल की समस्या पर विधायक द्वारा पेयजल निगम के अधिकारयों को एक सप्ताह में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पूर्व प्रधान राजू दास व ग्रामीणों द्वारा धौंतरी में पुलिस चौकी के स्थानांतरण का मुद्दा उठाया जिसके लिए विधायक सुरेश चौहान द्वारा पुलिस चौकी को यथावत रखने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। राजू दास द्वारा अन्य शिकायत वन विभाग के कर्मचारियों का क्षेत्र में नहीं मिलने की दर्ज कराई जिस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग के संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को शुक्रवार और शनिवार को क्षेत्र में रहने के निर्देश दिए। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर विधायक द्वारा अवगत कराया कि इस पर कार्यवाही चल रही है समस्या का शीघ्र निराकरण हो जाएगा। ग्रामीणों द्वारा उड़री, चौड़ियाट और सीरी के जर्जर विद्युत पोल की समस्या पर विधायक द्वारा संबंधित विभाग को एक सप्ताह में बदलने के निर्देश दिए। शिविर में नदारद अधिकारियों का डीएम ने स्पष्टीकरण कर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये है। शिविर में जिलाध्यक्ष भाजपा नागेन्द्र चौहान, दर्ज़ा राज्यमंत्री राम सुंदर नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार, ज्येष्ठ प्रमुख प्रतिनिधि अब्बल सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष सते सिंह राणा,समन्वयक अरविंद बिष्ट, मंडल अध्यक्ष राजीव नौटियाल, मंडल महामंत्री बलबीर चौहान, यशवीर पयाल, ग्राम प्रधान कुसुम बहुगुणा,क्षेत्र पंचायत सदस्य भेटियारा मीना नौटियाल, एपीडी रमेश चन्द्र, खंड विकास अधिकारी दिनेश जोशी, न्याय पंचायत नोडल अधिकारी पीयूष आर्य सहित, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटुडा अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## पंजाब के स्कूलों में 13 जनवरी तक बढ़ाई गईं सर्दी की छुट्टियां

चंडीगढ़। पंजाब में पड़ रही कड़ाके की ठंड के मद्देनजर राज्य सरकार ने स्कूलों में शीतकालीन अवकाश 13 जनवरी तक बढ़ा दिया है। पंजाब के स्कूल पहले एक जनवरी को खुलने थे, लेकिन घने कोहरे व ठंड के कारण सरकार ने सात जनवरी तक छुट्टियां बढ़ाई थी। पंजाब में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने बुधवार को बताया कि पंजाब के 18 जिले घने कोहरे की चपेट में है, जिसके चलते अब सरकार ने 13 जनवरी तक छुट्टियां बढ़ा दी हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों और स्टाफ की सेहत व सुरक्षा को देखते हुए स्कूलों की छुट्टियां 13 जनवरी तक रहेंगी। यह आदेश सभी सरकारी, एडेड, मान्यता प्राप्त और प्राइवेट स्कूलों पर लागू होंगे। शिक्षा निदेशालय की तरफ से भी इस संबंध में राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

# भोजपुर जदीद पैक्स बैंक गबन मामला गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बक्सर। नया भोजपुर में संचालित भोजपुर जदीद पैक्स बैंक से जुड़े कथित गबन मामले ने अब गंभीर रूप ले लिया है। जनता दरबार में एसपी द्वारा कार्रवाई के निर्देश के बाद बुधवार को बड़ी संख्या में जमाकर्ता सामूहिक रूप से नया भोजपुर थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। खाताधारकों ने बैंक प्रबंधन पर करीब दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि गबन करने का आरोप लगाते हुए चार नामजद आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहकारिता विभाग भी सक्रिय हो गया है। सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं संयुक्त निबंधक सहयोग समिति, पटना प्रमंडल के संतोष कुमार झा ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र जारी कर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जमाकर्ताओं का कहना है कि वे कई वर्षों से बैंक में बचत, फिक्स्ड डिपॉजिट और रिकरिंग डिपॉजिट के माध्यम से राशि जमा करते आ रहे थे। वर्ष 2023 में जमा राशि परिपक्व होने के बाद जब भुगतान के लिए बैंक पहुंचे तो उन्हें लगातार टालमटोल किया गया। कुछ समय बाद बैंक शाखा पर ताला लटका मिला, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई। पीड़ितों के अनुसार बैंक में कुल जमा राशि करीब 1.80 से दो करोड़ रुपये के बीच है। आरोप है कि बैंक प्रबंधन ने आपसी मिलीभगत से राशि हड़प ली। छोटे व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं का पैसा एजेंटों के माध्यम से जमा कराया गया था, लेकिन एजेंट अब लापता हैं। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

# जोगबनी सीमा पर तस्कर केरिंग संचालक की चांदी,सीमा पार दो दिनों में दो बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया । जोगबनी सीमा से इन दिनों तस्कर केरिंग संचालक की चांदी कट रही है। जोगबनी सीमा से दिन भर केरिंग संचालक के केरियर की लाइन लगी लगी होती है,जो बिना रोक टोक लाइन लगाती है।वहीं पारिवारिक कार्य से नेपाल जा रहे लोगो को जांच की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, लेकिन तस्कर के बोरा मे क्या है, इसे कोई देखने वाला नहीं जिससे कई सवाल उठने लगे हैं।

नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा दो दिन मे दो बड़ी कार्रवाई की गई।अगर बीते चार महीने के दौरान की कार्रवाई पर नजर डाले तो उससे साफ पता चलता है कि तस्कर किस तरह से सीमा क्षेत्र मे अपने कारोबार को बिना अवरोध संचालन कर रहे हैं।

नेपाल सशस्त्र पुलिस बल मोरंग के द्वारा विराटनगर बिजली ऑफिस के समीप से भारत से तस्करी कर अवैध खाद्य पूरक सामग्री लोड किए गए ट्रक नियंत्रण में लेने के बाद जोगबनी से केरिंग के मार्फत नेपाल पहुंच रहे महुआ का बड़ा खेप का खुलासा हुआ। मामले की पुष्टि करते हुए सशस्त्र प्रहरी बल मोरंग के प्रमुख एसपी राजेश घिमिरे ने बताया की केरिंग के मार्फत तस्करी कर लाए गए फूड सप्लीमेंट्री को विराटनगर में संकलन कर नकली बिल बना कर धरान सहित अन्य जिले में भेजने की सुचना पर ट्रक सहित सामग्री जब्त कर भंसार को सुपुर्द किया गया है।एसपी घिमिरे के अनुसार ट्रक चालक मोरंग के धनपालथान निवासी रोशन कुमार राजवंशी को भी हिरासत में लिया गया है,जिसने कई चौकाने वाले खुलासे किए हैं।

कोसी प्रदेश के सशस्त्र पुलिस बल के डीआईजी कुमार न्योपाने के अनुसार सीमा क्षेत्र मे विशेष निगरानी की जा रही है इसी क्रम मे जोगबनी के सीमा क्षेत्र से ऑनलाइन डिलेवरी के नाम पर कपड़े की तस्करी का भी खुलासा हुआ है। ऑनलाइन डिलेवरी के नाम पर कपड़े की तस्करी का भंडाफोड़ हुआ है, जिसमे लाखो रूपये के कपड़े तस्करी का बरामद किया गया। भारतीय सीमा के बाद नेपाल में सशस्त्र पुलिस बल की दो दिनों की कार्रवाई स्पष्ट करती है कि जोगबनी सीमा पर तस्कर केरिंग संचालक अवैध तरीके से नेपाल और भारत दोनों के राजस्व को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# लुधियाना में सरकारी दफ्तरों की रेकी करते खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो गुर्गे पकड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़ । पंजाब पुलिस ने लुधियाना में सरकारी दफ्तरों की रेकी करते हुए खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह किसी सरकारी दफ्तर में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पिछले साल अगस्त माह में सरकारी दफ्तरों में हमले का इनपुट मिलने के बाद से सक्रिय सुरक्षा एजेंसियों और जिला पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिए थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना के साथ मिलकर खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों विदेशी हैंडलरों के निर्देशों पर टारगेट किलिंग की योजना बना रहे थे। इनके कब्जे से एक 9 एमएम पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित यूके और जर्मनी में स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे, जो खालिस्तान कमांडो फोर्स से जुड़े हुए हैं। उनके निर्देशों पर दोनों आरोपितों ने साजिश के तहत लुधियाना में सरकारी और प्रमुख कार्यालयों की रेकी की थी। डीजीपी ने बताया कि दोनों आरोपितों को कुछ लोगों के बारे में जानकारी जुटाने के साथ जमीनी स्तर पर काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वो अब कुछ विशिष्ट लोगों की जानकारी जुटाकर अपने आकाओं को देने के साथ जमीनी स्तर पर काम कर रहे थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063